स्पष्ट आवाज़

लखनऊ

गुरुवार, 14 मार्च, 2024 वर्ष : 20, अंक: 258 पृष्ठ: 12

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्य: ₹ 3

बेरोजगारी, महंगाई का सामना कर रहा है देश -पेज-12

आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)
सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज
लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219
9455555965, 9415133977

मेड इन इंडिया चिप भारत को बनाएगी आत्मनिर्भर : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को 'इंडियाज टेकेडः चिप्स फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम में हिस्सा लिया और लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये की 3 सेमीकंडक्टर सुविधाओं की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आधारशिला रखी।

इन मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटीज में से एक असम के मोरिगांव और दो गुजरात के धोलेरा और सानंद में स्थापित होंगी। सेमीकंडक्टर को भविष्य के विकास का द्वार बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज के निर्णय और नीतियां हमें भविष्य में रणनीतिक लाभ देंगी। 21वीं सदी प्रौद्योगिकी-संचालित है। इलेक्ट्रॉनिक चिप्स के बिना दुनिया की कल्पना नहीं की जा सकती। मेड इन इंडिया चिप भारत को आत्मनिर्भरता की तरफ ले जाएगी। चिप मैन्युफेक्चरिंग सिर्फ एक इंडस्ट्री नहीं है, ये विकास का वो दरवाजा खोलती है, जो असीम संभावनाओं से भरा है। इस सेक्टर से भारत में रोजगार के नए अवसर बनने वाले हैं। 'मेड इन इंडिया' और 'डिज़ाइन इन इंडिया' चिप भारत को नई उपलब्धियां हासिल करने में मदद करेंगी। आत्मनिर्भरता में नए मील के पत्थर हासिल करने में मदद करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का ऐतिहासिक अवसर भारत के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

आज की परियोजनाएं भारत को सेमीकंडक्टर हब बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि चिप उत्पादन से विकास और असीम संभावनाओं के द्वार खुलेंगे है। इससे रोजगार के नए अवसर बनने के साथ तकनीकी विकास के क्षेत्र में भी बड़ी प्रगति होगी। पिछली सरकारों पर भारत के सेमीकंडक्टर सपने को नजर अंदाज करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने 1960 के दशक में सेमीकंडक्टर निर्माण का सपना देखा था लेकिन पिछली सरकारों की इच्छाशक्ति और प्रतिबद्धता की कमी के कारण यह सपना अधूरा रह गया। उनका अदूरदर्शी दृष्टिकोण भारत की प्राथमिकताओं और क्षमताओं को संतुलित नहीं कर सका, जिससे सेमीकंडक्टर क्षेत्र के विकास में देरी हुई। मोदी ने कहा कि आज युवा देख रहे हैं कि भारत किस तरह आत्मनिर्भरता के लिए, ग्लोबल सप्लाई चेन में अपनी उपस्थिति के लिए चौतरफा काम कर रहा है। इन प्रयासों से उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आत्मविश्वास से भरा युवा कहीं भी हो, वो अपने देश का भाग्य बदल देता है।

हम एक तरफ देश में तेजी से गरीबी कम कर रहे हैं और दूसरी ओर भारत में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहे हैं, देश को आत्मनिर्भर भी बना रहे हैं। सिर्फ 2024 में ही अब तक 12 लाख करोड़ रुपए की योजना का लोकार्पण-शिलान्यास हो चुका है।

यूपी में निवेश का बेहतर माहौल

लखनऊ। प्रदेश सरकार की ओर से 30826 करोड़ के मेगा ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे सीएम योगी का अपर मुख्य सचिव एमएसएमई अमित मोहन प्रसाद ने रामायण पर आधारित पुस्तक भेंट करके स्वागत किया। इस दौरान सीएम ने भूखंड आवंटन पोर्टल का शुभारंभ किया। साथ ही टूल किट भी बांटे। इस अवसर पर योगी ने कहा कि यूपी में निवेश आ रहा, रोजगार मिल रहा है। आत्मनिर्भर भारत में एमएसएमई सेक्टर अहम है। एमएसएमई सेक्टर को आगे बढ़ाने की कोशिश निरंतर की जानी चाहिए। पहले कोई यूपी में निवेश नहीं करना चाहता था। सुरक्षा का माहौल देना सरकार का कर्तव्य है। आज प्रदेश में निवेश के लिए बेहतर माहौल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वित्त वर्ष समापन से पहले लोन वितरण कार्यक्रम पिछले साल की तुलना में 2 गुना है और पिछले 7 साल से तुलना करें तो 10 गुना ज्यादा लोन बांटा गया है। ये उत्तर प्रदेश की आर्थिक उन्नति का सबसे सशक्त और सटीक संकेतक हैं। इसके लिए बैंकों को भी मैं बधाई देता हूं। विश्वकर्मा श्रम सम्मान और एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत टूल किट दिए गए हैं।

गरीब परिवारों की महिलाओं को हर साल देंगे एक लाख

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने महिलाओं को न्याय देने की गारंटी देते हुए बुधवार को कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर गरीब परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए की मदद दी जाएगी। श्री खडगे ने नारी न्याय गारंटी योजना की घोषणा करते हुए आज कहा कि इसके तहत कांग्रेस पार्टी महिलाओं के लिए देश में एक नया एजेंडा सेट करने जा रही है। उनका कहना था कि नारी न्याय गारंटी के अन्तर्गत कांग्रेस महिलाओं के लिए पांच घोषणाएँ कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं को न्याय देने के लिए जो पांच गारंटी दी है उनमें पहली महालक्ष्मी गारंटी है जिसके तहत गरीब परिवारों की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। दूसरी गारंटी आधी आबादी-पूरा हक की होगी जिसके तहत केंद्र सरकार की नयी नियुक्तियों में आधा हक महिलाओं को मिलेगा।

भाजपा की दूसरी लिस्ट जारी

●72 उम्मीदवारों में पीयूष गोयल गडकरी समेत कई मंत्री

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है। इस सूची में 72 उम्मीदवारों के नाम का एलान किया गया है। इसमें कई केंद्रीय मंत्रियों के भी नाम हैं। 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची में नागपुर से नितिन गडकरी और हमीरपुर से अनुराग ठाकुर को टिकट दिया गया है। एक दिन पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने वाले मनोहर लाल खट्टर करनाल से चुनाव लड़ेंगे। सूची में दिल्ली की दो लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवार उतारे गए हैं। इसके अलावा दादर एवं नगर हवेली की एक, गुजरात की सात, हरियाणा की छह, हिमाचल प्रदेश की दो, कर्नाटक की 20, मध्य प्रदेश की पांच, महाराष्ट्र की 20, तेलंगाना की छह, त्रिपुरा की एक और उत्तराखंड की दो लोकसभा सीट के लिए प्रत्याशी उतारे गए हैं। सूची में 14 महिला उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारा गया है। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी ने दो मार्च को अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने बताया था कि 16 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 195 सीटों के उम्मीदवार तय कर दिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी और गृह मंत्री अमित शाह के गांधीनगर से चुनावी मैदान में उतरने का एलान किया गया। 34 केंद्रीय एवं राज्य मंत्रियों के नाम भी इस सूची में थे। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल मुंबई नॉर्थ से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी कर्नाटक के धारवाड़ से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी महाराष्ट्र के नागपुर से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर करनाल से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। कर्नाटक के पूर्व सीएम बसवराज बोम्मई हावेरी से चुनाव लड़ेंगे। सांसद तेजस्वी सूर्या बेंगलुरु दक्षिण से चुनाव लड़ेंगे।

भाजपा नेता अनिल बलूनी उत्तराखंड के गढ़वाल से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। सिरसा से अशोक तंवर, अंबाला से बंटो कटारिया, भिवानी-महेंद्रगढ़ से धर्मबीर सिंह, गुरुग्राम से राव इंद्रजीत सिंह यादव और फरीदाबाद से कृष्णपाल गुर्जर को टिकट दिया गया है।

फर्जी शस्त्र लाइसेंस केस में मुख्तार को आजीवन कारावास

वाराणसी। माफिया मुख्तार अंसारी को 33 वर्ष 3 महीने 9 दिन पुराने गाजीपुर के फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में बुधवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। मामले में उस पर दो लाख दो हजार का जुर्माना लगा है। माफिया मुख्तार की सजा को लेकर 54 पेज का फैसला आया है। फैसले के दौरान सफेद टोपी और सदरी पहने मुख्तार मुंह लटकाए वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बांदा जेल से पेश हुआ। बांदा जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा अंतरराज्यीय गिरोह (आईएस-191) का सरगना और माफिया मुख्तार को आठवीं बार सजा हुई है। विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए कोर्ट) अवनीश गौतम की अदालत ने बुधवार को मुख्तार अंसारी को सजा सुनाई। इस दौरान मुख्तार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश किया गया। इसी अदालत ने ही

5 जून 2023 को अवधेश राय हत्याकांड में मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। मुख्तार को अब तक सात मामलों में सजा मिल चुकी है। आठवें मामले में दोषी करार दिया गया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, मुख्तार अंसारी ने 10 जून 1987 को दोनाली बंदूक के लाइसेंस के लिए गाजीपुर के जिलाधिकारी के यहां प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप था कि गाजीपुर के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के फर्जी हस्ताक्षर से संस्तुति प्राप्त कर उसने शस्त्र लाइसेंस प्राप्त किया था।

एनआरसी से है सीएए का संबंध : ममता बनर्जी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) से जुड़ा हुआ है, इसलिए वह इसका विरोध कर रही हैं। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि वह असम जैसे हिरासत केंद्र (डिटेंशन कैंप) पश्चिम बंगाल में नहीं चाहती हैं। उन्होंने कहा कि सीएए का संबंध एनआरसी से है इसलिए हम इसका विरोध कर रहे हैं। बनर्जी ने यह भी दावा किया कि सीएए लोकसभा चुनाव से पहले एक राजनीतिक चाल है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के उम्मीदवारों के चयन के खिलाफ अपने भाई बाबुन बनर्जी के बयान के बाद ममता बनर्जी ने उनके साथ सभी संबंध खत्म करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मैं और मेरा परिवार उनके (बाबुन बनर्जी) साथ सभी रिश्तों को खत्म करते हैं।

अर्थ आवाज़

निहार शांति पाठशाला ने 10 लाख छात्रों की बदली जिंदगी

नयी दिल्ली। एक देश के रूप में हमने शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाने में प्रगति की है, जिसमें ग्रामीण भारत भी शामिल है। शिक्षा किसी भी समाज में प्रगति का प्रमुख अभिप्रेरक है, इस उद्देश्य को साझा करने वाले ब्रांड निहार नैचुरल्स शांति बादाम आंवला ने शिक्षा कौशल को योगदान करने के तरीके के रूप में पहचाना है। ब्रांड ने गैर-लाभकारी संगठन लीप फॉर वर्ड के साथ साझेदारी की। अंग्रेजी भाषा दक्षता प्रोग्राम निहार शांति पाठशाना फनवाला को लॉन्च किया है। इस प्रोग्राम में शिक्षकों को उनकी मातृभाषा में शिक्षित करने के लिये फोनेटिक्स का इस्तेमाल किया जाता है, ताकि उन्हें आसानी से अंग्रेजी पढ़ाने में सक्षम बनाया जा सके। यह प्रोग्राम व्हाट्सएप्प और यूट्यूब पर उपलब्ध है, ताकि भारत के विभिन्न प्रांतों में इसकी पहुंच को बढ़ाया जा सके और अंग्रेजी भाषा को सभी के लिये सुलभ बनाया जा सके। सोमाश्री बोस अवस्थी चीफ मार्केटिंग ऑफिसर मैरिको लि ने कहा निहार नैचुरल्स शांति बादाम आंवला हेयर ऑयल ने ब्रांड के उददेश्य को पहचानने वाले ग्राहकों के साथ जो जुड़ाव बनाया है, उस पर हमें गर्व है। 2019 में निहार शांति पाठशाला फनवाला की शुरूआत ग्रामीण क्षेत्रों में स्टूडेंट्स के बीच पढ़ने एवं समझने की काबिलियत को विकसित करने के प्रारंभिक उददेश्य से की गई थी। 2023 में ब्रांड ने 1.4 लाख सरकारी स्कूलों के साथ साझेदारी की और 2 लाख शिक्षकों को सफलतापूर्वक शिक्षित किया। इस तरह इससे 142 जिलों में 10 लाख से ज्यादा विद्यार्थी सकारात्मक रूप से प्रभावित हुए।

मैक्स लाइफ का स्मार्ट वेल्थ एडवांटेज गारंटी इलीट प्लान पेश

नई दिल्ली। मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि ने नए स्मार्ट वेल्थ एडवांटेज गारंटी इलीट प्लान-स्वैग इलीट प्लान की पेशकश के साथ अपने गारंटीड सॉल्यूशंस पोर्टफोलियो के विस्तार का एलान किया। स्वैग सीरीज की ऑफरिंग्स जैसे स्वैग पार प्लान और स्वैग पेंशन प्लान की सफलता एवं ग्राहकों से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया को देखते हुए मैक्स लाइफ आधुनिक ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए इनोवेटिव सॉल्यूशंस पेश करने की अपनी प्रतिबद्धता पर आगे बढ़ रही है। मैक्स लाइफ के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ प्रशांत त्रिपाठी ने कहा भारत की महत्वाकांक्षी जरूरतों के साथ आज के समय में हर व्यक्ति ऐसे इंश्योरेंस सॉल्यूशंस चाहता है, जिसमें एडैप्टिबिलिटी और लंबी अवधि की वित्तीय सुरक्षा हो। हमारा नवीनतम स्मार्ट वेल्थ एडवाटेज गारंटी इलीट प्लान इसी जरूरत को पूरा करता है। इसमें एचएनआई सेग्मेंट को उनके लक्ष्य पूरे करने में मदद के लिए सेविंग्स ऑप्शन और जीवनभर की सुरक्षा का अनूठा मेल मिलता है, साथ यह भी सुनिश्चित होता है कि उनके प्रियजनों को जीवन के हर मोड़ पर सुरक्षा मिले। इनोवेशन मैक्स लाइफ के केंद्र में है और स्वैग इलीट प्लान ग्राहकों को स्वयं एवं अपने परिजनों के लिए वित्तीय रूप से सुरक्षित भविष्य निर्माण में सक्षम बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। एक संतुलित फाइनेंशियल पोर्टफोलियो के लिए विविधतापूर्ण निवेश विकल्पों को लेकर ग्राहकों के बीच मांग बढ़ रही है।

तमन्ना भाटिया बनी रसना की ब्राण्ड एम्बेसडर

नई दिल्ली। गर्मी के साथ ही हर साल की तरह इस साल भी रसना एक नए अभियान के साथ सामने आई है, जो न केवल उनके 21 विटामिन और मिनरल्स परप्रकाश डालता है जो हमें ऊर्जावान बनाते हैं, बल्कि उन भावनाओं को भी उजागर करता हैं। जो प्यार, खुशी, जोश और सफलता के विटामिन हैं। व्यापक अनुसंधान और उत्पाद स्वाद परिणामों के आधार पर, रसना को वास्तविक फलों के एक्सट्रैक्ट (अर्क) के साथ एक विटामिन, मिलरल और ग्लूकोज पेय के रूप में पुनः तैयार किया है। नया अभियान रसना के ग्राहकों और उनकी बढ़ती जरूरतों को समझने में मदद करने के लिए पूरे भारत में किए गए व्यापक बाजार अनुसंधान का परिणाम है। यह सामाजिक एवं आर्थिक आधार पर ए और बी परिवारों को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक, स्वस्थ और बेहतरीन स्वाद पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करता है और इसे एक स्वादिष्ट, गाढ़े और स्वास्थ्यवर्धक पेय के रूप में पुर्नस्थापित करता है, जो तर्कसंगत पहलुओं को संतुष्ट करने के साथ ऊर्जा, जोश, खुशी और सबसे महत्वपूर्ण विटामिन, विटामिन के साथ जुड़ाव बढ़ाने में उत्प्रेरक के रूप में काम करता है।

मृदुल को 1,54,800 डालर की स्कॉलरशिप



लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल महानगर कैम्पस के छात्र मृदुल यादव को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की ड्रेक्सल यूनिवर्सिटी द्वारा 1,54,800 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। मृदुल को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। छात्र ने इस सफ लता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया। सीएमएस प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने मृदुल की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने देते हुए बताया कि सीएमएस एसएटी (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

सपा की राज्य कार्यकारिणी का विस्तार

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने सपा की राज्य कार्यकारिणी में सन्तोष यादव निवासी मुगलचक अलीनगर मुगलसराय जनपद चन्दौली को प्रदेश सचिव तथा शशिकान्त दुबे निवासी ग्राम पाण्डेयपार उर्फ डड़वा पोस्ट राजगढ़ जनपद गोरखपुर को विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डा राजपाल कश्यप द्वारा कन्हैया निषाद निवासी ग्रामसभा असना पोस्ट असना जनपद कुशीनगर तथा विनय कुमार यादव निवासी ग्राम प्रान छपरा पोस्ट सलेमपुर जनपद देवरिया को समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

तुम बहुत खूबसूरत हो, का मंचन, उम्मीदें जिन्दा रखिये की सीख दी

लखनऊ। बीमारी शारीरिक हो या मानसिक, सकारात्मक सोच के साथ उम्मीदें जिंदा रखे तो सब ठीक हो जाता है। दृश्य भारती की ओर से संगीत नाटक अकादमी में तुम बहुत खूबसूरत हो नाटक ने उम्मीदें जिंदा रखने का संदेश दिया। यशपाल की कहानी को संजय त्रिपाठी के निर्देशन में प्रस्तुत नाटक में दिखाया गया कि एक मरीज की मानसिक हालत ऐसी हो जाती है, कि वो जीना ही नही चाहती है। हरफन मौला मरीज उमंग को सुगंधा के कमरे में शिफ्ट किया जाता है जो हर समय अपनी बातों से लोगों बस हंसाता रहता है। वो सुगंधा को देखता है कि वो हंसती नही, तब तो रात को उससे बात करने की कोशिश करता है तब मामा सुगंधा के अतीत में घटी हुई घटना के बारे में बताते है। कि सुगंधा तीन बहने थी माँ-बाप बचपन में ही खत्म हो गये थे पर बहुत दौलत छोड़ गये थे। लड़कियां धीरे-धीरे बड़ी हुई कॉलेज जाने लगी, कॉलेज में कोई ड्रेसकोड तो होता नहीं है, आप चाहे जैसे कॉलेज आये। उसके बोलने के ढंग, कपड़ो और पैसों पर सारा कॉलेज फिदा था, एक दिन कई लड़के उसके घर पर पार्टी देने आये और लड़कियों के साथ जबरदस्ती करने लगे, सुगंधा की दो बहनों की वो हालत कर दी कि दोनों बहनों ने एक ही रूपटटे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, सुगंधा यह सब छुपकर देखती रही जिसके कारण इस हालत में आ गयी। फिर क्या था उमंग अपनी बातों से सुगंधा को हंसाता ही नही, बल्कि उसके अन्दर जीने की ललक के साथ प्यार का भी अहसास कराता। जैसे ही उमंग को लगता है कि अब सुगंधा ठीक हो गयी है। तब वो गायब हो जाता है। अंत में भेद खुलता है कि वो उमंग नहीं बहुत बड़े डॉक्टर है जो लोगों का इस तरीके से इलाज करते है। नाटक में काव्या मिश्रा, गिरिराज किशोर शर्मा, आर्यमान गौतम, तनीश सिददीकी, प्रिया यादव, अक्षत ऋषि, अनुराग शुक्ला, यूआँग गुप्ता, पूनम और शिवानी ने भूमिका निभाई।

युवती ने की आत्महत्या

हैदरगढ़ बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। थाना लोनीकटरा अंतर्गत मंझूपुर गांव में बुधवार की दोपहर एक 21 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद की पुत्री काजल का विवाह लगभाग एक वर्ष पहले जनपद लखनऊ के थाना मोहनलालगंज के जगन्नाथपुर गांव से हुआ था। बताते हैं कि मृतका के पिता व उसके ससुराल वालों के बीच कुछ अनबन हो गई थी।तब से मृतका मायके में रह रही थीं। पिता अपनी बेटी का दूसरा विवाह करना चाह रहे थे। जबकि मृतका अपनी ससुराल जाना चाहती थी। आज जब परिवारीजन घर से बाहर थे, तभी दोपहर में काजल घर के एक कमरे में छत से साड़ी के फंदे से लटक गई। बाहर से वापस लौटे परिवारीजन कमरे में गए तो बेटी को फांसी पर लटका देख सन्न रह गए।सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची लोनीकटरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

बीडीओ ने गौशाला का किया निरीक्षण

हैदरगढ़ बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। बुधवार दोपहर खंड विकास अधिकारी हैदरगढ़ ने जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत जमीन हुसैनाबाद में स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लगभग 3ः00 बजे पहुंचे खंड विकास अधिकारी संदीप गुप्ता ने गौशाला की चाक चौबंद व्यवस्था देख ग्राम प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह सोनू की तारीफ की और कहा कि गौशाला में मौजूद पशुओं को हर समय बांध कर न रखें कुछ समय के लिए खुला भी छोड़े। गौशाला में रह रही गायों के खाने-पीने एवं साफ सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया।

वंचितों को वरीयता-मोदी सरकार की गारंटी:भूपेंद्र सिंह

■पीएम-सूरज पोर्टल के लॉन्चिंग कार्यक्रम में बोले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष।
■योजनान्तर्गत जिले के 1168 पात्र बने लाभार्थी।

बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)।भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि गरीबों व वंचितों को सामाजिक न्याय के तहत अग्रिम पंक्ति में खड़ा करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है।मोदी ने देश के गरीबों ,किसानों,महिलाओं एवम युवाओं को केंद्र में रखकर बीते दस वर्षो में कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं।प्रदेश अध्यक्ष बुधवार को कलेक्ट्रेट के लोक सभागार में पीएम -सूरज राष्ट्रीय पोर्टल के लॉन्चिंग पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि सोशल इंजीनियरिंग के तहत मोदी सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पारित करा कर आधी आबादी के सम्मान को संबल प्रदान किया है। मोदी सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं के चलते बीते दस वर्षो में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले है जो मोदी सरकार के दौरान देश में ईज ऑफ लिविंग में सुधार की पुष्टि करता है।खाद्य एवम रसद राज्य मंत्री ने पीएम सूरज योजना के सभी लाभार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी।जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने सभी का आभार ज्ञापित किया।इसके पूर्व सभी ने प्रधानमंत्री मोदी का लाइव उद्बोधन सुना एवम प्रदेश अध्यक्ष ने लाभार्थियों को प्रमाणपत्र एवम किट वितरित किए।संचालन आशीष पाठक ने किया।इस अवसर पर एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल राज,राजरानी रावत,एमएलसी अंगद सिंह,विधायक दिनेश रावत,डीएम सत्येंद्र कुमार,एसपी दिनेश कुमार सिंह,शशांक कुसुमेश,बैजनाथ रावत,विजय आनंद बाजपेई मौजूद रहे।

आर्यावर्त बैंक ने वित्त वर्ष में ऋण किए वितरित

पीएम-सूरज योजनान्तर्गत चयनित 706 लाभार्थियों को आर्यावर्त बैंक ने वित्त वर्ष में कुल 10.18 करोड़ के ऋण किए। इस अवसर पर बैंक के सहायक महाप्रबंधक संजीव कुमार मौजूद रहे।

सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वार का किया उद्घाटन

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में भाजपा पदाधिकारियों से मुलाकात की तथा असैनी मोड़ पर एमएलसी एवम जिला प्रभारी अवनीश सिंह द्वारा अपनी निधि से बनवाए गए द्वार का नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया।

आश्वासन के बावजूद नहीं हटा चक मार्ग से कब्जा, दिया ज्ञापन

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। भारतीय किसान यूनियन धर्मेंद्र गुट के जिला अध्यक्ष मायाराम यादव द्वारा एक ज्ञापन जिला अधिकारी बाराबंकी को सौपा गया जिसमें कहा गया है की योगी व मोदी राज में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे को लेकर बार-बार निर्देश देने के बाद भी तहसील रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी के क्रर्मचारियो को शासनादेश व उप जिलाधिकारी महोदय के आदेश खौफ नहीं हैं ग्राम सभा दिलोना परगना सूर्यपुर तहसील रामसनेहीघाट में चकमार्ग की गाटा संख्या 352 व नवीन परती की गाटा 353 राजस्व के अभिलेखों में दर्ज कागजात है जिसपर न्यायालय तहसीलदार रामसनेहीघाट द्वारा जुर्माना व बेदखली का आदेश पूर्व में हो चुका है पूर्व लेखपाल द्वारा उपरोक्त भूमि को सीमांकन कर ग्राम प्रधान के सुपुर्द कर दिया गया था लेकिन अवैध कब्जेदार वेदप्रकाश पुत्र शिव दास द्वारा पुनः जोतकर खेती की जा रही है जिसे खाली कराए जाने हेतु सैकड़ो बार प्रार्थना पत्र दिया गया परंतु प्रशासन द्वारा ना तो कब्जा हटाया गया और न ही अवैध कब्जेदार के विरुद्ध कोई कार्यवाही की गई यदि रास्ता गाटा 352व नवीन परती भूमि 353 राजस्व प्रशासन द्वारा 17 मार्च 2024 तक खाली करवा कर अवैध कब्जेदार के विरुद्ध कार्रवाई नहीं कराई जाती तो 18 मार्च 2024 से चक मार्ग स्थल पर ही ग्राम वासियों के साथ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ेगा जिसमें किसी भी अप्रिय घटना की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विभाग व शासन प्रशासन की होगी ।

प्रणव यादव सहित युवाओं को सपा ने दी जिम्मेदारी

रामसनेहीघाट बाराबंकी(स्पष्ट आवाज) ।विधानसभा दरियाबाद के पार्टी कार्यालय में आज दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में सपा पार्टी युवजन सभा का जिला उपाध्यक्ष प्रणव यादव को तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव को युवा टीम की जिम्मेदारी सौंपी जिसमें जगदीश अवस्थी को विधानसभा उपाध्यक्ष सोबेन्द्र सिंह विधानसभा प्रभारी,राम करन रावत को ब्लॉक प्रभारी बनाया गया। दरियाबाद विधानसभा अध्यक्ष विजय यादव गुड्डू नेता ने सभी युवा नेताओं को पद की जिम्मेदारी देते हुए स्वागत किया।कार्यक्रम को विधानसभा कार्यालय नगर पंचायत रामसनेहीघाट में रखा गया।जिसमें सभी युवा नेताओं में विधानसभा मीडिया प्रभारी सर्वेश यादव बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव अरविंद यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य अखिलेश गुरु जी ललतू सिंह विधानसभा सचिव मुरारी यादव दिलीप कुमार सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

ट्राईसाइकिल रेस का आयोजन कर दिव्यांगजन को मतदान के प्रति किया जागरूक

■सरोज कुमार प्रथम व द्वितीय स्थान पर हंसराज ने मारी बाजी

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम, बाराबंकी में किया गया। जिसके अन्तर्गत जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार द्वारा हरी झण्डी दिखाकर दिव्यांगजनों की ट्राईसाइकिल रेस का शुभारम्भ किया गया। रेस में कुल 08 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें श्री सरोज निवासी सद्दीपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, श्री हंसराज निवासी मैगलपुर द्वितीय विजेता एवं श्री समर सिंह निवासी समसीपुर तृतीय विजेता घोषित किये गये। दिव्यांगजन के द्वारा टीम ए एवं टीम बी बनाकर क्रिकेट का भी आयोजन किया गया है। टीम ए की कप्तानी श्री लालू यादव एवं टीम बी की कप्तानी श्री नागेश कुमार के द्वारा की गयी। जिसमें टीम ए विजेता रही। श्री आदित्य सैनी, मैन ऑफ द मैच घोषित किये गये। सभी विजेता एवं उपविजेता को जिला अधिकारी द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मतदान प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान करना बहुत जरूरी है। इस उत्सव में शामिल होकर देश को सशक्त बनाना हम लोगों का परम कर्तव्य व दायित्व है ।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर एक वोट की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अ सुदन, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अजाज खान, जिला विद्यालय निरीक्षक ओ पी त्रिपाठी, क्रीड़ा अधिकारी नरेश, डिप्टी कलेक्टर सुश्री श्वेता सहित भारी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

शिक्षक नवीन ज्ञान से अपडेट रहे तभी बच्चों की जिज्ञासा शांत कर पाएंगे : डीआईओएस

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने, प्रयोग के अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान, गणित एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अविष्कार योजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी ब्लॉक संसाधन केंद्र बंकी(बड़ेल) में आयोजित की गई। कार्यक्रम का समापन जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम समापन पर मुख्य अतिथि डीआईओएस ओ पी त्रिपाठी ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विज्ञान की रटी रटाई परिभाषा से बचना चाहिए, जिससे विज्ञान सरल और सुगम लगे। बच्चों के मन में बचपन में ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना चाहिए जिससे उनकी विज्ञान के प्रति रुचि बन जाये। उन्होंने कहा कि साइंस फोविया नहीं बल्कि कार्यकारण की खोज करना है। सरलतम रूप में बात करे तो जितना भी मशीनरी सिस्टम है वह सब एक प्रकार से विज्ञान ही है। कुम्हार मिट्टी के बर्तन बनाते समय चाक को उल्टी दिशा में घुमाते है, पंखा भी उल्टी दिशा में घूमता है ऐसा इसलिये की हमारी पृथ्वी एंटी क्लॉक वाइज (वामावर्त) दिशा में घूमती है। पृथ्वी की दिशा में यांत्रिक मशीनों के कार्य करने में बल कम लगता है और कार्य आसानी से होता है। शिक्षक अपने को नवीन ज्ञान से अपडेट रखे, आउटडेटेड ना हो तभी वह बच्चों की जिज्ञासाओं को शांत कर पाएंगे। कार्यक्रम में जनपद के 15 विकास खण्डों एवं एक नगर क्षेत्र के 100 शिक्षकों व 100 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिला स्तर पर गठित टीम के सदस्यों में वरिष्ठ प्रवक्ता डायट नवीन कुमार, प्रवक्ता जहीर अहमद, जीजीआईसी प्रवक्ता वंदना वर्मा, जीआईसी प्रवक्ता अनीश कुमार व जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी एजाजुल हक ने उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के मॉडल स्टालों का अवलोकन कर बच्चों से सवाल जवाब भी किये। निर्णायक टीम ने नगर क्षेत्र के कम्पोजिट स्कूल गांधी नगर के अर्पित को प्रथम स्थान, ब्लॉक मसौली के पीएमश्री विद्यालय के दयाशंकर वर्मा को द्वितीय, ब्लॉक रामनगर के यूपीएस दिवली के जयदीप को तृतीय, सूरतगंज के यूपीएस नंदउपारा के नवनीत सिंह चौथे, यूपीएस बड़ेल की नंदनी पांचवें, नगर क्षेत्र के कम्पोजिट स्कूल गुलरिया गार्दा के अमन खान छठे, ब्लॉक फतेहपुर यूपीएस बिशुनपुर के छात्र अमन कुमार सातवें, पूरेडलई के कम्पोजिट संसारा के आदर्श मौर्य आठवें, त्रिवेदीगंज यूपीएस लाही के हरिद्वार नवें, ब्लॉक बंकी यूपीएस पलिया मसूदपुर की सलोनी ने दसवां स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप 10 छात्रों को जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी ने प्रथम पुरस्कार 10,000 रुपये की धनराशि, द्वितीय पुरस्कार ? 7,500 एवं तृतीय पुरस्कार ?5000 के साथ ही अन्य 7 छात्रों को ? 2500 की नकद धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा 90 अन्य सभी प्रतिभागी छात्रों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में बैग, बॉटल, खेल उपकरण की किट आदि देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता डायट नवीन कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी देवा एवं बंकी राम नारायण यादव, बीईओ सिरौलीगौसपुर संजय रॉय, प्रवक्ता डायट जहीर अहमद, प्रवक्ता जीआईसी अनीश कुमार, प्रवक्ता जीजीआईसी वंदना वर्मा, जिला समन्वयक प्रशिक्षण, श्रीमती विनीता मिश्रा, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सुधा जायसवाल, अभियंता विश्वजीत राय, जिला गाइड कैप्टन ऋतु अग्निहोत्री, जिला व्यायाम शिक्षिका रितु पाठक, एसआरजी क्रमशः अवधेश पांडेय, पद्मजा त्रिपाठी, राहुल शुक्ला, जिला व्यायाम शिक्षक अनिल सिंह, एआरपीगण क्रमशः अरुण कुमार वर्मा, विपिन कुमार, ऋषि कुमार, मंजुला सिंह, सहित शिक्षक, मनोज चौधरी, ऋषि टंडन, उमेश चन्द्र, स्नेहा बैसवार, राम सरन मौर्या, अनुदेशक आलोक यादव, दिवाकर गाँधी आदि सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला स्काउट मास्टर राजेन्द्र त्रिपाठी एवं ए आर पी सुभाष तिवारी द्वारा किया गया।

गाजे बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा

रामसनेहीघाट बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। तहसील रामसनेहीघाट के ग्राम पंचायत सिल्हौर में भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत हुई। विकासखंड बनिकोडर के सिल्हौर ग्राम पंचायत में भव्य कलश यात्रा के साथ बुधवार को मनोज कुमार चौरसिया के निवास पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का चेतन दास जी महराज के आशीर्वाद से शुरुआत की गई।गाजे बाजे के साथ धूमधाम से कलश यात्रा गांव का भ्रमण करते हुए आदि गंगागोमती के तट लालेश्वर महादेव पर पहुँची जहाँ कलश में जल भरा गया। प्रत्येक दिन सुल्तानपुर अयोध्या पंडित शिवानाद मिश्र जी महाराज के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा सात दिवसीय होगी।

कलश यात्रा में मुख्य रूप से राम सजन चौरसिया श्री मती शांति देवी लवकेश चौरसिया, उदय नारायण पाठक ग्राम प्रधान जहावर लाल तिवारी, शंभू सरन पाठक, विशुन चौरसिया, मोहित चौरसिया, राधे श्याम यादव,राज, सर्वेश चौरसिया,,सहित क्षेत्र से भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

धूम्रपान से कैंसर, फेफड़े, हृदय, मस्तिष्क, गुर्दे, यकृत की होती हैं बीमारियां :सूर्यकांत

लखनऊ। विभागाध्यक्ष रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ एवं तंबाकू निषेध क्लीनिक के प्रभारी डॉ सूर्यकांत ने बताया कि भारत में लगभग 12 करोड़ लोग सक्रिय धूम्रपान करने वाले हैं और 63 प्रतिशत परिवार के सदस्य परोक्ष धूम्रपान करने वाले हैं। 30 प्रतिशत वयस्क सार्वजनिक स्थानों पर परोक्ष धूम्रपान करते हैं। जब कोई व्यक्ति धूम्रपान करता है, तो वह केवल 30 प्रतिशत धुआं ही ग्रहण करता है, जबकि बाकी का 70 प्रतिशत धुआं परोक्ष धूम्रपान वालों के जीवन को प्रभावित करता है या पर्यावरणीय तम्बाकू के धुएं के रूप में पर्यावरण को प्रदूषित करता है। बीड़ी पीना, सिगरेट पीने से भी अधिक हानिकारक है। तम्बाकू के धुएं में लगभग 7000 रसायन पाये जाते हैं जो मानव शरीर में विभिन्न स्वास्थ्य खतरों के लिए जिम्मेदार होते हैं और 70 रसायन कैंसरकारी होते हैं। परोक्ष धूम्रपान सक्रिय धूम्रपान जितना ही हानिकारक है। धूम्रपान से विभिन्न प्रकार के कैंसर और फेफड़े, हृदय, मस्तिष्क, गुर्दे, यकृत, आंत, हडिडयों आदि से संबंधित कई बीमारियाँ हो सकती हैं। इसके अलावा फेफड़ों की कार्यक्षमता कम हो जाती है, साथ ही प्रतिरक्षा भी कम हो जाती है। डॉ सूर्यकांत इंडियन सोसाइटी अगेंस्ट स्मोकिंग के पूर्व सचिव ने बताया कि वर्तमान समय में हवाई अडडे, होटल और रेस्तरां आदि में जो स्थान धूम्रपान के लिए चिन्हित किया जाता है वो धूम्रपान क्षेत्र शायद ही कभी सीओटीपीए (कोटपा अधिनियम) आवश्यकताओं के अनुरूप होते हैं और वास्तव में हमारी जनता को परोक्ष धूम्रपान के द्वारा स्वास्थ्य को कई खतरों में डाल रहे हैं। अतः इन स्थानों पर धूम्रपान क्षेत्रों को कोटपा अधिनियम के अनुकूल बनाने की आवश्यकता है या फिर इन क्षेत्रों में धूम्रपान पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगा देना चाहिए।

इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर भाजपा की झूठी सरकार को उखाड़ फेंके किसान, नौजवान : सुरेश

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। देश की भाजपा सरकार को झूठ बोलने में महारत हासिल है एक लड़ाई हमारे बुजुर्गो ने देश को आजाद कराने की लड़ी थी, अब एक लड़ाई आपको इंडिया गठबंधन के साथ इस देश से किसान, नौजवान विरोधी भाजपा की झूठी सरकार को उखाड फेंकने की लड़नी है क्योंकि भाजपा ने इस देश के नौजवानों को दो करोड़ नौकरी देने किसानों की आय को दुगना करने और जनता के खाते में 15 लाख रुपए भेजने का झूठा वादा और हसीन सपने दिखाकर अवाम को ठगने का काम किया है। देश और आवाम के हित में भाजपा की जनविरोधी सरकार को हटाना ही आपका इस चुनाव में मकसद होना चाहिए और यह तभी संभव है जब आप इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को भारी बहुमत से कामयाब बनाएंगे। उक्त उद्गार सदर विधायक धर्मराज यादव उर्फ सुरेश यादव ने आज विधानसभा क्षेत्र बाराबंकी के विकासखंड देवा के ग्राम बरेठी के किंगडम लान में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक में व्यक्त किया बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष हाफिज आयाज तथा संचालन समाजवादी पार्टी के कोषाध्यक्ष प्रीतम वर्मा ने किया विशेष अतिथि के रूप बैठक में पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया, गठबन्धन के संयुक्त प्रत्याशी तनुज पुनिया, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, रतनलाल राव, पूर्व विधानसभा परिषद के सदस्य अरविंद यादव मौजूद थे। सदर विधायक श्री यादव ने कहा कि पुनिया जी ने अपने कार्यकाल में संसदीय क्षेत्र को जो ओवर-ब्रिज की सौगात दी है उसे क्षेत्र की जनता कभी नहीं भूल सकती हमे क्षेत्र मे दौडना पुनिया जी ने सिखाया है, सैकड़ो की संख्या में प्रधान, बीडीसी और हजारों की संख्या में विधानसभा क्षेत्र की आवाम के बीच पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, रतनलाल, पूर्व एमएलसी अरविंद यादव, सुरेंद्र वर्मा, प्रदेश समाजवादी के सचिव सरताज चौधरी, सुरेश गौतम, राजेंद्र वर्मा फोटोवाला, सरजू शर्मा, के0सी0 श्रीवास्तव, मो0 इजहार सिद्दीक

पेपर लीक का आरोपी गिरफ्तार

पुलिस भर्ती

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। एसटीएफ यूपी को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। पिछले दिनों आयोजित की गई पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होने के बाद से यूपी एसटीएफ द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई करते हुए यूपी पुलिस ने पेपर लीक गिरोह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। एफआईआर दर्ज करने के बाद लगातार गिरफ्तारियां हो रही हैं। इसी बीच एसटीएफ को महेन्द्र शर्मा पुत्र रामफल को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। गिरफ्तार आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन, प्रश्नपत्र, उत्तर कुंजी बरामद की है। आरोपी को पिल्लुखेडा रेलवे फाटक के पास स्थित भारतीय स्टेट बैंक की बेसमेंट में बनी दुकान से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ पर पता चला कि कि इस कार्य में महेन्द्र पुत्र रामफल निवासी हरियाणा भी शामिल रहा है। जो वर्तमान में हरियाणा में छिपा हुआ है। गिरफ्तार आरोपी महेन्द्र शर्मा ने पूछताछ पर बताया कि दिनांक 15-02-2024 को उसके गांव के विक्रम पहल ने उसे इस काम में शामिल किया। यह दिल्ली पुलिस में काम करता है। विक्रम मुझे अपने साथ मानेसर गुरूग्राम स्थित रिसोर्ट लेकर गया था। जहां पर उसने बताया कि यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्न-पत्र आने वाला है। पेपर लीक कराने के काम में मेरा सहयोग करो तुमको भी एक दो लाख रूपये दूंगा। गुरूग्राम स्थित रिसोर्ट में करीब 300-400 परीक्षार्थी पहले से मौजूद थे तथा 10-12 बसों से अन्य परीक्षार्थी को लेकर गौरव चौधरी रिसोर्ट में आया था। रिसोर्ट का मालिक भी पहले से ही वहां मौजूद था। करीब 1000 परीक्षार्थी रिसोर्ट में आ चुके थे। जिसके बाद विक्रम पहल ने सबके साथ मीटिंग की। 16 फरवरी को लगभग 11 बजे विक्रम पहल अपने साथियों के साथ

यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा 18 फरवरी 24 की द्वितीय पाली का प्रश्न-पत्र व उत्तरकुंजी लेकर आया। उसके साथ मोनू शर्मा एवं कुछ अन्य लोग भी आये थे। विक्रम पहल लगातार अपने साथियों के सम्पर्क में था, जिनसे पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रश्न-पत्र आउट कराने को लेकर बात चल रही थी। अभिषेक शुक्ला व रवि के सम्पर्क में विक्रम पहले से था। क्योंकि कुछ दिनों पहले ही दिल्ली में किसी स्थान पर इन लोगों की यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर आउट कराने व ज्यादा से ज्यादा अभ्यर्थियों को गुरूग्राम स्थित रिसोर्ट में एकत्र करके उनको पेपर पढ़वाने की बात हुई थी।

मेरठ के सॉल्वर गैंग को महेंद्र ने बेचा था पेपर

18 फरवरी को हुए यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का सेकेंड शिफ्ट का पेपर आउट हुआ था। पिछले दिनों मेरठ एसटीएफ ने 6 लोगों को मेरठ के कंकरखेड़ा से अरेस्ट किया था। इन 6 लोगों से पुलिस और एसटीएफ ने पूछताछ की थी। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि उन्हें हरियाणा से किसी महेंद्र नाम के आदमी ने पेपर दिया था। इसके बाद एसटीएफ इन आरोपियों के जरिए महेंद्र की तलाश में जुटी थी। मंगलवार को एसटीएफ ने जींद के बराह खुर्द के रहने वाले महेंद्र पुत्र रामफल को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ब्रांच के बेसमेंट में बनी एक दुकान से अरेस्ट किया है। मेरठ एसटीएफ के एएसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी महेंद्र के मोबाइल में पेपर लीक कराने का फोटो, वीडियो भी एविडेंस के रूप में मिले हैं। साथ ही उसके पास 18 फरवरी सेकेंड शिफ्ट का पेपर, आंसर की भी मिली है। महेंद्र ने बताया कि विक्रम के साथ उस वक्त मोनू शर्मा निछला ढाकला जो झज्जर का रहने वाला है। सोनीपत का रहने वाला विक्रम दहिया और कुछ दूसरे लोग भी आए। विक्रम पहल लगातार मोनू और विक्रम दहिया के साथ कांट्रैक्ट में था, जिनके साथ उसकी पेपर आउट कराने को लेकर बात चल रही थी। इसमें अभिषेक शुक्ला और रवि भी शामिल थे। इन लोगों के साथ विक्रम पहल काफी दिन पहले से ही दिल्ली में मीटिंग कर चुका था। उस मीटिंग में ये लोग तय कर चुके थे कि यूपी पुलिस का पेपर लीक कराना है। ज्यादा से ज्यादा अभ्यर्थियों को हमें ये पेपर पढ़कर देना है। पेपर पढ़कर सुनाने के लिए मानेसर के रिसॉर्ट को चुना गया। यहां अभ्यर्थियों के साथ पेपर लीक की डील की गई।

निवेशकों ने नए यूपी पर विश्वास जताया : नन्दी

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। यूपी ग्लोबल इंवेस्टर समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए देश-दुनिया के निवेशकों ने नए भारत के नए उत्तर प्रदेश पर विश्वास जताया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उनके विश्वास पर यह प्रदेश पूरी तरह खरा उतरेगा। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने प्रदेश के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित उद्योगों, रिक्त पड़ी भूमि की स्थिति एवं नए उद्योगों की स्थापना से लेकर मूलभूत सुविधाओं के विकास को लेकर बुधवार को पिकअप भवन सभागार लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। जिसमें सभी अधिकारियों को उद्यमियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और बंद पड़ी व रिक्त चल रही भूमि पर नए उद्योग स्थापित करने के निर्देश दिए। बैठक में आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह, सीईओ इन्वेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश व अन्य यूपीसीडा के सभी क्षेत्रीय प्रबंधक एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

आज से रामस्वरूप विवि में तीन दिवसीय अनुभूति कार्यक्रम

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुभूति शुभारंभ 14 मार्च को किया जा रहा है। तीन दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक व रचनात्मक गतिविधियों से जुड़े दर्जनों कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगें। इस कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय व कॉलेज प्रतिभागिता करेंगें। राष्ट्रीय नीति वोकल फ ॉर लोकल का अनुसरण करते हुए इस वर्ष के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की थीम दिल से देसी रखी गयी है।

वैश्विकरण के दौर में अपने सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण व संपोषण करना विश्वविद्यालय के तौर पर हमारा कर्तव्य भी है और दायित्व भी है। पूरी दुनिया में भारत की छवि युवा राष्ट्र के रूप प्रखर है और राष्ट्र निर्माण की पूरी जिम्मेदारी युवा पीढ़ी के कंधों पर है। यही नई पीढ़ी नवीन भारत के निर्माण में मुख्य भूमिका का निर्वाहन करेगी। जिसमें श्रीरामस्वरुप मेमोरियल विश्वविद्यालय अपने सामाजिक व शैक्षणिक दायित्व निर्वाहन के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध है। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के चांसलर ई. पंकज अग्रवाल, प्रो.चांसलर ई. पूजा अग्रवाल, वाईस चांसलर प्रो.डा. देवेन्द्र कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार डा. नीरजा जिन्दल समेत कई गणमान्य लोगों द्वारा दीप प्रज्वलन किया जाएगा।

कार्यक्रमों की सूची में लाइव स्केचिंग लाइव पेंटिंग फेस पेंटिंग नुक्कड नाटक शब्द श्रृंखला वाटर डांस के साथ ही रॉक बैंड व कैफि यत यकवि सम्मेलन जैसै दर्जनों कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दूसरे दिन यानि 15 मार्च के कार्यक्रम में मुख्य रूप से नवांकुर टैटू मेकिंग फोटो टेल रंगोली साहित्यदीप दिल तो बच्चा है जी एवं जो हारा वही सिकन्दर के साथ-साथ नृत्य गायन मिस्टर एवं मिस अनुभूति फैशन शो व डी जेट्रेसर के साथ डीजे नाइट जैसै कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें।

तीसरे दिन यानि 16 मार्च के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्टार नाइट अनुभूति 2024 होगा जिसमें इंडियन आइडल फेम पवनदीप राजन एवं अरुणिता कांजीवाल शामिल होंगें।

गरीब और असहाय परिवारों के बच्चे पढ़ लिख कर करें उन्नति

● लेकिन शिक्षकों को नौनिहालों के भविष्य की कोई चिंता नहीं

मलिहाबाद, लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए करोड़ों रुपए बच्चों के भविष्य के लिए खर्च कर रही है और शिक्षक उनके मंसूबों पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं। एक मामला राजधानी के मलिहाबाद क्षेत्र से आया है। रुसेना मजरे चैना गांव में बने प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक की अनुपस्थिति लगातार होने के कारण बच्चों ने विद्यालय आना ही छोड़ दिया है। अभिभावकों ने तमाम बार इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की लेकिन जिम्मेदारों ने अपनी आंखें कान मूंद रखे हैं जिसके चलते नौनिहालों का भविष्य खराब हो रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी मलिहाबाद के अंतर्गत रूसेना मजरे चैना गांव में प्राथमिक विद्यालय केवल नाम का बनकर रह गया है। मात्र सैलरी पाने के लिए नौकरी पर शिक्षक भर्ती हो गए हैं। इस विद्यालय में कभी कभार हाजिरी लगाकर जिम्मेदार शिक्षक लौट जाते हैं जिसके चलते आस-पास के बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है जबकि सरकार चाहती है कि गरीब और असहाय परिवारों के बच्चे पढ़ लिखकर उन्नति करें लेकिन ऐसे शिक्षकों को नौनिहालों के भविष्य की कोई चिंता नहीं है। विद्यालय में जाकर बुधवार को जब पड़ताल की गई तो सुबह के 10 बजने के बाद भी वहां पर एकमात्र शिक्षामित्र मौजूद थे और कोई भी नौनिहाल मौजूद नहीं था। इस संबंध में जब गांव जाकर अभिभावकों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शिक्षक आते ही नहीं है। वह उच्च अधिकारियों से शिकायत भी कर चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है इसलिए बच्चे स्कूल जाते ही नहीं है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई दिन से प्रधानाध्यापक विद्यालय नहीं आए हैं वहीं सहायक अध्यापक का प्रशिक्षण लगने के कारण वह विद्यालय में नहीं पहुंच पा रहे हैं।

खंडहर में तब्दील हो रहा प्राथमिक विद्यालय

चैना प्राथमिक विद्यालय खंडहर में तब्दील होता चला जा रहा है। शिक्षकों के ना आने के कारण यहां की विद्यालय की स्थिति दयनीय हो चुकी है। हाल ही में विद्यालय में किन्हीं अज्ञात चोरों ने दरवाजा तोड़ डाला प्रधानाध्यापक को इस मामले की पूरी जानकारी है लेकिन फिर भी उन्होंने किसी भी तरह की इस मामले में कानूनी कार्यवाही किए जाने की कोई कोशिश नहीं की है। इस संबंध में जब खंड शिक्षा अधिकारी के नंबर पर संपर्क किया तो उनका फोन ही नहीं उठा अब देखना यह होगा कि इस गंभीर मामले पर उच्च अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं।

राज्यपाल ने मुख्य सूचना आयुक्त तथा 10 सूचना आयुक्तों को दिलाई शपथ

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में आयोजित एक समारोह में नवनियुक्त मुख्य सूचना आयुक्त राज कुमार विश्वकर्मा तथा 10 राज्य सूचना आयुक्तों को शपथ दिलाई। राज्यपाल ने सभी सूचना आयुक्तों को नवीन उत्तरदायित्व प्राप्त होने पर बधाई एवं सफल कार्य सम्पादन के लिए शुभकामनाएं भी दीं। शपथ लेने वाले सूचना आयुक्तों में सुधीर कुमार सिंह, गिरजेश कुमार चौधरी, डॉ. दिलीप कुमार अग्निहोत्री, पदुम नारायण द्विवेदी, स्वतंत्र प्रकाश, मोहम्मद नदीम, राजेन्द्र सिंह, शकुंतला गौतम, राकेश कुमार और वीरेन्द्र प्रताप सिंह शामिल हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने सूचना आयुक्तों से कार्य निष्पादन पर चर्चा भी की और उन्हें तीव्र कार्य निष्पादन, दृढ़ता से कार्य करने, कार्य निष्पादन के लिए सिस्टम बनाने और कार्य प्रणाली को ऑनलाइन करके पारदर्शिता बढ़ाने का सुझाव दिया। नवनियुक्त मुख्य सूचना आयुक्त राज कुमार विश्वकर्मा ने राज्यपाल को शुभकामनाओं हेतु आभार व्यक्त किया और जनता के सूचना के अधिकार को सुदृढ़ करने, लोगों तक उनके द्वारा वांछित सूचनाओं को उपलब्ध कराने तथा कार्यों में पारदर्शिता रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव प्रशासनिक सेवा एवं सचिवालय प्रशासन के. रवीन्द्र नायक, सचिव उप्र. सूचना आयोग जेपी चौरसिया, रजिस्ट्रार सूचना आयोग संदीप गुप्ता सहित अन्य अधिकारीगण तथा नवनियुक्त मुख्य सूचना आयुक्त एवं राज्य सूचना आयुक्तों के परिजन भी उपस्थित थे।

सीएचसी में टीकाकरण करने में लापरवाही

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। अलीगंज सीएचसी में बच्चे को वैक्सीन लगाने के दौरान हुई लापरवाही के मामले में सीएमओ ने जांच के आदेश दिए हैं। मंगलवार को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्ची के टीकाकरण के दौरान नर्स ने मां को इंजेक्शन लगा दिया। बाद में उसी नीडल से बच्ची को भी डोज दे दी। इसके बाद सीएचसी में जमकर हंगामा हुआ। प्रकरण की लिखित शिकायत सीएचसी अधीक्षक से कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई थी। इस बीच बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी की तरफ से प्रकरण की जांच के आदेश दिए गए हैं। लखनऊ के मडियांव निवासी अमन मिश्रा अपनी भाभी के साथ उनकी साढ़े तीन माह की बच्ची को नियमित टीका लगवाने पहुंचे थे। करीब साढ़े बारह बजे नर्स निर्मला जोशी ने बच्ची की जगह मां को ही टीका लगा दिया। इस बीच जब मां ने बताया कि बच्ची की टीका लगना हैं तो उसी ब्लड लगी निडिल से बच्ची के भी टीका लगा दिया। अलीगंज सीएचसी के अधीक्षक डॉ. सोमनाथ सिंह ने बताया कि बच्ची को टीका लगाने के दौरान कुछ गड़बड़ी हुई। नर्स से पूछताछ कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया बच्चों के नियमित टीकाकरण के लिए जो सिरिंज प्रयोग में लाई जाती है वह सिंगल यूज सिरिंज ही होती हैं। उसे दोबारा नहीं यूज किया जा सकता।

होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली के दौरान उत्तर रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

रेलगाड़ी संख्या	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	चलने के दिन	अवधि	स्थान	ठहराव
01053	लोकमान्य तिलक (ट)	12:15	बनारस	16:05	बुधवार	20 एवं 27.03.2024	प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य	कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पीपरईया, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर एवं प्रयागराज च्योकी स्टेशन।
01054	बनारस	20:30	लोकमान्य तिलक (ट)	23:55	गुरुवार	14 से 28.03.2024 तक		
01123	लोकमान्य तिलक (ट)	12:15	गोरखपुर जंक्शन	18:55	शुक्रवार	15 से 29.03.2024 तक	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य	ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ओरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ (जं.), गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।
01124	गोरखपुर जंक्शन	21:15	लोकमान्य तिलक (ट)	07:25	शनिवार	16 से 30.03.2024 तक		
01103	सीएसटी मुंबई	22:35	गोरखपुर जंक्शन	09:30	गुरुवार	14 से 28.03.2024 तक	प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य	दादर, ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ओरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ (जं.), गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।
01104	गोरखपुर जंक्शन	15:30	सीएसटी मुंबई	00:40	शनिवार	16 से 30.03.2024 तक		
05115	छपरा	17:45	आनन्द विहार (ट)	11:50	बुधवार	20 एवं 27.03.2024	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य	सिवान, देवरिया, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं. एवं मुरादाबाद स्टेशन।
05116	आनन्द विहार (ट)	14:45	छपरा	09:30	गुरुवार	21 एवं 28.03.2024		
05023	गोरखपुर जंक्शन	21:15	आनन्द विहार (ट)	13:15	रविवार	24 एवं 31.03.2024	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य	खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।
05024	आनन्द विहार (ट)	15:15	गोरखपुर जंक्शन	07:30	सोमवार	25.03 एवं 01.04.2024		
05097	टनकपुर	18:25	दौराई	13:40	शुक्र, सोम, बुध	22 से 29.03.2024 तक	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य	खटीमा, पीलीभीत, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेल सिटी, बरेली जं., चन्दौसी, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली जं., दिल्ली कैंट, गुरुग्राम, रेवाड़ी, नारनौल, नीम का थाना, श्रीमाधोपुर, रिंगस जं., फुलेरा जं., किशनगढ़ एवं अजमेर जं. स्टेशन।
05098	दौराई	16:05	टनकपुर	09:35	शनि, मंगल गुरु	23 से 30.03.2024 तक		
05047	बनारस	19:20	आनन्द विहार (ट)	09:30	मंगलवार	26.03.2024	वाता. 3 टीयर एवं वाता. कुर्सीयान	भदोही, माँ बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़, अमेठी जं., रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली एवं मुरादाबाद स्टेशन।
05048	आनन्द विहार (ट)	18:15	बनारस	08:10	बुधवार	27.03.2024		
05053	गोरखपुर जंक्शन	09:30	बांद्रा टर्मिनल	16:00	शुक्रवार	22 एवं 29.03.2024	सामान्य	खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बादशाह नगर, ऐशबाग, कानपुर सेन्ट्रल, टूण्डला जं., आगरा फोर्ट, बयाना, गंगापुर सिटी, कोटा जं., भवानी मंडी, सामगढ़, नागदा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं., सूरत, वलसाड, वापी, पालघर एवं बोरीवली स्टेशन।
05054	बांद्रा टर्मिनल	21:45	गोरखपुर जंक्शन	06:25	शनिवार	23 एवं 30.03.2024		
05005	गोरखपुर जंक्शन	14:40	अमृतसर जंक्शन	09:30	बुधवार	20 एवं 27.03.2024	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य	खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, लुधियाना जं., जलंधर सिटी एवं ब्यास जं. स्टेशन।
05006	अमृतसर जंक्शन	12:45	गोरखपुर जंक्शन	08:50	गुरुवार	21 एवं 28.03.2024		
05049	छपरा	09:55	अमृतसर जंक्शन	09:30	शुक्रवार	22 एवं 29.03.2024	वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य	सिवान, थावे, तमकुही रोड, पडरोना, कप्तानगंज, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, लुधियाना जं., जलंधर सिटी एवं ब्यास स्टेशन।
05050	अमृतसर जंक्शन	12:45	छपरा	14:00	शनिवार	23 एवं 30.03.2024		
05012	गोमती नगर	14:00	छपरा	00:05	गुरु., शनि, सोम, बुध	21 से 27.03.2024 तक	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य	बाराबंकी, बुढवल जं., करनैल गंज, गोंडा, मनकापुर जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., पिपराइच, कप्तानगंज, रामकोला, पड़रौना, तमकुही रोड, थावे, दिघवादुबौली, मसरख एवं छपरा कचहरी स्टेशन।
05011	छपरा	05:45	गोमती नगर	16:00	शुक्र, रवि, मंगल, गुरु	22 से 28.03.2024 तक		
05045	लाल कुआँ	13:10	राजकोट	18:10	रविवार	24 एवं 31.03.2024	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य	किच्छा, बहेरी, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेली सिटी, बरेली जं., बदायूँ, सोरों शूकर, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा कैंट, मथुरा जं., भरतपुर, दौसा, जयपुर जं., फुलेरा जं., नवा सिटी, कुचामन सिटी, मकराना जं., डेगाना जं., मेड़ता रोड जं., गोटन, जोधपुर जं., लूनी जं., समदड़ी जं., मोकालसर, जालौर, मोदरन, मारवाड़ भीनमाल, रानीवाड़ा, धनेरा, भीलडी, पाटन, महेसाना जं., सुरेन्द्रनगर एवं वांकानेर जं. स्टेशन।
05046	राजकोट	22:30	लाल कुआँ	04:05	सोमवार	25.03 एवं 01.04.2024		
05193	छपरा	15:20	पनवेल	20:30	गुरुवार	21 एवं 28.03.2024	वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य	बलिया, गाजीपुर सिटी, वाराणसी जं., बनारस,, प्रयागराज जं., सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी जं., भुसावल जं., नासिक रोड, इगतपुरी एवं कल्याण जं. स्टेशन।
05194	पनवेल	21:40	छपरा	08:50	शुक्रवार	22 एवं 29.03.2024		
09523	ओखा	10:00	दिल्ली सराय रोहिल्ला	10:10	मंगलवार	19.03.2024	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य	द्वारका, खंभालिया, जामनगर, हापा, राजकोट जं., सुरेन्द्रनगर, वीरंगम जं., महेसाना जं., उनझा, सिद्धपुर, पालनपुर जं., आबू रोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर जं., गांधीनगर जयपुर, दौसा, बाँदीकुई, अलवर एवं रेवाड़ी स्टेशन।
09524	दिल्ली सराय रोहिल्ला	13:20	ओखा	13:50	बुधवार	20.03.2024		
09525	हापा	00:40	नाहरलगुन	16:00	बुधवार	20.03.2024	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य	राजकोट जं., बाँकानेर, सुरेन्द्रनगर, अहमदाबाद जं., नाडियाड, आनन्द, छायापुरी, गोधरा, रतलाम, नागदा जं., उज्जैन जं., मक्सी जं., शाजापुर, ब्यावर राजगढ़, रुठियाई जं., गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, इटावा, गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी, गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, हाजीपुर, शाहपुर पटौरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार, बारसोई जं., किशनगंज, न्यु जलपाईगुड़ी, न्यू कूचबिहार, कोकराझार, न्यु बंगाईगांव जं., बरपेटा रोड, रंगिया, उदलगुड़ी, न्यु मिसामारी, रंगपारा नार्थ एवं हरमुटी स्टेशन।
09526	नाहरलगुन	10:00	हापा	00:30	शनिवार	23.03.2024		
09183	मुंबई सेन्ट्रल	22:50	बनारस	10:30	बुधवार	20.03.2024	प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर एवं वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी)	बोरीवली, पालघर, वापी, बलसाड़ जं., सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा जं., सवाई मधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर जं., अछनेरा जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला, शिकोहाबाद, मैनपुरी, भोगाँव, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी जं., प्रतापगढ़, जंघई जं. एवं भदोही स्टेशन।
09184	बनारस	14:30	मुंबई सेन्ट्रल	04:20	शुक्रवार	22.03.2024		
09111	बडोदरा	19:00	गोरखपुर जं.	23:30	सोमवार	18.03.2024	प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य	गोधरा, रतलाम जं., कोटा जं., सवाई मधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला, शिकोहाबाद, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।
09112	गोरखपुर जं.	05:00	बडोदरा	08:35	बुधवार	20.03.2024		
09195	बडोदरा	19:00	मऊ	20:45	शनिवार	23 एवं 30.03.2024	प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य	गोधरा, दाहोद, रतलाम, कोटा जं., बयाना जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ जं., सुलतानपुर एवं वाराणसी जं. स्टेशन।
09196	मऊ	23:00	बडोदरा	00:45	रविवार	24 एवं 31.03.2024		
09061	वलसाड	02:15	बरौनी जं.	18:00	मंगलवार	19.03.2024	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य	सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, मथुरा जं., कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर सिटी, वाराणसी जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र एवं हाजीपुर स्टेशन।
09062	बरौनी जं.	12:15	वलसाड	03:45	गुरुवार	21.03.2024		
09417	अहमदाबाद जं.	09:10	दानापुर	20:30	सोमवार	18.03.2024	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य	नाडियाड जं., छायापुरी, रतलाम जं., कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, हिण्डौन सिटी, भरतपुर जं., मथुरा जं., कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर सिटी, वाराणसी जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन।
09418	दानापुर	23:50	अहमदाबाद जं.	11:10	बुधवार	20.03.2024		
03435	मालदा टाउन	09:30	आनन्द विहार (ट)	14:10	सोमवार	25.03 से 01.04.2024 तक	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य	न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., पीरपैंती, कहलगाँव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बख्तियारपुर, पटना जं., आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं., एवं गोविन्दपुरी स्टेशन
03436	आनन्द विहार (ट)	19:00	मालदा टाउन	23:30	मंगलवार	26.03 से 02.04.2024 तक		
04145	सूबेदार गंज	21:30	आनन्द विहार (ट)	08:00	तिथिवार	20, 21, 22, 23, 24, 26, 27, 28, 29 एवं 31.03.2024	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य	फतेहपुर, कानपुर सेन्ट्रल, इटावा, टूण्डला एवं अलीगढ़ स्टेशन।
04146	आनन्द विहार (ट)	09:30	सूबेदार गंज	19:00	तिथिवार	21, 22, 23, 24, 25, 27, 28, 29, 30.03.2024 एवं 01.04.2024		
08475	पुरी जं.	04:50	हज़रत निज़ामुद्दीन	17:40	शुक्रवार	22 एवं 29.03.2024	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य	खोरधा रोड, भुवनेश्वर, नराज मर्थापुर, ढ़ेंकानाल, अनुगुल, रेढ़ाखोल, सम्भलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, बिलासपुर, न्यु कटनी जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।
08476	हज़रत निज़ामुद्दीन	23:35	पुरी जं.	06:55	शनिवार	23 एवं 30.03.2024		
08571	विशाखापत्तनम	08:20	हज़रत निज़ामुद्दीन	17:40	शनिवार	23 से 30.03.2024 तक	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी) एवं सामान्य	विजयनगरम जं., बोब्बिलि जं., पार्वतिपुरम, रायगड़, केसिंगा, टिटिलागढ़ जं., कांटाबांजी, खरियार रोड, महासमुन्द, रायपुर, अनूपपुर, न्यु कटनी जं., ललितपुर जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।
08572	हज़रत निज़ामुद्दीन	23:35	विशाखापत्तनम	13:30	रविवार	24 से 31.03.2024 तक		

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी

इरफान के लिए आज फैसले की घड़ी

आगजनी मामले में गुरुवार को सम्भावित फैसले के बाद पुलिस अलर्ट

प्रतीकात्मक फोटो

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। सपा से सीसामऊ के विधायक इरफान सोलंकी की आने वाली दिनों में और मुसीबतें बढ़ सकती हैं। दरअसल जाजमऊ के डिफेंस कालोनी निवासी नजीर फातिमा के प्लॉट पर आगजनी और तोड़फोड़ करने के मामले में कोर्ट में 14 मार्च गुरुवार को फैसला आने की पूरी उम्मीद है। इसको लेकर किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था न बिगड़े इसको लेकर कमिश्नरेट पुलिस ने चाक चौबंद व्यवस्था कर ली है। कोर्ट छावनी में तब्दील रहेगा। फैसला आया तो विधायक और उनके सहयोगियों को अदालत में पेश किया जाएगा। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को फैसला आने की उम्मीद है। इसको लेकर भारी संख्या में फोर्स की तैनाती की जाएगी। डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर और हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर भी रहेंगे। सभी की नामवार ड्यूटी बुधवार को पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को बता दी जाएगी। इस संबंध में अधिवक्ता शिवकांत दीक्षित ने बताया कि अभियोजन की तरफ से इस मामले में 18 गवाह पेश किए गए जबकि बचाव पक्ष की तरफ से तीन गवाह पेश किए गए हैं।

आठ नवंबर 2022 को डिफेंस कालोनी जाजमऊ निवासी नजीर फातिमा ने विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमें आरोप लगाया गया था कि नजीर फातिमा के घर पर आरोपी जबरन कब्जा करना चाहते हैं और इसी कड़ी में षड्यंत्र रचकर पूर्व में भी तीन हत्याएं करा चुके हैं।

गुरुवार को कोर्ट छावनी में तब्दील रहेगी। इसको लेकर कमिश्नरेट पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। असल में रमजान माह साथ ही लोकसभा चुनाव से पहले इस तरह का फैसला आना पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण रहेगा। कोर्ट परिसर से पहले ही गेट पर बाहरी व्यक्ति को रोका जाएगा। साथ ही किसी को भी ऐसे इंट्री कतई नहीं दी जाएगी।

भाजपा के रथ पर सवार हुआ कांग्रेस का 'अर्जुन'

अजय कपूर के भाजपा में शामिल होने के बाद पार्टी में सांसदी की टिकट पर अब बड़ा दांवपेंच

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। साल 2009 के बाद से कांग्रेस यूपी में अपनी जमीन खो चुकी थी और 2024 के चुनाव में सपा के साथ गठबंधन कर अपनी जमीन फिर से मजबूत करने का सपना देखने वाली कांग्रेस को उनके कद्दावर नेता पूर्व विधायक अजय कपूर ने बीजेपी का दामन थाम लिया।

चुनाव के कुछ दिन पहले कांग्रेस के दिग्गज नेता अजय का पार्टी छोड़ना और बीजेपी में शामिल होना कई सवाल खड़े कर रही है और कई सियासी समीकरण को बदलते हालात को दिखा रही है। माना जा रहा था कि कांग्रेस, कानपुर से अजय कपूर को ही प्रत्याशी बनाएगी और उनके दम पर जीत दर्ज करेगी। अब बीजेपी के साथ जाकर कपूर ने सपा और कांग्रेस के गठबंधन का सपना तोड़ दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और कानपुर पार्टी के कद्दावर नेता माने जाने वाले अजय कपूर के भारतीय जनता पार्टी में जाने से कांग्रेस में दमदार नेताओं की जगह खाली हो गई है। यह इसलिए भी कहा जा सकता है, क्योंकि कांग्रेस के कानपुर से बड़े नेता रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल अब पूरी तरह कांग्रेस के राजनीति से बाहर हो चुके हैं।


अजय कपूर
पूर्व विधायक
उत्तर प्रदेश - अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी
पूर्व केंद्रीय-जल उत्पादन समिति का 36 विधान सभा
पार्षद 2.36/05/24
निवास 1/5/04/24
माननीय श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी
राष्ट्रीय अध्यक्ष-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
महोदय,
निवेदन है कि मैं लगातार 35 वर्षों से कांग्रेस पार्टी की निरंतर निस्वार्थ भाव से सेवा करता आ रहा हूँ। अब मैं अपने पद एवं पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूँ। आप से अनुरोध है कि आप मेरे इस्तीफे को स्वीकार करने की कृपा करें।
धन्यवाद।
भवदीय
(अजय कपूर)

अजय कपूर की भाजपा ज्वाइनिंग के पीछे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अहम भूमिका बताई जा रही है। अजय कपूर के भाई विजय कपूर पहले ही भाजपा ज्वाइन कर चुके हैं और उनके एक और भाई संजय कपूर की भी निकटता भाजपा से देखी जाती है। आपको बता दें कि कानपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस की तरफ से टिकट के दावेदारों में जिन नामों की चर्चा चल रही थी, उसमें अजय कपूर का नाम अहम था, लेकिन जिस तरह से अजय कपूर ने पाला बदला है, उसके बाद इस बात के कयास तेज हो गए हैं कि कांग्रेस अब किसी न किसी ब्राह्मण चेहरे को टिकट दे सकती है।

अजय कपूर और यूपी विधान सभा अध्यक्ष सतीश माहना दोनो एक दूसरे के रिश्तेदार, और दोनो ही कानपुर के निवासी और यहीं के सियासी धुरंधर हैं। अगर अजय कपूर को कानपुर लोकसभा से बीजेपी प्रत्याशी बनाती है तो वर्तमान बीजेपी सांसद सत्यदेव पचौरी की टिकट कटना तय है लेकिन पचौरी की टिकट कटने और अजय को कांग्रेस से बीजेपी में शामिल किए जाने से पचौरी गुट इस बाहरी नेता पट बीजेपी के दांव लगाने से नाराज हो सकता है और भीतर घात बीजेपी को भी कमजोर कर सकता है।

कानपुर लोकसभा में कांग्रेस ने 7 बात जीत दर्ज की है और बीजेपी ने 5 बार, लेकिन पिछले दस सालों से ये सीट बीजेपी के पास ही थी लेकिन अब कांग्रेस के अजय का बीजेपी में शामिल होना कांग्रेस के साथ लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन के लिए बड़ा नुकसान है ,कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व और सपा के साथ शहर में चर्चा का बाजार गर्म हो गया है अब गठबंधन और कार्यकर्ताओं में जीत का सपना अधूरा दिखाई दे रहा है।

शेयर ट्रेडिंग का झांसा

जाल में फांसा, खाता खाली

साइबर ठगों के खाते में 3.50 करोड़ रुपए, पुलिस ने सीज कराए खाते

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। साइबर ठगों ने सोशल मीडिया पर अपना जाल बिछा रखा है। लोगों को शेयर बाजार का हाल बताकर उन्हें खुद के बताए गए एप के माध्यम से निवेश करने का झांसा दे उनकी रकम पार कर रहे हैं। छोटे-छोटे निवेश पर मुनाफा देते हैं, बड़ी रकम लगाते ही एप बंद कर रुपये उड़ा लेते हैं। साइबर ठगों ने पिछले सात दिन में आठ लोगों को अपना शिकार बनाकर करोड़ों रुपये ठग लिए। सभी मामले साइबर सेल में दर्ज हैं। ठगी के सभी मामलों में साइबर ठगों ने एक ही तरीका अपनाया। सभी से फेसबुक या इंस्टाग्राम के जरिये संपर्क किया गया। उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया। कुछ दिन ग्रुप पर ट्रेडिंग से संबंधित बातचीत की गई। फिर एक एप के जरिये ट्रेडिंग कराई गई। जब लोगों ने मोटी रकम निवेश कर दी तो एप के वॉलेट में रकम दो से चार गुना दिखने लगी, लेकिन उसे निकाल नहीं सके। एडीसीपी क्राइम मनीष सोनकर ने बताया कि साइबर ठगों के खातों को फ्रीज कराया, तो खाते में करीब 3.50 करोड़ जमा मिला। ठगी के शिकार लोगों को उनकी पूरी रकम जल्द ही कोर्ट के आदेश पर बैंक से वापस करा दी जाएगी।

ठगी के शिकार हुए पीयूष को फेसबुक के जरिये शेयर में निवेश से अच्छा मुनाफा मिलने का झांसा दिया गया। लालच में उन्होंने 31.80 लाख रुपये का निवेश किया। कुछ दिन में 80 लाख एप पर दिखाने तो लगा, लेकिन रकम निकाल नहीं पाए। कृष्णानगर निवासी महिला से 23 लाख रुपये की ठगी की गई।

महिला को ठगों ने झांसे में लेकर फर्जी शेयर ट्रेडिंग एप डाउनलोड कराया। उसमें रुपये निवेश कराकर पूरी रकम हड़प ली।

नजीराबाद में जेके मंदिर के पास रहने वाले कारोबारी पंकज मिश्रा भी सोशल मीडिया के माध्यम से शेयर ट्रेडिंग कराने वाले साइबर ठगों के झांसे में आए। उन्हें भी ट्रेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा गया। एप डाउनलोड कराकर 51 लाख रुपये निवेश कराया गया। रकम बढ़ती दिखी, लेकिन निकाल नहीं सके।

रिश्वत लेते धरा गया जीएसटी इंस्पेक्टर

सीबीआई ने रंगेहाथ इंस्पेक्टर को किया गिरफ्तार

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। भ्रष्टाचार में लिप्त जीएसटी इंस्पेक्टर को सीबीआई ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। फर्म के नाम पर जीएसटी की शिकायत दर्ज करने के लिए इंस्पेक्टर ने 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। लेकिन 5 हजार रुपए मामला तय हो गया।

बुधवार शाम को शिकायतकर्ता सर्वोदय नगर स्थित जीएसटी कार्यालय में रिश्वत के रुपए लेकर पहुंचा। सीजीएसटी इंस्पेक्टर अजय पोरवाल ने 5 हजार रुपए की रिश्वत ले ली। इसके बाद सीबीआई ने इंस्पेक्टर को रंगेहाथ पकड़ लिया। रंगेहाथ पकड़े जाने के बाद जीएसटी इंस्पेक्टर बचने के लिए गुहार लगाता रहा। उसने रोते हुए भी माफी मांगी।

लेकिन सीबीआई टीम ने उसकी एक न सुनी और उसे अपने साथ ले गई। अचानक हुई इस कार्रवाई से सीजीएसटी मुख्यालय में भी हड़कंप मच गया। इंस्पेक्टर के आवास पर भी सर्च गिरफ्तारी के बाद सीबीआई टीम फिलहाल घूसखोर इंस्पेक्टर के आवास तथा अन्य ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चला रही है। इसमें कई और नाम भी सामने आ सकते हैं। सीबीआई ने मामला दर्ज कर लिया है, जांच के बाद कार्यवाही होगी।

होली पर स्पेशल ट्रेन का 'तोहफा'

कानपुर। होली पर्व पर शहरवासियों को प्रशासन की तरफ से तोहफे के रूप में अहमदाबाद के लिए विशेष ट्रेन मिली है। रेलवे ने इस ट्रेन को 18 मार्च से चलाने का निर्णय लिया है। इससे पहले सेंट्रल स्टेशन और आसपास जिलों में स्थित स्टेशनों के रास्ते 28 विशेष ट्रेनें चलाने की घोषणा की जा चुकी है।

रेलवे जनसंपर्क अधिकारी रागिनी सिंह के अनुसार, ट्रेन संख्या 01905/01906 कानपुर सेंट्रल-अहमदाबाद साप्ताहिक सुपरफास्ट के संचालन किया जाएगा।

कानपुर सेंट्रल से वाया इटावा ट्रेन संख्या 01905, प्रत्येक सोमवार को 18 मार्च से 29 अप्रैल तक सात फेरे चलेगी। इसी तरह अहमदाबाद से ट्रेन संख्या 01906, प्रत्येक मंगलवार को 19 मार्च से 30 अप्रैल तक संचालित की जाएगी। 24 कोच की ट्रेन हर सोमवार को दोपहर बाद 3:35 बजे सेंट्रल स्टेशन से अहमदाबाद के लिए प्रस्थान करेगी।

नामांतरण शिविर में जनता को 'फीलगुड'

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। कानपुर विकास प्राधिकरण/डीएम, कानपुर नगर राकेश कुमार सिंह की पहल पर प्राधिकरण की सम्पत्तियों को लेकर प्राधिकरण अभिलेखों में दाखिल खारिज कराये जाने के लिये अत्यधिक समय से लम्बित आवेदनों के निस्तारण के लिये आम जनमानस के हित में प्राधिकरण परिसर में ''नामान्तरण समाधान शिविर'' का आयोजन किया गया।

प्राधिकरण अभिलेखों में नाम दर्ज कराये जाने हेतु प्रत्येक बुधवार को आयोजित किये जा रहे नामान्तरण समाधान शिविर में पूर्व में प्राप्त प्रार्थना पत्र एवं अन्य लम्बित प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करते हुये आवेदकों को नामान्तरण पत्र निर्गत किये गये। नामान्तरण कैम्प समाधान शिविर में अपर सचिव, डॉ0 गुडाकेश शर्मा, विशेष कार्याधिकारी, सत् शुक्ला, अजय कुमार सहित सभी विक्रय अनुभाग के सह-प्रभारी, लेखाकार एवं योजना लिपिक उपस्थित रहे। अपर सचिव द्वारा कैम्प में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आम-जनमानस द्वारा दिये गये प्रार्थना का समयबद्ध निस्तारण किये जाने का निर्देश दिये गये है। इसके साथ ही केडीए द्वारा जनमानस की सुविधा नामान्तरण समाधान शिविर का आयोजन आगे भी प्राधिकरण कार्यालय में प्रत्येक बुधवार को किया जायेगा।

अफसर जागे, गोविंद नगर भागे

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। कानपुर नगर निगम के नगर आयुक्त शिवशरप्पा जीएन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 13 मार्च को अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव द्वारा गोविंद नगर मलिन बस्ती स्थित भरे पड़े नाले का निरीक्षण किया गया। मौके पर जोनल स्वच्छता अधिकारी व क्षेत्रीय अवर अभियन्ता उपस्थित मिलें। अवर अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नाला सफाई का कार्य प्राविधानित किया गया है उक्त कार्य की निविदा सम्पन्न करा ली गयी है। चूँकि प्रत्येक वर्ष यह कार्य माह मई व जून में कराया जाता है परन्तु नाला भरा होने के कारण जनहित में इस कार्य को प्रारम्भ करा दिया गया है।

चूँकि यहाँ क्षेत्रीय निवासियों द्वारा निरंतर रूप से घरेलू कूड़ा कचरा डाले जाने के कारण यह नाला प्राय चोक हो जाता है। स्थल पर धनी आबादी व सकरी गलियाँ होने के

कारण नाला सफाई कार्य मानव बल के माध्यम से ही कराया जाता है मौके पर 7 - 8 कर्मचारी नाला सफाई कार्य करते पाये गये। कुछ देर सफाई कार्य के उपरांत नाले में पानी का स्तर 6 इंच तक कम हुआ पाया गया। इस पर अपर नगर आयुक्त द्वारा जोनल अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त कर्मचारी लगाकर युद्ध स्तर पर नाले की तलीझार सफाई अतिशीघ्र पूर्ण करायी जाये, जिससे क्षेत्रवासियों को जलभराव इत्यादि समस्या का सामना न करना पड़े।

अभासा ने मेधावियों का किया सम्मान

भरुआ सुमेरपुर (स्पष्ट आवाज)। कस्बे के लालू सिंह पब्लिक स्कूल में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कला (आकृति) प्रतियोगिता में छात्र अंश जोशी ने प्रथम, दौड़ प्रतियोगिता में छात्र अंकित तथा कबड्डी प्रतियोगिता में छात्र नैतिक को प्रथम स्थान मिला।इन प्रतिभागियों को क्रान्तितीर्थ की शर्ट और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। परिषद के जिला मंत्री कैलाश प्रसाद सोनी ने जनपद के क्रांतिकारियों के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। मौके पर स्वतंत्रता सेनानी स्व.मन्नीलाल गुरुदेव के प्रपौत्र अभिषेक द्विवेदी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित वर्मा एवं वरिष्ठ पत्रकार नंदकिशोर यादव को क्रांतितीर्थ का कलमदान देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परिषद के संरक्षक हरीराम गुप्त, डॉ.गणेश सिंह विद्यार्थी, शिक्षक अजीत, कंचन सिंह, वंदना, अभिलाषा, संतोष यादव मौजूद रहे।

सीएम ने किया गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा का अनावरण

उन्नाव (स्पष्ट आवाज)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को उन्नाव के फतेहपुर 84 क्षेत्र के चंद्रिका खेड़ा गांव पहुंचे। जहां उन्होंने शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा का लोकार्पण किया। इसके बाद नवोदय विद्यालय पहुंचे और उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने उन्नाव के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह, सांसद साक्षी महाराज, सभी विधायक जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह समेत जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत माता के सपूत स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी शहीद गुलाब सिंह लोधी के आज इस भव्य स्मारक और मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिन्होंने इसी गांव में जन्म लेकर एक सामान्य किसान परिवार में रहकर देश की

आजादी के आंदोलन में अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर अपनी शहादत दी। ऐसे वीर गुलाब सिंह लोधी को नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव को भव्यता के साथ देश में आयोजित किया। हर घर में तिरंगा फहरा करके पीएम मोदी ने शहीद वीर गुलाब सिंह लोधी को सम्मान व्यक्त करने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी पुलिस की गोली से गुलाब सिंह लोधी शहीद हुए थे और आज उत्तर प्रदेश पुलिस की ट्रेनिंग का बेहतरीन केंद्र है। उन्होंने कहा कि बदलते उत्तर प्रदेश में अब कोई भी गांव की सड़क की बात नहीं करता है। सीधे टू लेन फोर लेन की बात करता है। हम लोग हर जगह इन सड़क की कनेक्टिविटी को जोड़ना चाहते हैं उन्नाव के सांसद साक्षी महाराज ने उन्नाव से हरदोई को जाने वाले मार्ग की बात कही है यह सड़क भी छूटेगी नहीं इस सड़क को भी फोर लेन करने का काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि उन्नाव तब विकसित होगा जब चंद्रिका खेड़ा गांव भी विकास की ओर पहुंचेगी। हर गांव, हर नगर निकाय जब आत्मनिर्भरता की लक्ष्य को प्राप्त करेगी। आज गरीब को हर योजना



का लाभ मिल रहा है। मंच से सीएम ने सांसद साक्षी महाराज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद में चंद्रिका खेड़ा गांव को देखने का अवसर मिला।

चार सत्रों में 14 को होगी पड़ोस युवा संसद

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में शहर के श्री कृष्णा ग्रुप ऑफइन्स्टीट्यूशन्स अहमदनगर में 14 मार्च को चार सत्रों में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद आयोजित की जायेगी। यह जानकारी जिला युवा अधिकारी रोशनी पटवा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रथम सत्र मेरा युवा भारत पोर्टल पर युवाओं का पंजीकरण व पोर्टल के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा का रहेगा। द्वितीय और तृतीय सत्र में नया भारत नई पहल, नारी शक्ति, गरीब कल्याण, खेलकूद, पीएम गति शक्ति, वोकल फॉर लोकल, मोटे अनाज आदि के बारे में वक्ताओं की ओर से परिचर्चा की जाएगी। चौथे सत्र में युवा सशक्तिकरण, भारत को वैश्विक नेता बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका और अन्य विकास संबंधी मुद्दों जैसे स्थानीय मुद्दों पर युवा संसद के रूप में युवाओं के बीच संवाद होगा।

आदेश के क्रियान्वयन पर आयुक्त की कोर्ट ने लगाई रोक

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। नगर की बहुचर्चित संस्था हाजी मोहम्मद हलीम हायर सेकेंड्री विद्यालय प्रबंध समिति के निर्वाचन कार्यक्रम के तहत विगत 7 मार्च को अफ्साना खातून को प्रबंधक व सात पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित डिप्टी रजिस्टर फर्म्स एवं चिटस लखनऊ के द्वारा निर्वाचित घोषित किया गया था, उसके सापेक्ष में न्यायालय आयुक्त लखनऊ मंडल ने डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म सोसाइटीज एवं चिट्स के पारित आदेश को प्रबंधक सलाउद्दीन के पक्ष में आगामी 28 मार्च तक आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है।

आयोग ने नागरिकों व पुलिस अफसरों के माँगे मोबाइल नंबर

प्रशासन को कम्युनिकेशन प्लान तैयार करने के निर्देश

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग ने कमर कस ली है। जल्द ही चुनावों की तारीखों का एलान होने की उम्मीद है। आयोग ने हर बूथ के आम व खास नागरिकों के साथ ही चुनाव से जुड़े अफसरों व कर्मियों के मोबाइल व स्थाई टेलीफोन नंबर मांगे हैं। आयोग ने इसके लिए प्रशासन को कम्युनिकेशन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर आयोग सक्रिय हो गया है। चुनाव आयोग के आदेश पर जहां प्रशासन ने अब तक प्रभारी व सहायक प्रभारी अफसरों की तैनाती की है। वहीं दूसरी ओर सेक्टर व जोनल अफसरों की भी तैनाती की जा चुकी है। इस बीच आयोग ने प्रशासन से कम्युनिकेशन प्लान भी मांगा है। आयोग की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। हर बूथ के आस-पास रहने वाले नागरिकों के मोबाइल नंबर मांगे हैं। आयोग ने साफ किया है कि फोन नंबर ज्यादा से ज्यादा हों। जिसके बाद अब फोन नंबर एकत्र करने का काम किया जाएगा। हर बूथ के आस-पास रहने वाले प्रमुख नागरिक, बूथ क्षेत्र के चौकी इंचार्ज, थानाध्यक्ष और संबंधित थाने का टेलीफोन, मोबाइल नंबर, सीओ व एसपी के फोन नंबर।

लोकसभा चुनाव को लेकर आयोग की ओर से जो निर्देश दिए जा रहे हैं, उनका पालन किया जाएगा। आयोग के निर्देश पर चुनाव के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।
नीतीश कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीतापुर।

कंट्रोल रूम के साथ ही सेक्टर, जोनल अफसर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ ही पीठासीन अधिकारियों के फोन नंबर भी दिए जाएंगे। आयोग की ओर से जारी किए निर्देश के मुताबिक बूथों पर की जाने वाली व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने को भी कहा गया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत गेरूहा माफी विकास खण्ड बिसवाँ, सीतापुर

पत्रांक : मेमो/15वॉ/पंचम/मनरेगा/राज्य वित्त/नि.सू./2023-24 दिनाँक : 12.03.2024

निविदा आमंत्रण सूचना (अल्पकालीन)

कार्यालय ग्राम पंचायत गेरूहा माफी वि.ख. बिसवाँ के पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मों व भट्ठा मालिको को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्यो की अल्पकालिक मोहरबन्द निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों, फर्मो व भट्ठों से दिनाँक 18.03.2024 को अपरान्ह 02:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 04:30 बजे पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेंगी। किसी भी टेण्डर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 13.03.2024 से दिनाँक 17.03.2024 तक **कार्यालय ग्राम पंचायत गेरूहा माफी** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो **कार्यालय ग्राम पंचायत गेरूहा माफी** के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तो आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदारों व फर्मो द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गयी धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित लागत	प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है	सामग्री लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	नीरज के मकान से गोपी के मकान तक नाली निर्माण कार्य।	3,02,962.00	ईट प्रथम श्रेणी, मौरंग, बालू, सीमेंट, रोड़ा, गिट्टी आदि।	2,17,819.67	200.00

जिस निविदादाता का टेण्डर सबसे कम दर का हो, उसे टेण्डर स्वीकृत दर के आधार पर सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जायेगा।

प्रधान सचिव

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण हिंदुओं के लिए गर्व की बात

यज्ञ में पहुँची धौरहरा सांसद, ग्रामीणों से किया संवाद

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सभी हिंदुओं के लिए गर्व की बात है कि आज भगवान राम अयोध्या में अपने गर्भ गृह में विराजमान हो गए है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद से सभी रामभक्त उनके दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। यह बातें सांसद रेखा अरुण वर्मा ने महोली क्षेत्र के चितहला गांव मे चल रही यज्ञ में मौजूद भक्तो को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा 2014 के पहले हिन्दू समाज के लोग पूजा करने जाते थे। तो उन्हें मंदिरो की दशा देख खुद में घुटन सी महसूस होती थी। आज देश के सभी मंदिरों का जीणोद्धार हो रहा है फिर चाहे वह राम मंदिर हो या फिर काशी विश्वनाथ का मंदिर हो। सांसद ने कहा भेंट द्वारका में सेतु बन

चुका है जो मंदिर बचे हैं उनमें भी जल्द कार्य शुरू हो जाएंगे। इससे पूर्व सांसद ने लोकसभा धौरहरा को विधानसभा महोली की संचालन समिति की बैठक में पदाधिकारियों से वार्ता की। बैठक में लोकसभा प्रभारी संतोष सिंह, संयोजक रामकिशोर मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता, रमाकांत मिश्रा, राहुल जायसवाल, कल्याण सिंह, विस्तारक मनीष सिंह, नैमिष रत्न तिवारी, ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश यादव, मंडल अध्यक्ष शिवप्रताप सिंह, श्रीनाथ बाजपेयी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दिव्यांग को देख सांसद का रूका काफिला, दिलाई ट्राईसाइकिल

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। बुधवार को महोली के चितहला गांव में संचालन समिति की बैठक में शामिल होने के पश्चात धौरहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा का काफिला महोली की ओर प्रस्थान कर जाता है। जैसे ही सांसद का काफिला महोली कस्बे में पहुंचता है तो सड़क के किनारे सांसद को जगन्नाथ पुत्र बाबूराम नाम का एक दिव्यांग खड़ा नजर आता है। दिव्यांग को देख सांसद रेखा अरुण वर्मा की गाड़ी अचानक रुक जाती है। इस दौरान सांसद ने गाड़ी से उतर कर दिव्यांग का कुशल क्षेम जाना। साथ ही कोई साधन न उपलब्ध होने का आग्रह करते ही सांसद दिव्यांग को लेकर बीडीओ कार्यालय पहुंच जाती है। मानवता व फर्ज की मिसाल कायम कर सांसद रेखा अरुण वर्मा ने बीडीओ महोली को तत्काल ट्राईसाइकिल देने के निर्देश दिए। जिसके बाद ब्लॉक कर्मचारियों ने दिव्यांग को ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई।

कानपुर नगर निगम

निविदा सूचना

निविदा संख्या - 87/मु0अभि0/2023-24

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2023-24 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अर्न्तगत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2023-24 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्यो हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :-

1. ई-निविदा पद्धति से आमन्त्रित निविदाओं की संख्या :- 60 दिनांक 19.03.2024

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यो का पृथक-पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की बेवसाइट kmc.up.nic.in पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम कानपुर

पत्रांक : 424, दिनांक : 13.03.2024

पेंशन पाने को लाभार्थी दर दर लगा रहे गुहार कैसे मिले जब विभाग में फैला भ्रष्टाचार

● जिलाधिकारी की बैठक में रायबरेली 'आल इज वेल'

चन्द्र शेखर शरण सिंह

रायबरेली। (स्पष्टआवाज) शासन द्वारा चलाई जा रही पेंशन योजना का लाभ पात्र लभार्थियों को मिल सके , इसके लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। परंतु अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही, उदासीनता व भ्रष्टाचार के चलते वृद्धों, विधवाओं तथा दिव्यांग जनों को मिलने वाली पेंशन उन्हें नहीं मिल पा रही है। पेंशन पाने के लिए लाभार्थी व उनके परिजन दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं।

बीते दिनों डलमऊ विकास खण्ड के एडीओ समाज कल्याण अधिकारी का रिश्वत मांगने का वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो के आधार पर एडीओ के ऊपर कारवाई भी की गई थी। इसके बावजूद भी समाज कल्याण विभाग इससे सबक लेता दिखाई नहीं दे रहा है। जिले के लगभग सभी विकासखंडों में विधवा, वृद्धावस्था व दिव्यांग पेंशन पाने को लाभार्थी दर-दर भटकने को आज भी मजबूर हैं ।कई लाभार्थियों के पेंशन सालों से बंद पड़े हैं। वह अधिकारियों से तमाम बार मिन्नतें भी कर चुके हैं। बंद पड़ी पेंशन चालू करवाने को लाभार्थी व उनके परिजन किराए भाड़े के रूप में सैकड़ो रुपए खर्च भी कर चुके हैं, इसके बावजूद सालों बीत जाने के बाद भी उनके खातों में पेंशन के रूप में मिलने वाली रकम अभी तक नहीं पहुंची है। बेचारे लाभार्थी बैंकों से लेकर विकास खण्ड कार्यालय व जिला मुख्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं। समाज कल्याण विभाग व जिला प्रोबेशन कार्यालय में ऐसे कई वृद्ध महिला व पुरुष चक्कर काटते नजर आते रहते हैं, जो चलने फिरने में भी असमर्थ हैं तथा उनके आगे पीछे कोई भी नहीं है। जिनका मात्र एक सहारा यही पेंशन से मिलने वाली रकम ही है। इसके बावजूद अधिकारियों व कर्मचारियों का दिल नहीं पसीजता ,वह उन्हें महीनों व सालों से चक्कर लगवा रहे हैं। यह हाल तब है जब प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कड़ा रुख अख्तियार करते हुए जीरो टॉलरेंस की बात कर रहे हैं।

शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभार्थी को मुहैया हो, इसके लिए जन जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इस समय विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जगह जगह कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें जिले के यही अधिकारी इन कार्यक्रमों में सहभागिता भी कर रहे हैं। परंतु यह अधिकारी कार्यक्रमों में सिर्फ अपना फोटो खिंचवाने तक ही सीमित हैं ।इन योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को मिल सके इससे वह कोसों दूर हैं।

कई लाभार्थियों ने बताया कि उन्हें मिलने वाली पेंशन सालों से बंद पड़ी है, वह लगातार अधिकारियों से चिरौरी विनती कर रहे हैं, इसके बाद भी अभी तक उनके खातों में पेंशन की रकम नहीं पहुंच पाई है। वहीं नये लाभार्थी भी पेंशन का फार्म लेकर दफ्तरों के चक्कर महीनों से लगा रहे हैं, फिर भी उनका काम होता नहीं दिख रहा है।

छतोह में बेसिक शिक्षा का बुरा हाल, बिना स्कूल आए वेतन ले रहे कई शिक्षक

छतोह, रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) रायबरेली के विकास खण्ड छतोह में शिक्षा का स्तर दिन प्रतिदिन गिरता जा रहा है और स्थानीय अधिकारी फर्जी रिपोर्टिंग के सहारे उच्च अधिकारियों को खुश करने में ही अपने दायित्व की इतिश्री समझ लेते हैं। निनावां, चंदाबाहीं पुर, बभनपुर, कुंवर मऊ, अशरफपुर, कोलवा आदि कई स्कूलों के बीसों शिक्षक घर बैठे वेतन ले रहे हैं। जाहिर है कि उनको ऐसी सुविधा अनायास तो नहीं मिलती होगी। स्थानीय खंड शिक्षा अधिकारी की संलिप्तता के बिना शिक्षकों का गायब रहना संभव नहीं है। ब्लॉक संसाधन केंद्र में कुछ शिक्षकों को रोज देखा जा सकता है, जो शिक्षक और अधिकारी के बीच में सेतु का काम करते हैं और दोनों की सुविधा का खयाल रखने में माहिर हैं। उन्हें अपने स्कूल से और स्कूल के बच्चों से कोई वास्ता नहीं रहता।

शांतिकुंज हरिद्वार के प्रवक्ता का हुआ भव्य स्वागत

जरवलरोड बहराइच(स्पष्ट आवाज)। शान्तिकुन्ज हरिद्वार के वरिष्ठ प्रवक्ता का बहराइच जाते समय ओवर ब्रिज जरवलरोड एवं श्रीराम पुर कार्यालय जरवल रोड में भव्य स्वागत किया गया है। माता भगवती कुन्ज झिंगुरी पुल पसेण्डी बहराइच में आयोजित राष्ट्र जागरण 51 कुण्डीय विशाल गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा में शामिल होने जा रहे अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता मानस मर्मज्ञ व प्रतिनिधि शांति कुंज हरिद्वार श्याम बिहारी दूबे का गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया है।

जरवलरोड ओवरब्रिज के दक्षिणी मुहाने पर वरिष्ठ प्रतिनिधि राम कुमार वाजपेयी, वाराणसी जोन प्रभारी मानसिंह वर्मा के साथ गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं द्वारा कर अगवानी कर श्री राम पुर कार्यालय जरवल के ले जाया गया गायत्री मंदिर श्री राम पुर आश्रम में सजल श्रद्धा के दर्शन के उपरांत परिचयात्मक गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए शान्ति कुन्ज के वरिष्ठ प्रवक्ता श्री दूबे ने बताया कि भारतीय संस्कृति की जननी गायत्री को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से माता भगवती कुन्ज में 51 कुण्डीय यज्ञ एवं विशाल प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया है। उन्होंने ने उक्त कार्यक्रम में पहुंच कर मानव जीवन को धन्य बनाने एवं परम पूज्य गुररूदेव के विचार क्रांति अभियान से जुड़ने पर बल दिया। की इस अवसर पर गायत्री परिवार ट्रस्ट जरवलरोड के प्रबंधक ओम प्रकाश अवस्थी ट्रस्टी ओम प्रकाश गुप्ता, शिव प्रसाद सिंह, दशरथ लाल राव, प्रशांत कुमार अग्निहोत्री संजय श्रीवास्तव, अवधेश कुमार वर्मा लालजी यज्ञसेनी, आशा यज्ञसेनी,ममता सिंह, परिव्रजिका बहन सावित्री तिवारी, साधना सिंह अर्चना सिंह सहित दर्जनों गायत्री परिजन उपस्थित रहे।

संक्षिप्त आवाज

बीएमपीएस प्रबंधन का बालिकाओं को विशिष्ट तोहफा

प्ले ग्रुप में प्रवेश लेने वाली प्रथम 21 बालिकाओं का प्रवेश शुल्क पूरी तरह माफ

रायबरेली। (स्पष्टआवाज) बैसवारा क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में नवीन सत्र 2024-25 में बालिकाओं के प्रवेश पर प्रवेश शुल्क पूरी तरह से माफ है। बीएमपीएस प्रबंधन अपनी विशिष्ट शैक्षिक कार्य शैली के लिए जाना जाता है।बालिकाओं की शिक्षा पर जोर देने के उद्देश्य से बीएमपीएस प्रबंधन की ओर से प्ले ग्रुप में अप्रैल माह तक प्रवेश लेने वाली प्रथम 21 बालिकाओं का प्रवेश शुल्क पूरी तरह से माफ रहेगा।अभिभावकों से विनम्र निवेदन है कि इस अवसर का अवश्य ही लाभ उठाएं।यह जानकारी विद्यालय के पीआरओ यश बहादुर यादव ने दी है।

हम हैं मोदी का परिवार यात्रा जल्द देश के हर लोकसभा क्षेत्र में निकल सकती है : अजय अग्रवाल

रायबरेली (स्पष्ट आवाज)। लालू यादव के इस बयान कि मोदी का कोई परिवार नहीं के जवाब में 'हम हैं मोदी का परिवार' यात्रा की शुरुआत रायबरेली से हो गई है । शुरुआत में देश भर में भाजपा के हरेक कार्यकर्ता ने 'मैं हूं मोदी का परिवार' लिखकर मोदी के साथ अपनी फोटो सोशल मीडिया पर लगाई। इसके एक कदम आगे बढ़ते हुए 'गांधी परिवार के गढ़ माने जाने वाले रायबरेली' में भाजपा के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अजय अग्रवाल ने 'हम हैं मोदी का परिवार यात्रा' रायबरेली लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में निकाली, जो कि 2 दिन में जाकर खत्म हुई। यात्रा में शामिल सैकड़ो की संख्या में मोटरसाइकिल तथा अन्य वाहनों में बैठे कार्यकर्ताओं ने 'हम हैं मोदी का परिवार' और 'मोदी है हमारा परिवार' के गगन भेदी नारे लगाकर हर व्यक्ति को रोमांचित कर दिया। यात्रा में जगह-जगह भाजपा नेता अजय अग्रवाल व अन्य नेताओं ने यह बताया कि मोदी किस प्रकार अपने 140 करोड़ जनता की चिंता करते हैं और उनकी उन्नति एवं सुखी जीवन के लिए हर एक दिन 18-18 घंटे काम करते हैं और इसलिए हम सब देश के 140 करोड लोग मोदी का परिवार है और मोदी उनके परिवार के सदस्य हैं जो कि जनता की भलाई के लिए दिन रात अथक मेहनत कर रहे हैं और इसी का परिणाम है कि आज देश का कोई भी व्यक्ति भूखे पेट नहीं सो रहा है और मोदी की 180 जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले रहा है। जिसमें किसान सम्मान निधि, मुफ्त राशन, मुफ्त आवास योजना, फ्री गैस सिलेंडर तथा चूल्हा की उज्ज्वला योजना, घर-घर में शौचालय योजना आदि आदि प्रमुख हैं। जिससे हर एक व्यक्ति के जीवन स्तर में बढ़ोतरी हुई है तथा माता तथा बहनों को उज्ज्वला योजना से उनकी निरोगी आयु बढ़ी है तथा घर घर में शौचालय से उनका आत्म सम्मान बढ़ा है। भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने बताया कि उनके द्वारा निकाली गई इस यात्रा को जगह-जगह बहुत गर्म जोशी से स्वागत किया गया तथा हर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हुए। भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने बताया कि रायबरेली में निकली 'हम हैं मोदी का परिवार यात्रा' को मिले भारी जनसमर्थन के चलते भारतीय जनता पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व बहुत जल्द ऐसी यात्राएं देश के हर लोकसभा क्षेत्र में निकालने के लिए गंभीरता पूर्वक विचार कर रही है।

श्रीमद्भागवत के आयोजन में निकली भव्य कलश यात्रा

छतोह रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) नगर पंचायत परशदेपुर में श्रीमद्भागवत कथा की कलश शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ धूम धाम से निकाली गई। कलशयात्रा कथा मंडप से शुरू होकर महाबीरन,राम सागर,माता मिदुरिन मंदिर,मुख्य चौराहा,मटियारा चौराहा से होते हुए सई नदी से जल भरकर साकेत नगर चौराहा,होते हुए नगर के सभी मंदिरों पर जाकर विधि विधान से पूजन हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कुमार कौशल व पत्नी गुड़िया कौशल ने भागवत भगवान् की पूजा अर्चना की और पूजन के बाद कलश की स्थापना की गई। कथा वाचक मुकेश आनंद महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश हो जाता है। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत गीता में धर्म की सम्पूर्ण व्याख्या है। जहां गीता समाप्त होती है, वहीं से श्रीमद्भागवत प्रारम्भ होती है। विनोद कुमार कौशल ने सभी भागवत प्रेमियों से विनम्र अनुरोध किया है कि सभी लोग कथा सुनने जरूर आएं।

मोबाइल बताएगा अगला टीकाकरण कब होगा

बलरामपुर। टीकाकरण सत्र पर गर्भवती और बच्चे का नियमित टीकाकरण भारत सरकार के यूविन एप के जरिये सिर्फ मोबाइल नंबर और पहचान पत्र (आईडी) की मदद से हो जाएगा। बलरामपुर में इसकी शुरूआत भी हो चुकी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि इस एप की एक विशेषता यह है कि एक बार पंजीकरण के बाद टीका लग गया तो अगले टीके के लिए लाभार्थी मोबाइल पर कई बार संदेश जाएगा।

उन्होंने कहा कि एप पर पंजीकरण करवाने वाले लाभार्थी अगर किसी अन्य प्रदेश में चले जाते हैं तो वहां भी आईडी और मोबाइल नंबर के जरिये उनके टीकाकरण का विवरण पता चल जाएगा और शेष टीके वह दूसरे प्रदेशों में भी लगवा सकते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर ने विकासखंड बलरामपुर के ग्राम मझौआ में प्राथमिक विद्यालय बहरे कुइया में आयोजित टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण में एएनएम वंदना कुशवाहा तथा भावना वर्मा बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण कर रही थी। सी एच ओ प्रज्ञा, आशा कमला देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती गीता जैसवाल उपस्थित रही।

श्री मद् भागवत से होता है मानव को कर्तव्यबोध : आचार्य ललित कृष्ण शास्त्री

रायबरेली। (स्पष्टआवाज) लालगंज विकासखंड के अंतर्गत कनकापुर गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को भक्ति के रंग में पूरी तरह सराबोर कथाव्यास आचार्य ललित कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने कहा कि मनुष्यों का क्या कर्तव्य है, इसका बोध भागवत सुनकर ही होता है।विडंबना यह है कि मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं। निस्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं। कथावाचक के मुखारविंद से परीक्षित को श्राप,सुखदेव आगमन, कपिल देवहुति संवाद, अनुसुइया संवाद व ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनाया गया। उत्साह और उमंग से श्रद्धालु श्रीराधे,राधे-कृष्ण की गूंज के साथ झूमते-गाते नजर आए। इस अवसर पर शिव भवन सिंह,सरिता सिंह,अवधेश सिंह, राम बहादुर सिंह, शिव मूर्ति सिंह, बृजेश सिंह, शिवांक सिंह, ब्रजेश

सिंह, राम नरेश सिंह, शिव पूजन सिंह,अमित सिंह, हरकेश सिंह, हनुमंत सिंह, नरेश सिंह, राम बहादुर सिंह, माधुरी सिंह, बबिता सिंह, हरेंद्र सिंह, शिव किशोर सिंह, महेंद्र सिंह, अंकित सिंह, प्रियंका सिंह, अंशु सिंह, शिव हर्ष सिंह फौजी आदि सैकड़ों कथाप्रेमी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री आज आयेंगे

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अयोध्या मण्डल एवं जनपद अयोध्या में आगमन 14 मार्च को हो रहा है। मुख्यमंत्री जनपद अम्बेडकरनगर के राजकीय हवाई पट्टी पर सुबह लगभग 11:20 बजे पहुंचेंगे, जहां पर जनपद अम्बेडकरनगर की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास तथा जनसभा को सम्बोधित करेंगे, मुख्यमंत्री लगभग डेढ़ घंटे अम्बेडकरनगर में रहेंगे। हनुमानगढ़ी, श्रीराम मंदिर परिसर में दर्शन पूजन के बाद राजकीय इंटर कालेज अयोध्या में जनपद की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास तथा जनसभा को सम्बोधित करेंगे तथा रामनवमी मेले के सम्बंध में बैठक भी करेंगे।

मंडलायुक्त ने किया खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

अयोध्या। खेल निदेशालय एवं उ0प्र0 हॉकी संघ के समन्वय से आयोजित होने वाली विभिन्न खेलों की ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर महिला/पुरुष वर्ग प्रतियोगिता के अन्तर्गत ओपेन स्टेट आमंत्रण सीनियर महिला वर्ग हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त गौरव दयाल के कर कमलों द्वारा किया किया गया। इस अवसर पर समारोह के विशिष्ट अतिथि पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या श्री प्रवीण कुमार उपस्थित रहे। मण्डलायुक्त श्री गौरव दयाल व आईजी प्रवीण कुमार ने इस अवसर पर सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये शुभकामनायें दी।

अयोध्या नगर निगम को 75 करोड़ का फायदा

● फैजाबाद प्रेस क्लब को टैक्स में मिलेगी राहत

अयोध्या। अयोध्या नगर निगम बोर्ड की बैठक संपन्न, गांधी सभागार में हुई बोर्ड की बैठक, सर्वसम्मत से अयोध्या नगर निगम के विकास के लिए 832 करोड़ रुपए का बजट पास, अयोध्या नगर निगम की इनकम भी बढ़ी, बजट में 75 करोड़ रुपए का फायदा, फैजाबाद प्रेस क्लब को मिलेगी राहत, टैक्स से मुक्त के लिए महापौर ने शासन को लिखा पत्र, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी व नगर आयुक्त संतोष शर्मा का बयान, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए व्यावसायिक कार्यों में टैक्स में 25% की छूट, बजट में पर्यटन व स्वच्छता पर विशेष ध्यान, नगर निगम क्षेत्र के विकास के लिए 2017 से बजट में लगभग 20 गुना की गई बढ़ोतरी,नगर निगम के आय के स्रोत भी बढ़े, जन आकांक्षाओं के अनुरूप विकास के लिए बजट का किया गया।

सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया

अयोध्या। जनपद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिनांक 14 मार्च को प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, जिलाधिकारी नितीश कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के साथ कार्यक्रम स्थल जीआईसी का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया गया। इस अवसर पर अधिकारी द्वय ने कार्यक्रम से संबंधित समस्त तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मीडिया बंधुओं को कार्यक्रम कवरेज हेतु समुचित व्यवस्था करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

उद्यान मंत्री ने सुपर मार्केट का किया लोकार्पण और शिलान्यास

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने नवीन मण्डी स्थल रायबरेली में 28 नग सुपर मार्केट दुकानों, 15 नग 'स' श्रेणी दुकानों, 02 नग गोदामों, के0सी0 ड्रेन, आन्तरिक मार्गों का सुढ़डीकरण एवं 04 नग नीलामी चबूतरे, 14 नग 'अ' श्रेणी, 13 नग 'ब' श्रेणी एवं 80 नग 'स' श्रेणी दुकानों आदि की मरम्मत व अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया। उन्होंने बताया कि नवीन मंडी स्थल में लगातार बढ़ते व्यापार एवं व्यापारी भाइयों की अवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इस कार्य को किया गया है। जिससे व्यापारी एवं किसान भाइयों की समस्याओं का निदान हो पाएगा। साथ ही उन्हें आयात निर्यात में सहूलियत हो। उन्होंने कहा की व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता पर रखा जाएगा और उनके लिए सुलभ और सरल व्यापारिक वातावरण प्रदान किया जाएगा।

सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

● अफवाहों से रहें दूर,आपसी भाईचारे से मनाएं त्यौहार : डीएम

● अति संवेदनशील स्थलों पर रखे कड़ी नजर : पुलिस अधीक्षक

बैठक करती जिलाधिकारी

रायबरेली (स्पष्टआवाज)। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 और आगामी त्यौहारों होलिका दहन, होलिकोत्सव, रमजान, अलविदा जुमा की नमाज, ईद उल फितर, पूर्णिमा गंगा स्नान और अम्बेडकर जयंती के मद्देनजर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ सेन्ट्रल पीस कमेटी की बैठक बचत भवन सभागार में की।

जिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना शरू हो गया है। कुछ ही दिनों में होली का त्यौहार भी आ जायेगा। इन सभी त्योहारों में किसी भी प्रकार की अशांति न फैलने पाए। मंदिर और मस्जिदों में व्यापक साफ सफाई अभियान चलाया जाए। आने जाने वाले रास्तों को भी ठीक कराया जाए। साथ ही सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि चूंकि इसी बीच आदर्श आचार संहिता भी लग सकती है। इस बात का ध्यान रखा जाए कि त्योहारों को राजनीतिक रंग देने का प्रयास ना हो। जो भी माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करे, उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। त्योहारों के समय बजने वाले संगीतों पर भी कड़ी नजर रखी जाए। कोई भी व्यक्ति या समुदाय अभद्र संगीत का प्रयोग करता हुए ना मिले। डीजे बजाने वाले संस्थाओं की सूची तैयार कर लें। कोई भी सार्वजनिक कार्यक्रम करते समय प्रशासन की अनुमति अवश्य ली जाए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाए। किसी भी प्रकार की अफवाह न फैलने पाए। अराजक तत्त्वों पर नजर रखी जाए। अवैध शराब बनाने वालों पर आबकारी विभाग लगातार कार्यवाही करती रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम अपने अपने स्वास्थ्य केंद्रों पर हर समय उपस्थित रहेगी। विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया कि त्यौहारों के बीच अनवरत विद्युत आपूर्ति होती रहे।

खाद्य विभाग खाने पीने के सामानों की अभी से सैम्पलिंग करना शुरू कर दे। मिलावटी खाद्य सामग्री बनाने वालों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही मीडिया के माध्यम से इसका प्रचार प्रसार भी कराया जाए। जिससे कि लोग मिलावटी खाने-पीने के सामान खरीदते समय सावधानी बरतें।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि सभी लोग शान्ति पूर्वक त्यौहार मनाएं। सभी थानों में पुलिस विभाग हर समय मुस्तैद रहे। अति संवेदनशील स्थलों को अभी से चिन्हित कर लिया जाए। त्यौहारों के बीच आचार संहिता का भी पालन करते रहें। उल्लंघन करने वालों पर गंभीर धाराओं में कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्राधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें। पिछले 10 वर्ष के आपराधिक मामले वाले व्यक्तियों की जांच पड़ताल कर लें। जिससे कि किसी भी प्रकार की अनहोनी को रोका जा सके।

इस अवसर पर शांति समिति के सदस्यों के अतिरिक्त जनपद के सभी वरिष्ठ नागरिक, सभी धर्मों के धर्मावलम्बी और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत आलमपुर विकास खण्ड-लालगंज, रायबरेली

पत्रांक : मेमो/ग्रा0पं0/2023-24 दिनांक - 13.03.2024

टेंडर नोटिस

ग्राम पंचायत आलमपुर द्वारा केन्द्रीय वित्त/राज्य वित्त वर्ष 2023-24 की कार्य योजना में स्वीकृत निम्न कार्य को सम्पादित कराने हेतु निम्न विवरण के अनुसार सामग्री आपूर्ति करने हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद निविदायें दिनांक 19.03.2024 तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त समस्त निविदायें उसी दिन अपराह्न 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। टेंडर फार्म डालने हेतु निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व तक कार्यालय दिवस में ग्राम पंचायत से 100.00 रूपये मूल्य भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते है। टेंडर डालते समय धरोहर/जमानत धनराशि के रूप में 6624.00 निविदा/कार्य ग्राम निधि प्रथम खाते में जमा कर रसीद संलग्न करना अनिवार्य होगा। कोई भी टेंडर बिना धरोहर/जमानत राशि के स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये टेंडर निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

क्र. सं.	सामग्री का नाम	मात्रा	आपूर्ति हेतु अवधि	धरोहर राशि	आपूर्ति स्थल/कार्य का नाम
1.	डेस्क बेंच समस्त करो एवं भाड़ा सहित	40 नग	एक सप्ताह	6624	प्राथमिक विद्यालय आलमपुर में बच्चों के बैठने व्यवस्था हेतु डेस्क बेंच क्रय स्थल-प्रा0वि0 आलमपुर

प्रतिबन्ध निर्देश : 1. सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करनी होगी अर्थात् टेन्डर में कोट की गई दर एफ0ओ0आर0 होगी। 2. बिल का भुगतान नियमानुसार किया जायेगा। 3. सामग्री स्पेसीफिकेशन के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से जानकारी करने के पश्चात रेट टेण्डर किये जा सकते हैं।

ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्रा0पं0 -आलमपुर
वि0ख0 - लालगंज, रायबरेली

ग्राम प्रधान
ग्रा0पं0 -आलमपुर
वि0ख0 - लालगंज, रायबरेली

होली से पूर्व नगर पालिका परिषद की मीटिंग में आयोजन पर चर्चा

बलरामपुर। आदर्श नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू के द्वारा होली पर्व से पूर्व होली कमेटियों के पदाधिकारियों तथा गणमान्य नागरिकों और अधिकारियों के साथ मीटिंग की गई होली पर्व में सफाई पानी, पथ प्रकाश आदि व्यवस्थाओं किए जाने हेतु सुझाव प्राप्त किए गए अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलरामपुर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू द्वारा बताया कि नगर के सभी होलिका स्थलों के आस-पास सफाई एवं चूने का छिड़काव कराया जाएगा जिसमें नगर के सभी होलका स्थलों पर 6 कुंटल लकड़ी पालिका द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी नगर के मुख्य मार्गो तथा अन्य स्थानों पर पालिका में उपलब्ध संसाधनों से पथ प्रकाश व्यवस्था कराई जा रही है विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर होली पर्व में मुख्य मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने होली पर्व के पूर्व आयोजित बैठक मे कहा कि होली प्यार आपसी सौहार्द बढ़ाने का त्यौहार है इस त्यौहार को हम लोग को मिल जुलकर शान्ति पूर्ण मनाएं यदि कोई व्यक्ति रंगों से परहेज करता है तो किसी को जबरदस्ती रंग न लगाए कोई ऐसा कार्य किसी को नहीं करना चाहिए जिससे किसी भी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे नगर में हमेशा सभी पर्व सभी धर्म के लोग प्रेम मोहब्बत से मनाते हैं। कार्यक्रम सभा की अध्यक्षता राजकुमार श्रीवास्तव एड, मुख्य अतिथि बृजानंद महाराज, बाबू मंगल प्रसाद, राज बिहारी शुक्ला रघुनाथ प्रसाद शुक्ला, डॉ देवेश चंद्र श्रीवास्तव, भाजपा मीडिया प्रभारी डी पी सिंह बैस, सरदार प्रितपाल सिंह, रघुनाथ अग्रवाल, सोनू गिरी, अविनाश मिश्रा, संजय गुप्ता कमलापुरी कृष्ण गोपाल गुप्ता, डॉ विमल चंद त्रिपाठी, राधेश्याम मिश्र एड अमरीश शुवल, सुनील कसेरा अजय श्रीवास्तव आदि लोगों को होलिका महोत्सव समिति के पदाधिकारी होली कमेटी के पदाधिकारियों का माल्यार्पण अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने समस्त सभासद गणों द्वारा माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन संजय शुक्ला ने किया। सभासद व प्रतिनिधि मे विनोद गिरी, सुभाष पाठक, मनोज कुमार चौरसिया, सुशील कुमार साहू आनंद किशोर गुप्ता चिंटू मनोज यादव, सिद्धार्थ साहू, राघवेंद्र कांन्त सिंह, नंदलाल तिवारी, संदीप मिश्रा अक्षय शुक्ला, मनोज साहू मो कुमैल रिंकू खलीकुर रहमान, मोइनुददीन सिददीकी, शीबू खान, शरीफ उर्फ सब्बर आदि सभासद प्रतिनिधि व कर्मचारी मौजूद रहे।

वाटर एटीएम एवं 5 वाटर कूलर बलरामपुर नगर को समर्पित

बलरामपुर। आदर्श नगरपालिका परिषद के द्वारा स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत निःशुल्क शुद्ध जल आपूर्ति हेतु वाटर एटीएम वीर विनय चौराहे पर बलरामपुर नगर वासियों को अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, पाटेश्वरी प्रसाद गुप्ता पट्टे भइया, गौरव मिश्र सहित सभासदों के साथ उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया गया।

अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने बताया कि वीर विनय चौराहे पर वाटर एटीएम व पांच स्थानों पर वाटर कूलर रानी तालाब, फराश खाना, गायत्री मंदिर झारखंडी मंदिर, सिटी पैलेस जनता को समर्पित कर दिया गया भगवती गंज चौराहे पर वाटर कूलर निर्माण अधीन है। उक्त अवसर पर सुभाष पाठक, राघवेंद्र कान सिंह मंटू, विनोद गिरी, नंदलाल तिवारी, मोइनुददीन मोनू संदीप मिश्रा, अक्षय शुक्ला, मनोज साहू, बंटी साहू, सिद्धार्थ साहू, चिंटू गुप्ता, मनोज यादव उपस्थित रहे।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, प्रतापगढ़

ई-निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई-निविदा संख्या 64/वि0वि0मं0प्रता0/2023-24, 65/वि0वि0मं0प्रता0/2023-24, 66/वि0वि0मं0प्रता0/2023-24 एवं 67/वि0वि0मं0प्रता0/2023-24 जिसका प्रथम एवं द्वितीय भाग दिनांक 15/04/2024 को 16:00 बजे तक अपलोड किया जाना था तथा खुलने की तिथि 16/04/2024 को अपरान्ह 13:00 बजे निर्धारित थी, को अपरिहार्य कारणों उपरोक्त सभी ई-निविदाओं को निरस्त किया जाता है।

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल, प्रतापगढ़
पत्रांक :1067/ वि. वि. मं. प्रता./ सा. अनु. /टी.-3, दिनांक : 13.03.2024
'राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्व की जगह एल.ई.डी. लगायें'

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल

SA NEWS
स्पष्ट आवाज़
लखनऊ, गुरुवार, 14 मार्च, 2024
विक्रम संवत 2080, फाल्गुन मास, चतुर्थी (कृष्ण पक्ष)

आलोचना से बचने का एक ही तरीका है : कुछ मत करो, कुछ मत कहो और कुछ मत बनो।
अरस्तु

भाजपा की राह आसान

इंडिया गठबन्धन लगातार कमजोर होता हुआ दिखाई दे रहा है जबकि केंद्र की सत्ता पर काबिज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए में नये दलों के जुड़ने की खबरों से उसके बड़े लक्ष्य के साथ जीत की राह आसान होती जा रही है। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपने सहयोगी दलों के साथ 400 सीटें जीतने का लक्ष्य निश्चित किया है। भाजपा जहां इस बड़े लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पुराने सहयोगियों को फिर से साध रही है तो दूसरे दलों के नेताओं को अपने पाले में करने पर भी पार्टी का जोर है और वह इसमें बड़ी सफलताओं को प्राप्त कर रही है। ओडिशा में बीजेडी और आंध्र में टीडीपी से गठबंधन पक्का माना जा रहा है। त्रिपुरा का मुख्य विपक्षी दल टिपरा मोथा भी अब भाजपा सरकार में शामिल हो गया है। भाजपा पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक चुनावी समीकरण सेट करने एवं विभिन्न दलों को एनडीए में शामिल करने की रणनीति में जुटी है। भाजपा ने अभी अनेक प्रांतों में अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है, ताकि दूसरे दलों के एनडीए में शामिल करने एवं उनसे सीटों के समीकरण को सेट करने के दरवाजे खुले रहे। निश्चित रूप से भाजपा की यह मजबूत होती स्थिति विपक्ष की एकता के लिए अच्छी खबर नहीं कही जा सकती क्योंकि इंडिया गठबन्धन विभिन्न मजबूत क्षेत्रीय दलों का ही गठबन्धन माना जाता है जिसमें कांग्रेस एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है। समाजवादी पार्टी एवं आम आदमी पार्टी के अलावा अन्य क्षेत्रीय दलों में उतना दम नहीं है, या अनेक मजबूत दल एनडीए के साथ जुड़ चुके हैं या उन्होंने स्वतंत्र चुनाव लड़ने की घोषणा करके इंडिया गठबन्धन की सांसें छीन ली है। इन नये गठजोड़ों से बनते राजनीतिक परिदृश्य इंडिया गठबन्धन के लिये चिन्ता का कारण है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव ऐतिहासिक होंगे। ऐसी संभावनाएं हैं कि भाजपा शारदार एवं ऐतिहासिक जीत को सुनिश्चित करने के लक्ष्य को लेकर सक्रिय है। नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि इन चुनावों के परिणाम उनके 400 सीटों के लक्ष्य को हासिल करें। इसलिये भाजपा विभिन्न दलों को एनडीए में शामिल करने के जोड़-तोड़ में लगी है। इस चुनाव को लेकर चुनावी गठबंधनों का दौर चल रहा है। राजनीतिक दल चुनावी गठबंधनों और सीटों के बंटवारे पर चर्चा कर रहे हैं। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन में क्षेत्रीय दलों को जोड़ा जा रहा है।

> भाजपा जहां इस बड़े लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पुराने सहयोगियों को फिर से साध रही है तो दूसरे दलों के नेताओं को अपने पाले में करने पर भी पार्टी का जोर है और वह इसमें बड़ी सफलताओं को प्राप्त कर रही है। ओडिशा में बीजेडी और आंध्र में टीडीपी से गठबंधन पक्का माना जा रहा है। त्रिपुरा का मुख्य विपक्षी दल टिपरा मोथा भी अब भाजपा सरकार में शामिल हो गया है। भाजपा पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक चुनावी समीकरण सेट करने एवं विभिन्न दलों को एनडीए में शामिल करने की रणनीति में जुटी है।

आज का इतिहास

1647 - बावारिया, कॉलोन, फ्रांस और स्वीडन ने 30 साल चले युद्ध के बाद संघर्ष विराम संधि पर हस्ताक्षर किये।
1653 - नीदरलैंड के कमांडर जोहान वान गैलेन ने एंग्लो-डच युद्ध में ब्रिटिश बेड़े को हराया।
1794 - एली ह्विटनी ने कॉटन गिन मशीन का पेटेंट कराया जो अमेरिकी कपास उद्योग के लिए क्रांतिकारी साबित हुई।
1879 - सापेक्षता के सिद्धांत से ब्रह्मांड की गुत्थियां सुलझाने वाले महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टाइन का जन्म।
1883 - महान अर्थशास्त्री कार्ल मार्क्स का निधन।
1905 - फ्रांसीसी समाजशास्त्री, दार्शनिक और पत्रकार रेमंड आरों का जन्म।
1912 - इटली के राजा विट्टोरियो इमैनुअल तृतीय जानलेवा हमले में घायल हुए।
1913- मलयाली लेखक शंकरन कुट्टी पोट्टेक्कट का जन्म।
1914 - सर्बिया और तुर्की ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1917 - चीनी गणराज्य ने जर्मनी के साथ राजनयिक संबंध समाप्त किया।
1926 - लातिन अमेरिकी देश कोस्टारिका में रेल हादसे में 248 लोगों की मौत ,93 घायल।
1931 - भारत की पहली बोलती फिल्म आलमआरा का बॉम्बे (अब मुम्बई) में प्रदर्शन हुआ।
1941 - ब्रिटेन ने बुल्गारिया के साथ कूटनीतिक संबंधों को तोड़ा।

भाजपा और कांग्रेस गठबंधन का अंतर

अजीत द्विवेदी

लोकसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों गठबंधन बना रहे हैं। दोनों का फर्क यह है कि भाजपा का गठबंधन उसकी शर्तों पर हो रहा है, जबकि कांग्रेस सहयोगी पार्टियों की शर्तों पर गठबंधन कर रही है। यह दोनों पार्टियों की राजनीतिक स्थिति का फर्क भी बताता है। एक तरफ 10 साल से सत्ता में रह कर बेहिसाब शक्ति और संपदा इकट्ठा करने वाली भाजपा है तो दूसरी ओर राजनीति के बियाबान में भटक रही कांग्रेस है, जो 10 साल से सत्ता से बाहर है, राज्यों में कई जगह जीती हुई सरकारें गंवा चुकी है और ज्यादातर नेता केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं।

तभी ऐसा लग रहा है कि वह कहीं भी गठबंधन करने के लिए अपनी शर्तें आरोपित करने की स्थिति में नहीं है। पिछले साल के अंत में हुए राज्यों के चुनाव में खराब प्रदर्शन ने कांग्रेस की मोलभाव करने की क्षमता को और कम कर दिया। अब स्थिति यह है कि वह महाराष्ट्र में दूसरे नंबर की पार्टी के तौर पर लड़ेगी तो पश्चिम बंगाल में सभी सीटों पर उम्मीदवारों की ममता बनर्जी की एकतरफा घोषणा के बावजूद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे कह रहे हैं कि अब भी तालमेल हो सकता है। कांग्रेस को आम आदमी पार्टी के साथ तालमेल में कई जगह समझौता करना पड़ा है। उसके नेता मजबूरी बताते हुए कह रहे हैं कि कैसे गुजरात में भरूच की अहमद पटेल की सीट आप के लिए छोडनी पड़ी। लोकसभा सीटों के समझौते के नाम पर झारखंड में जेएमएम ने राज्यसभा की कांग्रेस की सीट हथिया ली है।

बहरहाल, कांग्रेस की कमजोरियां अपनी जगह हैं और सत्ता से बाहर होने के अलावा भी उसके कई कारण हैं। उसके बरक्स भाजपा सभी नए और पुराने सहयोगी दलों के साथ अपनी शर्तों पर समझौता कर रही है। भाजपा ने 38 पार्टियों का गठबंधन बनाया है लेकिन यह सुनिश्चित किया है कि पिछले एनडीए की छाया इस पर नहीं रहे। यह नया एनडीए है, जिसमें सब कुछ भाजपा के हिसाब से हो रहा है। बिहार एकमात्र अपवाद है, जहां भाजपा को मशक्कत करनी पड़ रही है। लेकिन उसके भी ऐतिहासिक कारण हैं। बिहार में भाजपा कभी भी मजबूत ताकत नहीं रही है।

तभी उसे हमेशा नीतीश कुमार के सहारे की जरुरत पड़ती है। जब वह 2014 में अकेले लड़ी थी तब भी उसे रामविलास पासवान और उपेंद्र कुशवाहा के सहारे की जरुरत थी। 2019 से पहले भाजपा ने प्रयास करके नीतीश की एनडीए में वापसी कराई थी और जब वे 2022 में फिर साथ छोड़ कर चले गए थे तो तमाम नाराजगी के बावजूद 2024 में फिर उनकी वापसी कराई गई है। लेकिन इस बार मामला थोड़ा उलझा हुआ है। भाजपा पुराने सहयोगियों को भी साथ में रखना चाहती है तभी सीटों की संख्या का पेंच उलझ गया है। नीतीश अपने हिस्से की सीटें नहीं छोड़ रहे हैं तो चिराग पासवान, पशुपति पारस, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी भी अपनी अपनी मांग पर अड़े हैं। सो, देश के बाकी राज्यों के मुकाबले भाजपा के लिए बिहार थोड़ा मुश्किल दिख रहा है फिर भी भाजपा सारे विवाद सुलझाने में जुटी है।

क्या आप सीएए के विरोधी हैं?

-नीरज कुमार दुबे

संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ भ्रम फैलाने का खेल शुरू हो चुका है। कुछ लोग इस कानून पर रोक लगाने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा रहे हैं तो कुछ लोगों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। कुछ विपक्षी मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि इस कानून को हम अपने राज्य में लागू नहीं करेंगे जबकि वह जानते हैं कि केंद्रीय कानून में हस्तक्षेप करना उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर है। मगर वोटों की राजनीति के लिए वह कुछ भी बोल रहे हैं। इस क्रम में दिल्ली के मुख्यमंत्री तो सबसे आगे निकल गये और सीएए का विरोध करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ अमर्यादित शब्द का उपयोग करते हुए कह दिया है कि ये क्या बदतमीजी है। जो लोग तुष्टिकरण की राजनीति के लिए सीएए का विरोध कर रहे हैं उनसे हमारे कुछ सवाल हैं। क्या वह एक बार भी उन बस्तियों में गये हैं जहां पड़ोसी देशों से आये शरणार्थी रह रहे हैं? भारत में रह रहे शरणार्थियों को अपने मूल देश में धर्म के आधार पर प्रताड़ना झेलनी पड़ी। उनके सामने विकल्प थे या तो धर्मांतरण कर लो या मर जाओ या देश छोड़ दो। उन्होंने देश छोड़ कर भारत में शरण ली लेकिन यहां की नागरिकता नहीं होने के चलते उनको सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। यही नहीं कोई उन्हें काम पर भी नहीं रखता क्योंकि वह अपनी पहचान साबित नहीं कर सकते। ऐसे में कम पैसों में ज्यादा मजदूरी करके वह किसी तरह अपना पेट पालते हैं, उनके बच्चों का स्कूल में एडमिशन नहीं होता और जरूरत पड़ने पर अस्पताल में भी इलाज में परेशानी होती है क्योंकि उनकी कोई पहचान नहीं है।जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं क्या उनमें से एक ने भी इस कानून के नियमों को पूरी तरह से पढ़ा है? जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं क्या उनमें जरा भी मानवता नहीं है? जो लोग कह रहे हैं कि इसमें पड़ोसी देशों के मुस्लिमों को क्यों नहीं शामिल किया गया क्या वह इस बात को नहीं जानते कि मुस्लिमों को इस्लामिक देश में धर्म के आधार पर प्रताड़ित नहीं किया जाता? अगर वह वहां किसी तरह परेशान भी हैं तो दुनिया में कई इस्लामिक देश हैं जहां वह बस सकते हैं। लेकिन हिंदुओं के लिए हिंदू बहुलता वाला एक ही देश भारत है जहां वह आ सकते हैं। जो लोग कह रहे हैं कि सीएए में मुस्लिमों को शामिल नहीं कर भारत के संविधान का उल्लंघन किया गया है, उन्होंने शायद गृह मंत्रालय का बयान नहीं पढ़ा है। इसके अलावा, भारत कैसे सभी धर्मों को साथ लेकर चलता है और कैसे अपने अल्पसंख्यकों का खास ख्याल रखता है, इसे आप इस बात से भी समझ सकते हैं कि भारत में अल्पसंख्यक मामलों के लिए अलग से मंत्रालय है। यही नहीं, भारत में वक्फ एक्ट के तहत मुस्लिमों के लिए अलग से भूमि अधिकार कानून है। साथ ही भारत में आर्टिकल 30 के तहत अल्पसंख्यकों के लिए विशेष धार्मिक शिक्षा अधिकार कानून है। यही नहीं भारत में एचआरसीई एक्ट के तहत मंदिरों की संपत्ति और प्रबंधन से जुड़े तमाम अधिकार राज्य सरकारों के हाथ में हैं मगर किसी अन्य धर्म से जुड़े स्थलों पर सरकार का किसी प्रकार का नियंत्रण नहीं है। लेकिन हल्ला मचाने वालों का एक ही लक्ष्य है कि झूठ इतनी बार बोलो और इतना तेज बोलो कि सच दब कर रह जाये। मगर सच दब नहीं सकता। जिसके मन में सीएए को लेकर जरा भी शक है उसे केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी बयान को पढ़ना चाहिए जिसमें कहा गया है कि नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) पर भारतीय मुसलमानों को किसी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि इस कानून का भारतीय

> कुछ लोग इस कानून पर रोक लगाने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा रहे हैं तो कुछ लोगों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। कुछ विपक्षी मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि इस कानून को हम अपने राज्य में लागू नहीं करेंगे जबकि वह जानते हैं कि केंद्रीय कानून में हस्तक्षेप करना उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर है। मगर वोटों की राजनीति के लिए वह कुछ भी बोल रहे हैं। इस क्रम में दिल्ली के मुख्यमंत्री तो सबसे आगे निकल गये और सीएए का विरोध करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ अमर्यादित शब्द का उपयोग करते हुए कह दिया है

मुसलमानों से कोई लेना-देना नहीं है जिनके पास अपने समकक्ष हिंदू भारतीय नागरिकों के समान अधिकार हैं। मंत्रालय ने सीएए के संबंध में मुसलमानों और छात्रों के एक वर्ग की आशंका को दूर करने की कोशिश करते हुए यह स्पष्ट कर दिया कि ''इस कानून के बाद किसी भी भारतीय नागरिक को अपनी नागरिकता साबित करने के लिए कोई दस्तावेज पेश करने के लिए नहीं कहा जाएगा।'' गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि भारतीय मुसलमानों को किसी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि इस कानून में उनकी नागरिकता को प्रभावित करने वाला कोई प्रावधान नहीं है। बयान में कहा गया है कि नागरिकता कानून का वर्तमान 18 करोड़ भारतीय मुसलमानों से कोई लेना-देना नहीं है, जिनके पास अपने समकक्ष हिंदू भारतीय नागरिकों के समान अधिकार हैं।हम आपको बता दें कि गृह मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि उन तीन मुस्लिम देशों में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के कारण पूरी दुनिया में इस्लाम की छवि बुरी तरह खराब हुई है। हालांकि, इस्लाम एक शांतिपूर्ण धर्म होने के नाते, कभी भी धार्मिक आधार पर घृणा, हिंसा, उत्पीड़न को बढ़ावा नहीं देता है। गृह मंत्रालय के बयान में कहा गया कि यह कानून अत्याचार के नाम पर इस्लाम की छवि खराब होने से बचाता है। कानून की आवश्यकता बताते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि भारत का अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ प्रवासियों को इन देशों में वापस भेजने के लिए कोई समझौता नहीं है। बयान में कहा गया है कि यह नागरिकता कानून अवैध प्रवासियों के निर्वासन से संबंधित नहीं है। इसलिए मुसलमानों और छात्रों सहित लोगों के एक वर्ग की चिंता अनुचित है कि सीएए मुस्लिम अल्पसंख्यकों के खिलाफ है। मंत्रालय ने कहा है कि नागरिकता अधिनियम की धारा 6, जो प्राकृतिक आधार पर नागरिकता से संबंधित है, के तहत दुनिया में कहीं से भी मुसलमानों के लिए भारतीय नागरिकता प्राप्त करने पर कोई रोक नहीं है।बयान में कहा गया कि अन्य धर्मों वाले भारतीय नागरिकों की तरह भारतीय मुस्लिमों के लिए आजादी के बाद से उनके अधिकारों की स्वतंत्रता और अवसर को कम किए बिना, सीएए ने 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत आने वाले लोगों के उत्पीड़न की पीड़ा को कम करने तथा उनके प्रति उदार व्यवहार दिखाने के उद्देश्य से नागरिकता के लिए आवेदन की योग्यता अवधि को 11 से कम कर पांच साल कर दिया है। सीएए लाने के औचित्य पर जोर देते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि उन तीन देशों के उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों के प्रति सहानुभूति दर्शाने के लिए यह कानून, भारत की उदार संस्कृति के अनुसार उनके सुखी और समृद्ध भविष्य के लिए उन्हें भारतीय नागरिकता प्राप्त करने का अवसर देता है।

पाकिस्तान की स्याह सियायत का चेहरा जरदारी

आर.के. सिन्हा

आसिफ अली जरदारी करप्शन के आरोपों के सिलसिले में 11 साल जेल में रहे। पर, किस्मत का खेल देखिए कि अब वह दूसरी बार पाकिस्तान के राष्ट्रपति बन गए हैं। यही पाकिस्तान की राजनीति के स्याह चेहरे का सच है। पिछले तीन दशकों से, वे जेल और सत्ता के नजदीक रहे हैं। उन्हें संभवतः पाकिस्तान का सबसे बदनाम राजनेता माना जा सकता है, जो सत्ता के सर्वोच्च पद तक पहुंचने में कामयाब रहा। व्हीलिंग और डीलिंग में माहिर रहे हैं जरदारी। वो 2007 में बेनजीर भुट्टो की हत्या के बाद देश की राजनीति में आए थे। उसके बाद जरदारी अपने देश के राष्ट्रपति बन गए। बेशक, जरदारी से बेहतर सत्ता की राजनीति कोई नहीं कर सकता। एक दशक से अधिक समय तक जेल में रहने और लगातार विवादों में घिरे रहने के बाद, वह पाकिस्तानी राजनीति में अछूत से लेकर निर्विवाद किंगमेकर बन गए। जरदारी एक चतुर और चालाक राजनीतिज्ञ साबित हुए हैं। उन्होंने दिसंबर 2007 में पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) नेतृत्व की कमान संभाली। उन्होंने 2008 के संसदीय चुनाव में पीपीपी को जीत दिलाई

और सैन्य नेता जनरल परवेज़ मुशर्रफ को पद छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया।

बेनजीर भुट्टो के पहले कार्यकाल के दौरान, जरदारी पर संपत्ति हड़पने के लिए अपनी पत्नी के पद का दुरुपयोग करने के आरोप लगे। विपक्ष ने आरोप लगाया कि जरदारी ने हर सरकारी परियोजना पर कमीशन लिया और उन्हें ÷मिस्टर टेन परसेंट÷ का लेबल दिया। उन्हें अपनी पत्नी की पहली सरकार के पतन के लिए भी दोषी ठहराया गया। उन्हें पहली बार 1990 में गिरफ्तार किया गया। जरदारी ने ऐसे समय में राजनीतिक मैदान में उतरने का फैसला किया, जब सब कुछ उनके खिलाफ होता दिख रहा था। उन्होंने 1990 में अपने गृह नगर सिंध के नवाबशाह से नेशनल असेंबली सीट के लिए चुनाव लड़ने का फैसला किया था। कुछ हफ्ते बाद, उन्हें कई आरोपों में गिरफ्तार कर लिया गया। वह चुनाव भी हार गए, लेकिन वे 1993 में नेशनल असेंबली के लिए चुने गए। जब उनकी बेगम बेनजरी भुट्टो प्रधानमंत्री थीं, तब जरदारी पर्दे के पीछे से खेल खेलते थे और उन्होंने खुद को देश का सुपर प्रधानमंत्री के रूप में स्थापित कर लिया था।

जरदारी ने 200 से अधिक आरोपों में विशेष अदालतों में मुकदमे का सामना किया, जिसमें फिरौती के लिए अपहरण से लेकर बैंकों को धोखा देने से लेकर राजनीतिक विरोधियों की हत्या की साजिश रचने तक के केस शामिल थे। लेकिन उन पर लगे कोई भी आरोप साबित नहीं हुए। 1992 में जमानत पर रिहा होने के बाद जरदारी का सितारा फिर चमक उठा। यह पाकिस्तान के राजनीतिक इतिहास में एक अविस्मरणीय क्षण था, जब जरदारी को जेल से रिहा किया गया और 1993 में नवाज शरीफ की पहली संघीय सरकार को हटाने के बाद बनी अंतरिम सरकार में उन्होंने संघीय मंत्री के रूप में शपथ ली। विडंबना यह है कि शपथ राष्ट्रपति गुलाम इशाक खान ने दिलाई। उन्होंने ही जरदारी को जेल भेजने का रास्ता साफ किया था। दरअसल 1993 के चुनावों में पीपीपी की जीत के बाद, जरदारी उन सभी विवादों के साथ सत्ता में वापस आ गए, जिनके चलते बेनजीर भुट्टो सरकार गिरी थी। अब संघीय मंत्री जरदारी पर एक बार फिर भ्रष्टाचार और राजनीतिक हेराफेरी के आरोप लगने लगे। हालांकि जरदारी को अतीत में कभी भी निर्णायक रूप से दोषी नहीं ठहराया गया, लेकिन पाकिस्तान की अवाम को जन्नत की हकीकत पता है। उनकी बहनों सहित उनके परिवार के कुछ सदस्य भी भ्रष्टाचार में कथित रूप से अकंठ डूबे हुए थे। इमरान खान के पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने के बाद लग रहा था कि अब आसिफ अली जरदारी की पारी का अंत हो गया।

राजनीति के अपराधीकरण का सशक्त उदाहरण है शाहजहां शेख का मामला

उमेश चतुर्वेदी

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली का आरोपी शाहजहां शेख 29 फरवरी को गिरफ्तार किया जा चुका है। उसकी गिरफ्तारी के बाद संदेशखाली में जश्न का माहौल होना स्वाभाविक है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि शाहजहां शेख पर जब आरोप लगे, तभी उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। आखिर कलकत्ता हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ही उसे गिरफ्तार क्यों किया गया? उसकी गिरफ्तारी के संदर्भ में गौर करने की एक बात और है कि उसकी गिरफ्तारी पश्चिम बंगाल पुलिस ने तब की है, जब कलकत्ता हाईकोर्ट ने यह कहा कि शाहजहां शेख की गिफ्तारी सीबीआई या बंगाल पुलिस या फिर कोई भी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी कर सकती है।हाईकोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद तय हो गया कि शाहजहां शेख को अब गिरफ्तार करना ही पड़ेगा। तब पश्चिम बंगाल की सरकार को लगा कि अगर केंद्रीय एजेंसियां उसे पकड़ती हैं तो लोकसभा चुनावों के ठीक पहले तृणमूल कांग्रेस की स्थिति कमजोर होगी। भारतीय जनता पार्टी को प्रचार करने का मौका मिलेगा और फिर चुनावी मैदान में तृणमूल कांग्रेस के लिए जवाब देना मुश्किल होगा। इसी वजह से शाहजहां शेख को उसी संदेशखाली से पश्चिम बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जहां उसके न होने की बात कही जा रही थी। कहा तो यहां तक जा रहा था कि शेख पश्चिम बंगाल से लंदन भागने की फिराक में है। शाहजहां शेख का नाम राशन घोटाले में छापा मारने गई प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमले के बाद ज्यादा चर्चा में आया। जबकि उसका आपराधिक साम्राज्य पहले से ही चल रहा था। उसके आपराधिक साम्राज्य और राज्य की सत्ताधारी राजनीति में उसकी दखल और दबंगई का अंदाजा इस बात से लगाया ज सकता है कि ईडी की टीम पर उसके गुंडों ने उसकी शह पर हमला किया। ईडी के अधिकारियों को गंभीर चोटें आईं। इसके बावजूद वह फरार रहा। पश्चिम बंगाल की सरकार उसे गिरफ्तार करने की जहमत तक नहीं उठा रही थी। ऐसे में 29 फरवरी की उसकी गिरफ्तारी भी सवालों के घेरे में रखी जा सकती है। यह मानने के लिए कोई संदेह नहीं है कि पश्चिम बंगाल की सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के कड़े रुख के बाद शाहजहां शेख को गिरफ्तार करने का एक तरह से रस्म पूरा किया है। ताकि आशंकित राजनीतिक नुकसान से बचा जा सके। शाहजहां शेख पश्चिम बंगाल के सत्ता के दुरुपयोग का अनूठा केस है। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के ठीक 55 दिनों बाद उसकी गिरफ्तारी होना एक तरह से पश्चिम बंगाल की सत्ता के दुरुपयोग का मामला है। दिलचस्प यह है कि साल 2011 में ममता बनर्जी जिन मूल्यों को स्थापित करने के लिए माटी और मानुष का नारा देकर पश्चिम बंगाल की सत्ता पर काबिज हुई थीं, वे मूल्य उनकी सत्ता ने कभी अख्तियार ही नहीं किए। सत्ता में आने के पहले तक ममता ने तत्कालीन वाममोर्चा सरकार की जमकर बखिया उधेड़ी। उन्होंने वाममोर्चा सरकार को अत्याचारी, भ्रष्टाचारी और महिलाओं की इज्जत तार-तार करने वाली सत्ता साबित करने में कामयाब रहीं। ऐसे में उम्मीद थी कि जब वे सत्ता में आएंगी, पश्चिम बंगाल की स्थितियां बदलेंगी। वहां अमन-चैन कायम होगा। महिलाओं की अस्मिता की रक्षा होगी। लेकिन तृणमूल कांग्रेस के रवैये में बहुत बदलाव नहीं हुआ। दरअसल हुआ यह कि पहले जो वामपंथी दलों के साथ कैडर के रूप में स्थानीय आपराधिक तत्व जुड़े हुए थे, अपने स्थानीय हितों के लिए वे तृणमूल कांग्रेस के साथ आते चले गए। फिर मौका देखते ही उन्होंने अपने पुराने ढर्रे को अपना लिया। तृणमूल के नेता भी आर्थिक अपराधों में शामिल होते चले गए। नौकरी के लिए घोटाला हो, या फिर शारदा घोटाला या कुछ और, तृणमूल कांग्रेस की सरकार अपने-अपने ढंग से भ्रष्टाचार में शामिल होते चले गए। इसका असर यह हुआ कि पश्चिम बंगाल में सत्ता भले ही बदल गई, सत्ता का चरित्र नहीं बदला।पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बनने से पहले ममता बनर्जी केंद्र में मंत्री रहीं। वे सदा साधारण सूती साड़ी पहनती रहीं, हवाई चप्पल और पुरानी फिएट कार से चलती रहीं। उन्होंने अपने पुराने कालीघाट के घर में ही रहना जारी रखा। ऐसे में उनसे उम्मीद थी कि वे सत्ता में भ्रष्टाचार को काबू करेंगी। लेकिन हुआ इसका ठीक उलटा।

ममता बनर्जी के लिए कहीं नंदीग्राम न बन जाए संदेशखाली

विकास सक्सेना

अंग्रेजी की एक प्रसिद्ध कहावत है कि एक कील की वजह से पूरा राज्य खो जाता है। इसको स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि कील की वजह से नाल, नाल की वजह से घोड़ा, घोड़े की वजह से युद्ध और युद्ध की वजह से राज्य से हाथ धोना पड़ जाता है। यही हाल लोकतंत्र में भी होता है। कई बार बहुत मजबूत दिख रहे नेता या दल के लिए कोई घटना उसके पतन का कारण बन जाती है। पश्चिम बंगाल इसका जीता जागता उदाहरण है। यहां 34 साल के वामपंथी शासन के लिए 14 मार्च, 2007 को नंदीग्राम में किसानों पर गोलीबारी की घटना विनाशकारी साबित हुई। कभी राज्य की 80 प्रतिशत से ज्यादा सीटें जीतने वाले वामदलों का आज यहां एक भी विधायक नहीं है। वामपंथियों को बेदखल करके यहां की सत्ता पर काबिज होने वाली ममता बनर्जी के लिए अब संदेशखाली का मामला वामपंथियों के नंदीग्राम की तरह साबित हो सकता है। इसके अलावा अब नागरिकता संशोधन कानून लागू करके केंद्र सरकार ने दीदी के लिए नई मुसीबत खड़ी कर दी है। स्वतंत्र भारत के एक राज्य में सत्ताधारी दल का नेता किस प्रकार महिलाओं को अपनी 'निजी सम्पत्ति' की तरह 'इस्तेमाल' कर रहा था यह सुनकर सभ्य समाज के किसी भी व्यक्ति की रूह तक कांप जाए। पीड़ित महिलाओं ने स्वयं आरोप लगाए हैं कि कबीलाई संस्कृति की तरह सुन्दर महिलाओं के घरों पर संदेश भेजे जाते थे कि वे रात को पार्टी कार्यालय पर आ जाएं अन्यथा सफेद साड़ी पहनने के लिए तैयार रहें। हालात इतने खौफनाक थे कि तृणमूल कांग्रेस के गुंडे वहां के पुरुषों से सरेआम कहा करते थे कि वह महिला पत्नी भले ही तुम्हारी हो लेकिन उस पर

अधिकार 'हमारा' है। मामला सामने आने के बाद पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संदेशखाली गांव की महिलाओं का शोषण रोकने की जगह उनकी अस्मत से खेलने वाले पार्टी कार्यकर्ता शेख शाहजहां और उसके गुर्गों को बचाने में अपनी राजसत्ता की ताकत का इस्तेमाल किया।

मुख्य आरोपित शेख शाहजहां के मामले में ममता बनर्जी एक के बाद एक गलती करती चली गईं। जब खाद्यान्न घोटाले के मामले में पूछताछ के लिए गए ईडी के अधिकारियों पर शेख शाहजहां और उसके गुंडो ने हमला किया तो उनको गिरफ्तार कराने की जगह यह जताने की कोशिश की गई कि किस तरह केंद्रीय जांच एजेंसियों को बंगाल में काम करने से रोका जा सकता है। इस घटना के बाद गांव में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की गई जिससे पीड़ित महिलाओं को नई ताकत मिल गई। उन्होंने शेख शाहजहां के जुल्मों के खिलाफ आवाज बुलंद की। लेकिन जब ये महिलाएं कैमरे के सामने आकर अपनी व्यथा सुना रही थीं उस समय राज्य की महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उनकी पीड़ा समझने के बजाए उन पर लांछन लगा रही थीं। ममता बनर्जी के सवाल हैरान करने वाले थे। वे अपनी पीड़ा बताने वाली महिलाओं के मुंह ढंकने पर सवाल उठा रही थीं। जबकि दुष्कर्म पीड़िताओं की पहचान उजागर करने पर रोक है। पीड़िताओं से पूछा जा रहा था कि उन्होंने अब तक पुलिस में शिकायत दर्ज क्यों नहीं कराई। महिलाएं बता रही थीं कि जब वे पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने जाती थीं तो उन्हें वापस शेख शाहजहां और उसके गुंडों के पास भेज दिया जाता था। शोषण की सारी सीमाएं पार होने के बाद सड़कों पर उतरी महिलाओं ने बाकायदा न्यायालय में शपथ पत्र देकर आप बीती बताई तो न्यायालय के दबाव में आरोपित शिबू हाजरा, उत्तम सरदार और शेख शाहजहां आदि के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हो गए। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के मामले में फरार चल रहे शेख शाहजहां को 56 दिनों तक सरकार बचाती रही। मामले के ज्यादा तूल पकड़ने और न्यायालय से फटकार लगने पर आखिरकार उसे गिरफ्तार किया गया पर उसे बचाने के लिए ममता बनर्जी की सरकार पूरी ताकत से जुटी रही। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद पश्चिम बंगाल की पुलिस ने शेख शाहजहां को सीबीआई के सुपुर्द नहीं किया। इसके बाद जब अवमानना का मामला दर्ज हुआ तो भी दो घंटा इंतजार कराने के बाद पश्चिम बंगाल की पुलिस ने शेख शाहजहां को सीबीआई के हवाले किया। न्यायालय जाते समय शेख शाहजहां की चाल -ढाल से उसके रुतबे का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। पश्चिम बंगाल के एक छोटे सुदूर गांव संदेशखाली जहां पहुंचने के लिए धामाखाली से नाव में सवार होकर इच्छामती नदी को पार करना पड़ता है। वहां की पीड़िताओं ने पूरे पश्चिम बंगाल के वातावरण का बदल कर रख दिया है। मां, माटी और मानुष की बात करने का दावा करने वाली ममता बनर्जी पर आरोप लग रहे हैं कि पीड़िताएं अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग की होने के कारण इनके लिए उनकी संवेदनाएं नहीं जगीं।

लालबाग चौराहे पर अटल प्रतिमा का अनावरण आज

■डिप्टी सीएम बृजेश पाठक प्रतिमा से हटायेंगे पर्दा

■लोकसभा चुनाव के लिहाज से अहम है मूर्ति अनावरण

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। लालबाग चौराहे पर अटल प्रतिमा का गुरूवार को अनावरण होगा। सूबे के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक प्रतिमा से पर्दा हटायेंगे। अटल प्रतिमा के अनावरण को लेकर भाजपा खेमा बेहद उत्साहित है। सांसद राजेश वर्मा के प्रयासों से हो रहे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संगठन ने पूरी ताकत झोकी है। लोक सभा चुनाव के लिहाज से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा अनावरण अहम माना जा रहा है। राजनीति में शुचिता, पारदर्शिता और आदर्शवादिता की मिसाल रहे पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेयी का सीतापुर से बेहद लगाव रहा है। अटल जी के कई संगी साथी सीतापुर में सक्रिय राजनीति का हिस्सा रहे हैं। लालबाग चौराहे पर उनकी प्रतिमा का अनावरण होने से बहुतायत संख्या में उनके चाहने वाले पार्टी से जुड़ेंगे। वर्ष 2020 में कलेक्ट्रेट सभागार में दिशा की बैठक के दौरान सांसद राजेश वर्मा ने लालबाग चौराहे पर पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा लगवाने की बात कही थी। चुनाव से पहले अपने इस वादे पर खरे उतरते हुए उन्होंने कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया है। प्रतिमा का अनावरण करने के लिए यूपी के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक सीतापुर पहुंचेंगे। अनावरण के बाद वह लालबाग पार्क में सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की सफलता को लेकर सांसद राजेश वर्मा, जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, नगर पालिकाध्यक्ष नेहा अवस्थी, भाजपा नेता मुनींद्र अवस्थी, नमींद्र अवस्थी सहित सभी संगठन पदाधिकारियों ने योजनाबद्ध ढंग से कार्य किया है।

सांसद आज देंगे चार ओपन जिम की सौगात

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सांसद राजेश वर्मा गुरूवार को अटल प्रतिमा अनावरण के अलावा नगरवासियों को चार ओपन जिम की सौगात भी देंगे। सांसद राजेश वर्मा ने बातचीत में बताया कि एनयूपीपीएल की सीआरएस निधि से चार ओपन जिम बन कर तैयार हो चुके हैं। जिनका गुरूवार को उद्घाटन होगा। यह ओपन जिम नगरवासियों के लिए पूरी तरह निःशुल्क है। जिम की मदद से युवा वर्ग ही नहीं बल्कि बुजुर्ग भी अपनी सेहत का ख्याल रख सकेंगे। महावीर उद्यान, सरोजनी वाटिका, स्टेडियम, इस्माइलपुर स्थित व्यायामशाला में ओपन जिम बन कर तैयार हो चुका है। जिसका गुरूवार को उद्घाटन होगा।

नया कैंची पुल तैयार, आज से दौड़ेंगे वाहन

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। नया कैंची पुल बन कर तैयार हो चुका है। पुल के उद्घाटन का इंतजार कर रहे लोगों के लिए खुशखबरी है। उद्घाटन भले ही गुरूवार को न हो सके पर नये पुल से वाहनों का दौड़ना शुरू हो जायेगा। जानकार सूत्रों की माने तो लोक निर्माण विभाग की ओर से बनाये गये इस पुल का उद्घाटन पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद के हाथों कराये जाने की तैयारी हो रही थी। किन्ही कारणों से मंत्री का प्रोग्राम फिलहाल नहीं मिल पाया है। लिहाजा गुरूवार को इस पुल से वाहनों का आवागमन शुरू हो सकता है।

सीतापुर में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक गुरूवार को सीतापुर आयेंगे। उनका हेलीकाप्टर राजकीय इंटर कॉलेज में बनाये गये हेलीपैड पर उतरेगा। यहां से बृजेश पाठक स्टाफकार से जिला अस्पताल के लिए रवाना होंगे। यहां स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करेंगे। दोपहर 2 बजे डिप्टी सीएम लालबाग चौराहे पर पहुंचेंगे और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण करेंगे। बृजेश पाठक मूर्ति अनावरण व जनसभा को संबोधित करने के बाद पूर्व प्राचार्य डॉ. अरूण कुमार त्रिवेदी के स्वास्थ्य का हालचाल लेंगे और आवास विकास कालोनी पहुंच कर कंधई लाल से भेंट करेंगे।

शिक्षा में सुधार के लिए सरकार संकल्पबद्धः आशा मौर्या

■विधायक ने संकुल के निपुण विद्यार्थियों को किया सम्मानित

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। केंद्र व राज्य की सरकार शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए संकल्पबद्ध है। मिशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों का भौतिक परिवेश आकर्षक बन रहा है। इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे ही आगे चलकर देश के कर्णधार बनेंगे।बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित हमारा आँगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए विधायक आशा मौर्या ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आपस में तालमेल बनाकर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने निपुण प्राथमिक विद्यालय सिहारूखेड़ा, प्राथमिक विद्यालय बाबूपुर द्वितीय और कम्पोजिट विद्यालय देव सराय के शिक्षकों के साथ-साथ प्रत्येक संकुल के पाँच-पाँच निपुण विद्यार्थियों को सम्मानित किया। बीईओ सीमी निगार, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष हंसराज वर्मा, मंत्री ज्ञानेश मिश्र, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष संदीप वर्मा, मंत्री पुनीत वर्मा, टीम पहल के जिला प्रभारी उमेश वर्मा, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक शकील अहमद ने अतिथियों का स्वागत किया। अर्चना वर्मा, नीतू सिंह, रेनू सिंह, अवंतिका गुप्ता, निहारिका गुप्ता, सपना शर्मा ने वाणी वंदना प्रस्तुत की।कार्यक्रम का संचालन एआरपी पीयूष वर्मा ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री सुधीर सिंह, सीपी तिवारी, विजय सिंह तोमर, रमाशंकर वर्मा, प्रदीप सिंह, सीपी निगम, रवि अवस्थी, आर्यन शुक्ल, एआरपी विजय प्रताप सिंह, दिनेश कुमार, सिराज अहमद, अभिषेक परिहार, शशांक वर्मा, अनुज वर्मा, गीता विश्वकर्मा, अजीम हैदर, कमलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक रहे।

संक्षिप्त आवाज़

19 व 20 मार्च को होगी जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सीनियर महिला एवं पुरूष जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन 19 व 20 मार्च को होगा। यह जानकारी देते हुए जिला क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि वालीबाल पुरूष (सीनियर वर्ग) प्रतियोगिता 19 मार्च को प्रातः 9 बजे से तरणताल स्टेडियम, हॉकी पुरूष (सीनियर वर्ग) प्रतियोगिता 19 मार्च को प्रातः 9 बजे से मेजर ध्यान चन्द स्टेडियम, कबड्डी महिला (सीनियर वर्ग) प्रतियोगिता 20 मार्च को प्रातः 9 बजे से तरणताल स्टेडियम तथा फुटबाल पुरूष (सीनियर वर्ग) प्रतियोगिता 20 मार्च को प्रातः 9 बजे से मेजर ध्यान चन्द स्टेडियम में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार खेल विभाग की ओर से प्रदान किये जायेंगे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी घायल

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे दो बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी महमूदाबाद में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने देखते ही एक को मृत घोषित करते हुए दूसरे घायल का इलाज शुरू किया। अटरिया थाना क्षेत्र के कठवा गांव निवासी सूरज कुमार उम्र 20 वर्ष पुत्र सुरेश अपने एक साथी के साथ बाइक से तिलक समारोह में शामिल होने महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के अंबाई गांव निवासी राहुल पुत्र रामकुमार के यहां आ रहा था। तभी सिधौली मार्ग पर सिरौली चौराहे के निकट उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी महमूदाबाद में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने देखते ही सूरज को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक का इलाज सीएचसी में चल रहा है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। इलाके के फायर स्टेशन के निकट एक तेज़ रफ़्तार वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। बताते चले कि अनुज कुमार उम्र 36 वर्ष पुत्र सोहन लाल निवासी भागूपुर थाना कमलापुर किसी कार्य से बाइक पर सवार होकर सिधौली जा रहा था। तभी फायर स्टेशन के निकट अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से ज़ख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सिधौली सीएचसी में भर्ती कराया गया।

युवाओं को बेहतर नागरिक बनाना सरकार की मंशाः सुरेश राही

■डिग्री कॉलेज में 205 छात्रों को राज्यमंत्री ने बांटे स्मार्ट फोन

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। हाजी नवाब अली डिग्री कॉलेज में निःशुल्क स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख हरगांव कमलेश वर्मा ने की। कॉलेज प्रबंधक मोहम्मद जुबेर ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन कौशल आनंद ने किया। इस मौके पर वक्ताओं ने स्मार्टफोन के शैक्षिक प्रयोग के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि सरकार की मंशा है कि हमारे देश के नवयुवक अच्छी शिक्षा प्राप्त कर होनहार और काबिल नागरिक बनकर देश और समाज की बेहतर सेवा के लायक बन सके। छात्रों को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराने का उद्देश्य यही है कि हमारे बच्चे स्मार्टफोन के सहयोग से इंटरनेट और गूगल आदि के माध्यम से विभिन्न विषयों की बहुत सी जानकारियां हासिल कर सके और जमाने के साथ कदम से कदम मिलाकर रफ्तार की दौड़ में शामिल होकर आगे बढ़ सके। सभी छात्र स्मार्ट फोन का प्रयोग शैक्षिक कार्य के लिए ही करे तो बेहतर होगा। ब्लॉक प्रमुख हरगांव कमलेश वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों की तरक्की और खुशहाली के लिए कार्य कर रही है। समाज के सभी वर्गों को समान रूप से कल्याणकारी योजनाओं में सम्मलित किया जा रहा है। स्मार्ट फोन सभी को उपलब्ध कराये जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान 205 छात्रों को स्मार्ट फोन उपलब्ध कराये गये। इस अवसर पर महेन्द्र अवस्थी, भगवानदीन त्रिवेदी, प्रधान शादाब खान, प्रमोद बाजपेयी, देवेंद्र पांडेय, हसीन अंसारी, आसिफ खान, विभू पुरी, योगेश मिश्रा, कॉलेज के प्राचार्य आलोक सक्सेना, ज्ञानेंद्र पांडेय, हासिम अंसारी, धर्मेंद्र पांडेय, प्रखर रस्तौगी, ओमकार राजपूत, गुलजार खैराबादी, अमित जोशी आदि मौजूद रहे।

सोशल मीडिया पर भी रहेगी प्रशासन की नजर

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। आगामी लोकसभा आम चुनाव के दौरान जिला प्रशासन द्वारा पेड न्यूज को लेकर विभिन्न स्तरों पर निगरानी रखी जाएगी। प्रिंट मीडिया सहित इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। प्रस्तावित चुनाव को लेकर जिले में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जिले में पेड न्यूज, एमसीएमसी, खर्चा सतर्कता व मीडिया शिकायत को लेकर कमेटी का गठन किया गया है। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा पेड न्यूज, एमसीएमसी, एमसीसी, खर्चा सर्तकता व मीडिया शिकायत को लेकर संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

घरेलू बटवारे को लेकर दो पक्षों में चले डंडे व धारदार हथियार

■एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी, दो महिलाओं सहित तीन को आई चोटे

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परसिया नेरिया में घरेलू बटवारे को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गये। दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले। हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दो महिलाओं सहित तीन लोगों को भी चोटे आई है। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परसिया में घरेलू बंटवारे को लेकर संदीप एवं मोतीलाल के मध्य हुए विवाद में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान लाठी डंडे व धारदार हथियारों का भी प्रयोग किया गया। गांव के निवासी संदीप का कहना है कि घरेलू विवाद के चलते मोतीलाल उसकी पत्नी शिव कुमारी व पुत्री मोहनी देवी ने उसके घर पर आकर गंदी-गंदी गालियां दी। मेरे पिता सोहनलाल व भाई रामसहारे के विरोध करने पर मोतीलाल ने राम सहारे उम्र 30 वर्ष पर बांके से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। विपक्षी मोतीलाल, शिव कुमारी व मोहिनी देवी ने मेरे पिता सोहनलाल, मां शिव देवी व बहन लक्ष्मी को भी जमकर लाठी डंडों से मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि संदीप की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

दंत रोगियों का अब तंबौर में ही होगा समुचित उपचार

■सीएचसी में दंत विभाग रूम का सांसद ने किया उद्घाटन

■राजेश वर्मा ने केपीएस कॉलेज में सांसद खेल स्पर्धा का किया शुभारंभ

बेहटा-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर में दंत विभाग रूम का सांसद राजेश वर्मा व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरपाल सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि मरीजों की सुविधा के लिए गेल की सीएसआर निधि से दंत विभाग रूम तैयार किया गया है। इसकी लागत लगभग पचास लाख रुपए आयी है। उन्होंने कहा कि दंत रोगियों को अब इलाज के लिए बाहर दौड़ना नहीं पड़ेगा। दंत रोगियों के इलाज के लिए एक दंत चिकित्सक की तैनाती कर दी गई है। जिससे कस्बा व क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार ने आए हुए अतिथियों को बुके देकर व माला पहनाकर कर स्वागत किया। इसके अलावा सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत केपीएस पीजी कॉलेज तंबौर में वालीबाल, लम्बी दौड़ व अन्य खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। सांसद राजेश वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। सांसद राजेश वर्मा ने बताया कि विभिन्न कंपनियों के सहयोग से आयोजित स्पर्धा में भाग लेने वाले प्रतियोगियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया जायेगा। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. मलिका परमार, जयकुमार वर्मा, मो. जियाउल हक, झब्बन बेग, पूर्व प्रमुख अनुपम वर्मा, अमित सिंह, गिरिजेश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

जेवर व नगदी लेकर विवाहिता ससुराल से फरार

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। जेवर व नगदी लेकर विवाहिता ससुराल से फरार हो गई। विवाहिता के ससुर ने दो लोगों के खिलाफ युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदरपुर के एक निवासी विवाहिता के ससुर ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया है कि उसकी बहू संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। खोजबीन करने पर पता चला कि युवती के साथ ही घर से 50 हजार की जेवर के साथ पांच हजार की नगदी भी गायब है। काफी तलाश करने के बाद पता चला कि युवती को खुसुरुवा के मिथिलेश विश्वकर्मा लंघनिया के पवन व सहबाजपुर के रामकुमार की मदद से बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गए हैं। पीड़ित ससुर ने सदरपुर थाने पर तीनों के खिलाफ बुधवार को तहरीर दे दी है। प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली, मामले की जाच की जा रही है।

ट्रेन से कटकर युवक की दर्दनाक मौत

■कस्बे के होटल पर मजदूरी करता था युवक

मृतक की फाइल फोटो

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। इलाके में बुधवार की सुबह ट्रेन से कट कर युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक लंबे समय से कस्बे के होटल पर मजदूरी करता था। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। जानकारी के मुताबिक रेंगामऊ गांव निवासी दीपक उम्र 22 वर्ष पुत्र विनोद कमलापुर कस्बे के एक होटल पर काम करता था। बताया जा रहा है कि रोज की तरह वह बुधवार की सुबह भी साइकिल लेकर घर से निकला था। लेकिन कुछ समय बीता फिर परिजनों को खबर मिली कि मास्टरबाग जाने वाले मार्ग पर रेलवे फाटक से सिधौली की तरफ कुछ दूरी पर लखनऊ से सीतापुर की ओर जा रही ट्रेन से काटकर उसकी मौत हो गई है। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस व आरपीएफपुलिस की ओर से आगे की कार्रवाई की गई है। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं है।

बच्चों के विवाद में दबंग हिस्ट्रीशीटर ने घर घुस कर की मारपीट

■पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर दर्ज किया केस

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर कस्बे के पैगम्बरपुर में दो पक्षों में कहासुनी हो गई। इसके बाद दबंग हिस्ट्रीशीटर अपने आधा दर्जन साथियों के साथ घर में घुस कर मारपीट करते हुए मोबाइल तोड़ दिया। मोहल्लेवासियों को आते देख हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज़ कर मामले की जांच शुरू की। कोतवाली व नगर के वार्ड पैगम्बरपुर के रेहान उम्र 20 वर्ष पुत्र रसूल अहमद बीती शाम करीब नौ बजे नमाज पढ़कर घर जा रहा था। इस बीच मस्जिद के पास बच्चों में विवाद हो रहा था। रेहान ने आपस में लड़ाई कर रहे बच्चों को डांटकर भगा दिया और घर चला गया। थोड़ी देर बाद मोहल्ले के ही अकरम, रिजवान, इमरान, अयान, रेहान दो-तीन महिलाओं आधा दर्जन से अधिक लोग लाठी-डंडे लेकर रेहान के घर घुस आए और मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान हमलावरों ने पीड़ित का मोबाइल भी तोड़ दिया। शोर सुनकर आस-पास के लोग एकत्र होने लगे तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित रेहान की ओर से घर में घुसकर मारपीट, बलवा, मोबाइल तोड़ने, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि रिजवान महमूदाबाद कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। जिस पर एक दर्जन से अधिक मुकदमें गंभीर धाराओं में दर्ज हैं। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से सुरैया पत्नी अकरम ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया है। पुलिस तहरीर के आधार पर केस दर्ज मामले की जांच कर रही है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से मिली तहरीर के आधार पर केस दर्ज़ कर जांच की जा रही है।

अधिवक्ता को पितृ शोक

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। अधिवक्ता संतोष कुमार मिश्रा के पिता सुधाकर नाथ मिश्रा उम्र 85 वर्ष का बीमारी के चलते मंगलवार को निधन हो गया। अधिवक्ता के पिता की मृत्यु की सूचना मिलते ही अधिवक्ता जगत में शोक की लहर दौड़ गयी। वह अपने पीछे पत्नी व पांच पुत्रों के भरे पुरे परिवार को छोड़ गये है। मृत्यु की सूचना पर उनके आवास दारानगर में तमाम अधिवक्तागण व राजनैतिक व्यक्तियों समेत कई गणमान्य लोग पहुँचे।

समय से पूर्ण करे चुनाव तैयारियाँः अनुज सिंह

■जोनल व सेक्टर आफीसरों का हुआ प्रशिक्षण

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में भूमिजा बहुद्देशीय हाल में जोनल आफिसर, सेक्टर आफीसर एवं आरक्षित सेक्टर आफीसर का प्रथम दिवस का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आगामी निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु समस्त तैयारियां समय से पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी बूथों का निरीक्षण कर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों को ठीक प्रकार से समझ ले। ईवीएम की कार्यप्रणाली का भी समुचित प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी,मत.का. हरिश्चन्द्र प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. प्रवीन रंजन सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

टप्पेबाजों ने किराना दुकान से उड़ाई 30 हजार की नगदी

■सीसीटीवी फुटेज से टप्पेबाजों की तलाश में जुटी पुलिस

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। किराने की दुकान के गल्ले से टप्पेबाजों ने 30 हजार की नगदी पार कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार टप्पेबाज फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल शुरू की। सदरपुर के भुड़कुड़ा के छोटू पुत्र आशाराम जायसवाल की सरैंया-सदरपुर मार्ग पर किराने की दुकान है। बुधवार की शाम करीब पांच बजे टीवीएस बाइक सवार दो युवक इनकी दुकान पर आए और बगल में बैठकर सामान निकालने की बात कही। दुकानदार छोटू सामान निकालने जब अंदर चला गया इसी बीच टप्पेबाज ने गल्ले में रखे 30 हजार रुपए निकाल लिए और साथी के साथ बाइक पर बैठकर फरार हो गया। छोटू ने थोड़ी देर बाद जब गल्ला खोला तो उसमें से नकदी गायब देख भौचक्का रह गया और घटना की जानकारी आसपास के दुकानदारों को दी। काफी खोजबीन के बाद चांदपुर सेठ गांव के किनारे लगे सीसीटीवी फुटेज में दोनों युवक सदरपुर की ओर जाते दिखाई दिए हैं। घटना की जानकारी पीड़ित द्वारा पुलिस को मोबाइल के माध्यम से दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। कोतवाल राकेश सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, तहरीर नहीं मिली है, जांच कराई जा रही है।

वंचितों को वरीयता मोदी सरकार की गारंटीः राजेश वर्मा

■सरकार सभी लोगों को बना रही आत्मनिर्भरः राकेश गुरू

■कलेक्ट्रेट में लाभार्थियों से संवाद व ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। राजधानी लखनऊ में आयोजित पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल के शुभारंभ का कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को लाइव प्रसारण हुआ। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और अफसरों ने आर्थिक सशक्तिकरण योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कर उन्हें ऋण वितरित किया। इस अवसर पर सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि वंचितों को वरीयता मोदी सरकार की गारंटी है। पीएम मोदी की सोच है कि छोटे से छोटे काम करने वाले लोग आत्मनिर्भर बने। नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू ने कहा कि सरकार अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। सफाई कर्मचारियों को आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जा रही है। जिससे कि उनको किसी भी प्रकार की बीमारी न हो। उन्होंने कहा कि जिन पात्रों का आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बना है उनका जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। इस दौरान पीएम नमस्ते योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण, पीएम नमस्ते योजनान्तर्गत सीवर और सेप्टिक टैंक के श्रमिकों को पीपीई किट का वितरण, उप्र सहकारी ग्राम विकास बैंक के ऋण प्राप्तकर्ताओं को चेक का वितरण, आर्यावर्त बैंक के द्वारा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति प्रमाण-पत्रों का वितरण, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र का वितरण, जिला अग्रणी बैंक के द्वारा स्टार्टअप योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र का वितरण भी किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि शिवसागर गुप्ता, जिलाधिकारी अनुज सिंह, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रविशंकर गिरि, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कौशल किशोर के लिए दिल्ली जाने की राह आसान नहीं

■सपा ने पूर्व मंत्री आरके चौधरी पर लगाया दांव, बसपा ने नहीं खोला पत्ता

■मोहनलालगंज सुरक्षित लोकसभा चुनाव

कौशल किशोर

आरके चौधरी

सिधौली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। मोहनलालगंज लोकसभा सुरक्षित सीट से केंद्रीय मंत्री और मौजूदा सांसद कौशल किशोर की इस बार दिल्ली जाने की राह आसान नहीं दिखाई दे रही है। सपा-कांग्रेस गठबंधन ने राज्यमंत्री कौशल किशोर के मुकाबले में पूर्व मंत्री आरके चौधरी पर दांव लगाया है। जबकि बहुजन समाज पार्टी ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। बसपा का टिकट पाने के लिए कई दिग्गज नेता लाइन में लगे हुए है। भविष्य बतायेगा कि बसपा इस चुनाव में किसे प्रत्याशी के तौर पर चुनाव मैदान में उतारेगी। यदि कौशल किशोर तीसरी बार सांसद निर्वाचित होते है तो वे पूर्व सांसद गंगादेवी की लगातार तीन बार हुई जीत के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। कौशल किशोर के मुकाबले सपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव मैदान में उतरे आरके चौधरी ने अपने राजनीतिक कैरियर की शुरुआत बहुजन समाज पार्टी से की थी। वे बसपा संस्थापक कांशीराम के बेहद करीबी रहे। बसपा सरकार में चार बार मंत्री रह चुके है, बसपा के संस्थापक सदस्य भी रहे है। तीन बार मोहनलालगंज से लोकसभा का चुनाव लड़ चुके है लेकिन एक बार भी वह लोकसभा जीत का स्वाद नहीं चख सके और वह चौथी बार अखिलेश की साइकिल पर सवार होकर दिल्ली पहुंचने का सपना सजोये हुए है। चौधरी की गिनती यूपी की राजनीति के बड़े चेहरों में होती है। 2009 में वह आरएसबीपी पार्टी से लोकसभा चुनाव लड़े और 144347 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। चौधरी का वोट प्रतिशत 20.79 रहा था और सपा की सुशीला सरोज 256367 मत पाकर सांसद बनी थी। इसी चुनाव मे बसपा के जय प्रकाश रावत 179772 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे थे। लोकसभा 2014 में चौधरी बसपा से चुनाव लड़े और 309858 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे। भाजपा के कौशल किशोर 455274 मत पाकर सांसद बने। बसपा से मनमुटाव होने के बाद चौधरी ने कांग्रेस का हाथ थाम कर लोकसभा 2019 का चुनाव लड़ा और 60069 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे। इस चुनाव मे सपा बसपा गठबंधन से चुनाव लड़े सीएल वर्मा 539795 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे। उनका वोट प्रतिशत 42.52 था, लेकिन भाजपा के कौशल किशोर 629999 मत पाकर एक बार फिर सांसद का ताज पहनकर दिल्ली पहुंचे, उनका वोट प्रतिशत 46.62 था। 18वीं लोकसभा 2024 के आगामी चुनाव में जहां यूपी मे इस बार कांग्रेस और सपा गठबंधन से चुनाव लड़ रही है। वहीं बसपा सुप्रीमो यूपी की 80 लोकसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है। हालांकि अभी तक उन्होंने इन सीटो पर अभी तक प्रत्याशियों की लिस्ट जारी नही की है। ऐसे मे मोहनलालगंज का चुनाव त्रिकोणीय होगा या फिर सपा बनाम भाजपा ये तो आने वाला वक्त बताएगा। लोकसभा 2014 चुनाव के बाद सांसद कौशल किशोर की लोकप्रियता दिन पर दिन बढ़ती गई उसी का नतीजा है कि उनका वोट प्रतिशत लगातार बढ़ा है। वह 2002 से 2007 तक विधानसभा सदस्य रहे, 2003-04 मे सपा सरकार मे राज्यमं

संक्षिप्त समाचार

जगदीश पंथी को स्वर्गीय पंडित हरिराम द्विवेदी स्मृति सम्मान

सोनभद्र। जनपद के वरिष्ठ गीतकार व साहित्यकार जगदीश पंथी को प्रथम स्वर्गीय पंडित हरिराम द्विवेदी सम्मान से अलंकृत किया गया। मिर्जापुर के शेरवा गांव स्थित स्वर्गीय श्री हरिराम द्विवेदी के पैतृक आवास पर आयोजित सम्मान समारोह व काव्य गोष्ठी के दौरान लोक भूषण डॉ जय प्रकाश मिश्रा व कार्यक्रम के संयोजक उमेश चंद द्विवेदी ने स्मृति चिन्ह वस्त्रम प्रदान कर जगदीश पंथी को स्वर्गीय लोक साहित्य एवं भोजपुरी काव्यशास्त्र के मर्मज्ञ साहित्य भूषण पंडित हरिराम द्विवेदी के प्रथम स्मृति दिवस के अवसर पर पंडित हरिराम द्विवेदी सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार डा0 मंजरी पाण्डेय नागेश शांडिल डॉ सरिता सौरभ प्रकाश चन्द्र जयपुरी उमेश चंद द्विवेदी रंग बहादुर रंग समेत बड़ी संख्या में लोगों पर स्थित रहे। श्री पंथी को मिले स्वर्गीय पंडित हरिराम द्विवेदी स्मृति सम्मान से जनपद के साहित्यकारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

रमजान बरकतों, रहमतों व गुनाह से बचने का महीना

इटावा। रमज़ान का पवित्र महीना शुरू हो गया है, मुसलमान रोजे के साथ नमाज़ व कुरान की तिलावत करने में जुट गए हैं। मस्जिदों में तराबीह और घरों पर रोजा अफ्तार का सिलसिला भी शुरू हो गया है। रमजान उल मुबारक के पहले रोजे को मस्जिद पंजतनी इटावा में सैयद अली की ओर से रोजा अफ्तार का आयोजन किया किया गया, इसके बाद तालिब रिज़्वी ने कुरान की तिलावत की। मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा कि रमज़ान उल मुबारक में कुरान नाजिल हुआ और रोज़े फर्ज किये गए। रमजान में अल्लाह रोजेदारों की दुआ को कुबूल करता है। रमजान का महीना बरकतों और रहमतों का महीना है। अल्लाह रमजान में नेकी के दरवाजे खोल देता है और गुनाहों के दरवाजे बंद कर देता है। रमज़ान के महीने में रोज़ा रखना अनिवार्य है।रमज़ान इस्लामी कलेंडर का नवां महीना है जिसमें पूरे माह अल्लाह की इबादत की जाती है। ये वो महीना है जिसमें इंसान झूट, फरेब, धोखे और गुनाह से दूर रहता है। पांच वक्त की पाबंदी से नमाज पढ़ता है, रोज़े रखता है। रमज़ान खुद को पाक करने का महीना है। रमज़ान में रोज़ा रखना, रोज़ेदार की कदर करना, रोज़ेदार का एहतिराम करना भी अल्लाह ने इबादत करार दिया है। इसके अलावा शहर की विभिन्न मस्जिदों में तराबीह का सिलसिला जारी है। जगह जगह रोजेदारों को अफ्तार कराया जा रहा है।

शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए कैलाश यादव हुए सम्मानित

इटावा।चौधरी छेदा लाल व अयोध्या प्रसाद यादव की पुण्य स्मृति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह को राधा कृष्ण आश्रम नगला मोढा देव मोडी में आयोजित किया गया। जिसमें बाहर से आए कवियों ने अपनी कविताओं से जमकर प्रभाव छोड़ा एवं आम जनमानस को काफी लंबे समय तक रुक कर सभी कवियों को सुनने को मजबूर किया । इस कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए डॉक्टर कैलाश चंद्र यादव प्रबंधक पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल को स्मृति चिन्ह देकर एवं शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति ने शिक्षा के प्रचार प्रसार एवं नित नए आयाम स्थापित करने के लिए उनका चयन इस सम्मान समारोह कार्यक्रम के लिए किया एवं उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व राज्य मंत्री श्री कृष्ण यादव एवं पूर्व राज्य मंत्री श्री अशोक यादव ने यह सम्मान प्रदान किया।

नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

इटावा ! सिटी पब्लिक स्कूल ब्रह्म नगर,इटावा में नन्हे - मुन्ने बच्चो द्वारा 'विज्ञान प्रदर्शनी' का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन श्री राधे श्याम शाक्य (महा प्रबंधक) द्वारा किया गया।उद्घाटन समारोह में बोलते हुए कहा कि छात्रो का विज्ञान प्रति रुझान देश को नए आयाम से जोड़ेगा।उनके प्रयास व प्रदर्शन की प्रशंसा की ।

विद्यालय के प्रबंधक दीप बिसारिया ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी छात्रों के मन व मस्तिष्क को प्रदर्शित करता है।बच्चो ने आधुनिक युग के विज्ञान के अविष्कारों को मॉडल के माध्यम से प्रदर्शित किया। छात्रों के प्रदर्शन की अभिभावकों द्वारा भी प्रशंसा की गई। छात्रों को उनके उत्कृष्ठ मॉडल के लिए प्रमाण पत्र जारी किए गए।

प्रदर्शनी की सफलता में सहयोगी सर्व श्री दिव्यांश , श्रीमती आरती , कु.मुस्कान , कु.नेहा , कु. दीक्षा, कु. स्वेता,श्री संदीप कुमार,का सराहनीय योगदान रहा।

कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बने एमपी सिंह तोमर

इटावा। किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने अपनी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की नवनियुक्त टीम घोषित की जिसमें भाजपा नेता एमपी सिंह तोमर को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है,उनकी नियुक्ति पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने उन्हें बधाई दी हैं। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजू चौधरी पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक चौबे किसान मोर्चा की जिला मंत्री अशोक सिंह चौहान टीटू भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक गुप्ता मत्स्य प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ओम रतन कश्यप युवा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष तरुण रंजन गुप्ता युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी अनिरुद्ध गुप्ता नगर मीडिया प्रभारी अमित वर्मा रोहित पटेल प्रशांत दीक्षित सोमेश अवस्थी कुलदीप यादव आदि प्रमुख रूप से शामिल है।

सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाये त्यौहार

जौनपुर । नगर पंचायत जफराबाद पुलिस चौकी पर शांति समिति की बैठक आगामी त्यौहार रमजान, ईद और होली को लेकर आयोजित हुई । जिसमें थाना अध्यक्ष सुरेंद्रनाथ सिंह ने कहा कि त्यौहार आपसी सौहार्द और भाई चारे के साथ मनाये । किसी प्रकार की समस्या हो तो अवगत कराये। अरविंद कुमार यादव सहित सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे । नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि सरफराज अहमद, संदीप सेठ ,राजेश कुमार सिंह , पूर्व प्रधान मनोज कुमार सिंह, इबाद अहमद संतोष राय,परवेज सभासद दिलशाद अहमद , संदीप सेठ , पत्रकार आफताब आलम, डॉक्टर सरफराज, वेद प्रकाश रविकांत कल कुरैशी दिलशाद मास्टर रिजवान अजय श्रीवास्तव शेखर सरोज खान जोगिंदर निषाद सौरभ ओवैस खान महरोज अहमद आदि उपस्थित रहे।

चांदमारी कालोनी में कचरा गिराये जाने से आक्रोश

जौनपुर। नगर के चांदमारी कालोंनी में शूटिंग रनेज के आस पास आबादी क्षेत्र में नगर पालिका का कूड़ा कचरा गिराये जाने से मोहल्ले वालों में आक्रोश देखा जा रहा है । उनका कहना है कि इससे जहां बदबू फैल रही है वहीं संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ता जा रहा है। गन्दगी गिराया जाना तत्काल बन्द होना चाहिए। बताया जाता है कि उक्त कालोनी में मनमानी तरीके से न जाने किसके आदेश से शूटिग रेज के आस पास पचासो ट्रैक्टर से अधिक गन्दगी गिरायी कर जमीन को समतल किया जा रहा है। यह सिलसिला अभी जारी है। इससे बदबू के साथ रोगों के बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। विगत दिनों जब बरसात हुई थी तो भीषण बदबू से कालोनी वासियों और वहों से आने जाने वालों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि कचरा और गन्दगी शहर के बाहर गिराया जाना चाहिए आबादी और कालोनी मे इसे गिराकर मुसीबत पैदा किया जा रहा है। नागरिकों ने नगर पालिका के साथ सिटी मजिस्ट्रेट से इसे तत्काल रोकने की मांग की है।

लाभार्थियों का सजीव प्रसारण देखा

सोनभद्र। सामाजिक न्याय और अधिकारित विभाग,भारत सरकार आर्थिक सशक्तीकरण योजनाओं के तहत लक्षित समूहों के लाभार्थियों के साथ हाईब्रिड मोड में एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाभार्थियों से संवाद व उद्बोधन का सजीव सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया, इस अवसर ब्लाक प्रमुख सदर अजीत रावत, सांसद प्रतिनिधि राकेश हेमन्त, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, परियोजना निदेशक डूडा श्री राजेश उपाध्याय, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गिरजा शंकर सरोज, जिला समाज कल्याण (विकास) अधिकारी मीना श्रीवास्तव, किया गया। इस अवसर पर मा0 प्रधानमंत्री जी ने पी0एम0 सूरज पोर्टल का शुभारंभ भी किये, लाभार्थियों के खाते में धनराशि भी स्थानान्तरित की गयी, जिसका सजीव प्रसारण किया गया, कार्यक्रम में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम एनबीसीएफडीसी, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम एनएसएसडीसी और राष्ट्रीय

सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम एनएसएसडीसी के माध्यम से लाभार्थियों को रियायती ऋण वितरण का स्वीकृति प्रमाण-पत्र दिया गया

कड़ी मेहनत ही बच्चों को दिलाती है सफलता

जौनपुर। देवराजी कैलाश नाथ उपाध्याय इंटरनेशनल स्कूल सवंसा बक्शा में वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ0 संतोष मिश्रा राजा प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण सभा व स्वामी श्याम जी महाराज द्वारा दीप प्रज्वलित व मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस मौके पर डॉक्टर संतोष मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि को यदि शुरू से ही छात्र मेहनत करे तो सफलता उनके कदम जरूर चूमेगी। उन्होंने कहा कि एकाग्रता के साथ कड़ी जुट मेहनत ही बच्चों को जीवन में सफलता दिलाती है। बच्चों को भारतीय इतिहास एवं रूप महापुरुषों के बारे में बताया ताकि वे उन महापुरुषों के आदर्शों की को आत्मसात कर आगे बढ़ सकें। श्याम जी महाराज ने कहा कि आज विद्यालय में संस्कारी शिक्षा मिलने के कारण बच्चों की अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हैं इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक पंकज उपाध्याय द्वारा मेधावी छात्राओं को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में बच्चों ने देशभक्ति गीत , नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर नित्यानंद आचार्य, सुरेंद्र मिश्रा, संदीप सिंह, अनूप पांडे, प्रदीप पांडे, रविंद्र मिश्रा अवनीश उपाध्याय, आलोक त्रिपाठी, अमन उपाध्याय सहित विद्यालय के अभिभावक व क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने किया।

ग्लूकोमा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

इटावा। विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के तहत यूपीयूएमएस में ओपीडी में आए मरीजों को ग्लूकोमा से होने वाली दृष्टि हानि के संदर्भ में जागरूकता के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. डॉ. प्रभात कुमार सिंह के निर्देशानुसार किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिकुलपति डॉ रमाकांत व चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसपी सिंह द्वारा किया गया। नेत्र विज्ञान विभाग की प्रो. रीना शर्मा ने ओपीडी में आए मरीजों को बताया कि ग्लूकोमा एक बेहद गंभीर बीमारी है जिसे आम बोलचाल में हम काला मोतियाबिंद कहते हैं।अगर समय से इस समस्या का निदान न किया जाए तो आंख की रोशनी भी जा सकती है। इसीलिए ग्लूकोमा से होने वाली दृष्टि हानि के लिए सही जानकारी बहुत जरूरी है।उन्होंने बताया कि अधिकतर ग्लूकोमा के लक्षण 40 वर्ष के बाद दिखते हैं इसीलिए जिन लोगों की आयु 40 वर्ष हो चुकी है वह अपनी आंखों का रुटीन चेकअप अवश्य कराते रहें।डॉ शर्मा ने बताया कि ग्लूकोमा दो प्रकार के होते हैं- प्राइमरी ओपन एंगल ग्लूकोमा (पीओएजी) इस प्रकार के ग्लूकोमा में आंखों के बड़े प्रेशर की वजह से ऑप्टिक नर्व में सिकुडन् होने लगती है। जिससे नजर खराब होती है और धीरे-धीरे ओपन एंगल ग्लूकोमा की शिकायत होती है। ओपीडी में 258 व्यक्तियों ने आंखों का परीक्षण कराया जिसमें 53 मरीज ग्लूकोमा से ग्रसित थे।औरैया से आए 54 वर्षीय सुरेंद्र सिंह ने बताया कि विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के दौरान आज ओपीडी में उन्हें बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुई।

प्रत्याशियों के व्यय लेखा को लेकर दिया प्रशिक्षण

जौनपुर। आगामी लोकसभा प्रत्याशियों द्वारा खर्च किए गए सभी व्ययों के लेखा हेतु प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ की अध्यक्षता में नोडल आफिसर- व्यय वरिष्ठ कोषाधिकारी के द्वारा प्रेक्षागृह में निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में समस्त सहायक व्यय प्रेक्षक, समस्त लेखा टीम समस्त वीडियो निगरानी टीम, व समस्त वीडियो अवलोकन टीम (विधानसभावार) उपस्थित हुए। नोडल आफिसर-व्यय द्वारा समस्त टीमों को उनके निर्वाचन दायित्व व उनसे संबंधित समस्त रिपोर्ट के प्रारुप तैयार करने हेतु विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। सभी टीमों के प्रभारी व उनके सहायकों द्वारा प्रशिक्षणोपरान्त उनके द्वारा उठाये गये

प्रश्नों को नोडल आफिसर-व्यय द्वारा एक-एक कर सभी लोगों के प्रश्नों का बहुत ही सरलतापूर्वक समाधान किया गया। सभी टीमों को अपने दायित्व से संबंधित पैरा का व्यय अनुवीक्षण मार्गदर्शिका से अवलोकन करने का भी नोडल आफिसर-व्यय ने निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त सी वीजिल एप तथा हेल्पलाइन न01950 पर प्राप्त हाने वाली शिकायतों को निर्धारित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, तहसीलदार तथा सीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि एफएसटी तथा एसएसटी की टीमों का स्थलीय निरीक्षण के माध्यम से उनकी उपस्थिति की जांच करें। बिना किसी कारण के अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों पर कार्यवाही की जायेगी। निर्वाचन के दौरान एमसीएमसी का उल्लंघन तथा शिकायन प्राप्त होने पर निर्धारित समयावधि में निस्तारण करना सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी (वि0 एवं रा0) राम अक्षयबर चौहान, सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर बृजेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शेलेन्द्र सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

महिला ने दो के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के सोठिया कला गांव निवासी विभा सिंह ने सोमवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर गांव के दो लोगों के विरुद्ध गाली गलौज समेत जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस ने मुकदमा दर्ज घायलों को उपचार के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।दी गई तहरीर में बताया है कि रविवार को शाम पांच बजे के करीब मेरे गांव के ही विजय सिंह उर्फसोनू मेरे घर पर आकर गाली गलौज देने लगे जब मैंने पूछा कि गाली गलौज क्यों दे रहे हो तो विपक्षी और उग्र होकर ईंट पत्थर चलाने लगे जिससे मुझे और बच्चे अवनीश सिंह,अनन्या सिंह व सास मालती सिंह को काफी चोटें आई हैं।जब मैं किसी तरह से भाग कर घर में घूस कर अपना दरवाजा बंद कर लिया जिससे ईंट पत्थर से मारकर दरवाजा और खिड़की भी क्षतिग्रस्त कर दिया काफी शोर मचाने पर विपक्षी के पिता जिलेदार सिंह आये और गाली गलौज देकर धमकी दिये है

ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय बीआरसी कार्यालय परिसर में बुधवार को ग्राम प्रधान एसएमसी अध्यक्ष एवं निकाय सदस्यों एवं प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला के मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी डॉ राजीव कुमार शर्मा व विशिष्ट अतिथि एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। उपस्थित ग्राम प्रधान एसएसपी अध्यक्ष व प्रभारी प्रधानाध्यापक को निपुण भारत मिशन एवं दीक्षा व रीड लांग एप डाउनलोड कराने हेतु एमआरपी दिवाकर द्विवेदी ने ग्राम प्रधान एसएमसी अध्यक्ष एवं प्रधानाध्यापकों को दीक्षा व रीड लांग एप डाउनलोड कराने पर जोर दिया कहा कि आप लोग दीक्षा रीड लांग एप डाउनलोड अभिभावकों के एंड्रॉयड स्मार्टफोन में कराएंगे। आपरेशन कायाकल्प योजना के तहत भौतिक प्रवेश पर कार्य होता है। विद्यालय में सुविधाएं जैसे शुद्ध पेयजल, दिव्यांग शौचालय, फर्स,रगाई पुताई,कक्ष व कक्षा में बच्चों के शिक्षण कार्य के लिए फर्नीचर सहित 19 पैरा मीटर पर संतृप्त करने पर जोर दिया।विकास खंड के 233 विद्यालय में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए सबमर्सिबल पंप लगाए गए हैं।जिन विद्यालयों में 19 पैरा मीटर पर विद्यालय को संतृप्त नहीं किया गया है उन विद्यालयों को 19 पैरा मीटर पर संतृप्त करने की जिम्मेदारी ग्राम

प्रधान व विकास विभाग द्वारा कराया जायेगा।कुल 47 विद्यालय 19 पैरा मीटर को पूर्ण कर संतृप्त है जिन विद्यालयों में 19 पैरा मीटर नहीं है उन्हें संतृप्त कराया जायेगा। आपरेशन कायाकल्प योजना हेतु एमआरपी अखिलेश कुमार त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए कहा कि कायाकल्प के तहत विद्यालय को संतृप्त किया जायेगा जो सुविधाएं नहीं होगी उसे कायाकल्प में पूरा कराया जायेगा। विशिष्ट अतिथि एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने प्रधान व प्रधानाध्यापक आपस में सहयोगात्मक रहकर कायाकल्प योजना में विद्यालय में कार्य कराएंगे। जिससे विद्यालय के काया को बदला जा सके। वास्तव में विद्यालय में ऐसा माहौल पैदा करें की बच्चे कांवेंट स्कूल छोड़कर परिषदीय विद्यालयों में प्रवेश ले।

अनियंत्रित होने से मछली लदा ट्रक पलटा, चालक घायल

हलिया (मिर्जापुर)। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर मंगलवार की देर रात ब्रेक फेल होने से मछली लादकर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर घाटी में पलट गया। घटना में चालक घायल हो गया। आंध्रप्रदेश प्रांत से से मछली लादकर गोरखपुर जिला जा रहा ट्रक जैसे ही ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर पहुंचा तो अचानक अनियंत्रित हो गया जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर घाटी में पलट गया। हादसे में ट्रक चालक 27 वर्षीय अब्दुल मजीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे एसआई मनसुख यादव ने घायल ट्रक चालक को उपचार हेतु नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में भर्ती करवाया। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि ड्रमंडगंज घाटी में मंगलवार देर रात अनियंत्रित होने से मछली लादकर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया।

जब महिला ने अगुवा को चप्पलों से पीटा

जौनपुर। दीवानी न्यायालय के मुख्य द्वार पर बुधवार को उस समय अफरातफरी मच गई जब एक महिला वृद्ध को चप्पलो से अचानक पिटाई करने लगी। गेट पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने बीच बचाव करते हुए वृद्ध को उक्त महिला से बचाने का प्रयास किया। बताया गया है वृद्ध ने महिला की शादी कराई थी अब महिला और उसके पति के बीच विवाद के कारण मुकदमा दीवानी न्यायालय में चल रहा है। आज तारीख थी अगुआ वृद्ध उसी मुकदमे में साक्ष्य के रूप में बुलाया गया था। मुकदमें को देखकर जैसे ही अगुवा बाहर निकला पति से मुकदमा लड़ रही पीड़िता अपना जीवन बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए अगवा को चप्पलो से पीटना ष्षुरू कर दिया।

विवि के विद्यार्थियों ने देखा विकसित भारत का लाइव

जौनपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इंडियाज टेकेडरू चिप्स फॉर विकसित भारतश् के अंर्तगत करीब 1.26 लाख करोड़ रुपये की तीन सेमी कंडक्टर परियोजनाओं का शिलान्यास बुधवार को किया। भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत ये सुविधाएं गुजरात के धोलेरा, साणंद और असम के मोरीगांव में स्थापित की जाएंगी। इसका सजीव प्रसारण वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रो राजेंद्र सिंह संस्थान के आर्यभट्ट सभागार में किया गया। प्रधानमंत्री की परिकल्पना भारत को सेमीकंडक्टर की डिजाइन, विनिर्माण और प्रौद्योगिकी विकास के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की है, जिससे देश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिले। यह परियोजना धोलेरा स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन (वैस्), गुजरात में सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन सुविधा निर्माण, असम के

मोरीगांव में आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (वैज) सुविधा और गुजरात के साणंद में आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (वैज) सुविधा के लिए आधारशिला रखी गई। प्रधानमंत्री ने कहा है कि इन सुविधाओं के जरिए सेमीकंडक्टर इको-सिस्टम दृढ़ होगा और भारत में इसकी जड़ें मजबूत हो जाएंगी। ये यूनिट्स सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में हजारों युवाओं को रोजगार मुहैया कराएंगी। इलेक्ट्रॉनिक्स, टेलीकम्युनिकेशन जैसे क्षेत्रों में रोजगार सृजन को बढ़ावा देंगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो वंदना सिंह, कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय राय, निदेशक प्रो प्रमोद कुमार यादव, प्रो देवराज सिंह, प्रो मिथिलेश सिंह, प्रो0 गिरिधर मिश्र, डा0 प्रमोद कुमार, डा0 नीरज अवस्थी, डा धीरेंद्र चौधरी सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

लोक कलाकारों को मिली सोशल मीडिया से पहचान

जौनपुर। कल्चरल क्लब एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग की ओर से पांच दिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन बुधवार को विशेषज्ञों ने रिकॉर्डिंग एवं फोटोग्राफी तकनीक के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। संस्कृति विभाग उ.प्र. के सहयोग से आयोजित की जा रही कार्यशाला संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन, प्रदर्शन, दस्तावेजीकरण पर आधारित है। प्रशिक्षण सत्र में बतौर मुख्य वक्ता लखनऊ के वरिष्ठ पत्रकार बृजेश सिंह ने कहा कि आजकल सोशल मीडिया का जमाना है विजुअल कंटेंट तैयार करने के लिए रिकॉर्डिंग की तकनीक से परिचित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवा लोक संस्कृति से जुड़ी सामग्री को सोशल मीडिया के माध्यम से आसानी से संरक्षित और प्रसारित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बहुत सारे ऐसे लोक कलाकार हैं जिन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से वैश्विक पहचान बनाई है।इसी क्रम में लखनऊ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के वीडियो जर्नलिस्ट तीर्थांकर गुहा ने लोकगीतों की रिकॉर्डिंग के विविध पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कैमरा, लाइट, फ्रेमिंग, मोबाइल फोन से रिकॉर्डिंग आज के बारे में विस्तार से

बताया। संयोजक डॉक्टर दिग्विजय सिंह राठौर ने कहा कि आज आप अपने मोबाइल के माध्यम से लोक संस्कृति से जुड़े कंटेंट बना सकते है. अतिथियों का स्वागत जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र एवं धन्यवाद् ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ सुनील कुमार ने किया. इस अवसर पर इस अवसर पर डॉ. अवध बिहारी सिंह, डॉ. चन्दन सिंह, डॉ. सुरेन्द्र यादव, सोनम विश्वकर्मा, अमित मिश्रा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

आवास आवंटन में सचिव प्रधान पर हेराफेरी का आरोप

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत उंटी निवासी प्रधानमंत्री आवास की लाभार्थी मंजू देवी ने बुधवार को ब्लाक मुख्यालय पर पंहुचकर संयुक्त खंड विकास अधिकारी श्रीराम को प्रार्थना पत्र देकर प्रधानमंत्री आवास को ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा हेराफेरी कर दूसरे को दे देने का आरोप लगाया है। प्रार्थना पत्र के माध्यम से पूरे मामले की जांच कराते हुए संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है।दिये गये प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्रधानमंत्री आवास मिला जा जिसमें हम प्रार्थीनी का समस्त दस्तावेज संलग्न था लेकिन ग्राम प्रधान उंटी व तत्कालीन सचिव द्वारा मिलकर आवास आवंटन में हेराफेरी कर दूसरे महिला मंजू पत्नी बबलू का दस्तावेज संलग्न कर आवास आवंटित कर दिया गया

डिजिटल होगा पेंशनभोगियों का डाटा

सोनभद्र। कैप्टन (नौ सेना) आशुतोष चैधरी (अ0प्रा0) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, सोनभद्र ने अवगत कराया है कि भारत सरकार के डिजिटल मुहित के तहत रक्षा पेंशनभागियों के पेंशन डाटा डिजिटलीकरण किया जा रहा है, इस क्रम में अब तक बहुत रक्षा पेंशनभोगियों के पेंशन डाटा को स्पर्श पोर्टल पर डिजिटल मोड में डपहतंजम किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि पूर्व सैनिक एवं/दिवंगत सैनिकों की पत्नियों जो वर्तमान में स्पर्श से पेंशन ले रहे हैं। को पेंशन से संबंधित किसी मामले जैसे-जीवन प्रमाण पत्र, प्रोफाइल प्रबंधन, सेवा अनुरोध/शिकायत के समाधान की आवश्यकता हो तो जिला सैनिक एवं पुनर्वास कार्यालय कमरा नं0-52 विकास भवन राबर्ट्सगंज में अति शीघ्र उपस्थित होकर अपनी समस्या से अवगत करायें और प्राप्त समस्याओं के निस्तारण के लिए स्पर्श रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक सेना से सम्पर्क किया जायेगा।

सुरक्षा समिति की बैठल कल

सोनभद्र। सचिव/अधिशासी अभियन्ता जिला सडक़ सुरक्षा समिति सोनभद्र ने अवगत कराया है कि जिला सडक़ सुरक्षा समिति सोनभद्र की बैठक 15 मार्च को मध्यान्ह 12.00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में आहूत की गयी है। बैठक में जिला सडक़ सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा किया जाना है। उन्होंने सडक़ सुरक्षा समिति से जुड़े अधिकारियों से बैठक में उपस्थिति के लिए अपील किया है।

दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह का शुभारम्भ

बकेवर, इटावा ।जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ किया गया। समारोह के उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम के अध्यक्ष व कॉलेज प्रबंधकारणी के सेक्रेटरी अरविंद कुमार मिश्र, मुख्य अतिथि सांसद, इटावा प्रोफेसर डॉ रामशंकर कठेरिया, विशिष्ट अतिथि तहसीलदार चकरनगर विष्णु दत्त मिश्र, कॉलेज प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी, क्रीड़ा अधीक्षिका डॉ ज्योति भदौरिया ने ध्वजारोहण कर प्रारंभ किया।

बाइक के धक्के से महिला घायल, रेफर

हलिया (मिर्जापुर)। ड्रमडगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग महोगढ़ी गांव में बुधवार दोपहर ड्रमंडगंज बाजार से पैदल घर जा रही महिला को अनियंत्रित बाइक चालक ने धक्का मार दिया जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं घटना में बाइक चालक को भी चोटें आई हैं। महोगढ़ी गांव निवासी राजन की 26 वर्षीया पत्नी फूलवंती देवी किसी कार्य से ड्रमंडगंज बाजार गई थी दोपहर तीन बजे के करीब घर वापस लौटते समय जैसे ही महोगढ़ी गांव स्थित हीरो बाइक एजेंसी के पास पहुंची तो सामने से तेज गति से आ रहे बाइक चालक ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य मण्डल, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0, फतहां, मीरजापुर

संक्षिप्त समाचार

उम्मे रुबाब ने रखा जिंदगी का पहला रोजा

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। माह ए रमज़ान का पहला रोजा मंगलवार को बड़ों के साथ-साथ मासूम बच्चों ने भी रखा। यह इन मासूमों की ज़िंदगी का पहला रोज़ा था। बच्चों को उनके माता पिता और रिश्तेदारों ने पहला रोज़ा रखने पर दुआओं के साथ ढेर सारा उपहार भी दिया। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के ग्राम भरवठिया निवासी मोहम्मद आरिफ खान की सात वर्षीय पुत्री उम्मे रुबाब (माहा) ने भी अपनी ज़िंदगी का पहला रोज़ा रखा। माहा अभी क्लास नर्सरी की छात्रा है और उसकी उम्र सिर्फ सात साल है। न सिर्फ धूप और भूख व प्यास की परवाह किए बिना नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रोज़ा रखा बल्कि अल्लाह और उसके रसूल की रजा हासिल करने के लिए भूख और प्यास की शिद्दत भी बर्दाश्त की। माहा के पहला रोजा रखने पर उनके घर में खुशी का माहौल नजर आया। उनके दादा डा. एम.एन. खान ने माहा के पहला रोज़ा रखने की खुशी में घर मे खास पकवान का इंतेज़ाम किया। रोजा इफ्तार के दौरान नन्हे-मुन्ने रोज़ेदारों ने भी अपने मनपसंद के खाने का लुत्फ़ उठाया।

आबकारी टीम ने छापेमारी कर बरामद की अवैध शराब

अमेठी। आबकारी आयुक्त के निर्देश पर प्रदेश भर में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत, जिलाधिकारी अमेठी व उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी, अमेठी के पर्यवेक्षण में बुधवार को जनपद अमेठी में गठित टीम द्वारा ग्राम करपिया, पिण्डारा तथा जयसिंह का पुरवा एवं भूंसियावा मे आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र -3 के थाना मुसाफिर खाना के अन्तर्गत अन्तर्गत ग्राम करपिया तथा पिण्डारा से कुल 84 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई, करीब 200 कि0ग्रा0 लहन मौके पर नष्ट किया गया द्य इस कार्यवाही में 4 अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। साथ ही उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना के साथ आबकारी दुकानो का सघन निरीक्षण किया गया तथा ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई तथा रोड एवं ढाबों की चेकिंग की गयी।उक्त कार्यवाही मे चन्द्रभान वर्मा आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-3 मुसाफिरखाना तथा श्रीमती सुषमा मिश्रा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र -1 गौरीगंज व समस्त स्टाफ मो0 साबिर सिद्दीकी व समशेर कुमार, अमित सिंह प्र0 आ0 सि संजय सरोज, योगेश कुमार ,पुष्पेन्द्र कुमार आबकारी सिपाही वाहन चालक बृजेश चन्द्र पाण्डेप सम्मलित रहें।

क्षेत्र के आधा दर्जन गावों में सशस्त्र जवानों ने किया एरिया डोमिनेशन

मुसाफिरखाना। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एरिया डोमिनेशन के तहत सीएपीएफ के सशस्त्र जवानों ने एसएचओ के नेतृत्व में क्षेत्र के कई गांवों में पैदल मार्च कर जनता में कानून के प्रति विश्वास पैदा करते हुए चिन्हित अराजक तत्वों का भौतिक सत्यापन भी किया। क्षेत्र के करपिया, बरना, पिंडारा महाराज, पिंडारा ठाकुर, भनौली सहित कई गांवों का बुधवार को एरिया डोमिनेशन किया गया। एसएचओ विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने पैदल मार्च किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसएचओ ने बताया कि एरिया डोमिनेशन के तहत जनता के मन मे निडर होकर निष्पक्ष मतदान के लिए एक विश्वास पैदा किया गया। इसके साथ ही क्षेत्र में निवास कर रहे संदिग्ध अराजक तत्वों के घरों पर पहुंचकर उनका भौतिक सत्यापन कर उन्हें किसी भी प्रकार की अराजकता की गतिविधियों में संलिप्तता न होने की हिदायद भी दी गयी।

वेतन विसंगति को लेकर चीनी मिल कर्मचारियों ने जीएम को दिया ज्ञापन

बेलरायां -खीरी, (स्पष्ट आवाज) बुधवार को सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां के कर्मचारियों ने वेतन विसंगति में सुधार सहित विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन चीनी मिल जीएम विवेक यादव को सौंपा। ज्ञापन में कर्मचारियों ने बताया है कि चीनी मिल में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को अभी तक 38 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। सरकार द्वारा सार्वजनिक उपक्रमों स्वशासी संस्थाओं एवं निगमों के पूर्णकालिक अधिकारियों और कर्मचारियों को बढ़ी हुई दर से 46 प्रतिशत महंगाई भत्ते का भुगतान करने के शासनादेश जारी किए गए हैं। लेकिन चीनी मिल संघ द्वारा अभी तक इसे लागू नहीं किया गया है।साथ ही सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों को भी लागू नहीं किया गया है। ज्ञापन में कर्मचारियों ने आरोप लगाते हुए बताया है कि वेतन विसंगति में सुधार, आठ प्रतिशत बकाया महंगाई भत्ता और सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू करने को लेकर कई बार सहकारी चीनी मिलों की एशोसिएशन, सहकारी चीनी मिल एवं आसवनी कर्मचारी वेलफेयर ऐशोसिएसन द्वारा चीनी मिल संघ में प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं लेकिन चीनी मिल संघ द्वारा अभी तक इसका संज्ञान नहीं लिया गया है। जिससे कर्मचारी और अधिकारी अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में चीनी मिल के फोरमैन कौशल वर्मा,राजू यादव,टर्नर अजित मिश्रा,कमाल अहमद,संजय यादव सहित तमाम मिल कर्मचारी मौजूद थे।

युवाओं को धैर्य के साथ आगे बढ़ना चाहिए : क्षेत्राधिकारी

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। स्थानीय शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (दोनों इकाई-रानी लक्ष्मीबाई तथा स्वामी विवेकानंद) का सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिन बुधवार को समापन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ दरवेश कुमार एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अरविन्द कुमार सिंह ने किया। मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ दरवेश कुमार ने अपने सम्बोधन में समाज कार्य एवं समाज सेवा में अन्तर स्पष्ट करते हुए युवाओं को मौलिक कर्तव्य के प्रति जागरूक रहने का आवाह्न किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को धैर्य के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को अपने जीवन में धारण करने को कहा। उन्होंने कहा कि भारत की अधिकांश जनसंख्या युवा है और ऐसी स्थिति में देश को विकसित राष्ट्र बनाने में उनकी भूमिका अति महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं वंदन से शुरू हुआ। इसमें स्वयंसेवकों ने भी अपने विचार व्यक्त किया। तत्पश्चात स्वयंसेवक संजना, पूर्णिमा यादव, अमीषा यादव, संध्या, साक्षी शुक्ला, संध्या साहनी, यशस्वी श्रीवास्तव, अंजलि, प्रिया, आशीष, महेश शर्मा, निकिता, धीरेंद्र पटवा, रवि, कुशहर आदि ने समूह गान, गीत, कविता आदि प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डा0 ए0के0 सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डा0 आर0के0 सिंह ने किया। कार्यक्रम के अन्त में राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत ÷उठे समाज के लिए उठे उठे÷ एवं राष्ट्रगान का गायन किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डा0 धर्मेंद्र सिंह, मेजर मुकेश कुमार, डा0 वी0के0 सिंह, डा0 प्रवीण कुमार, डा0 अजय कुमार सिंह, डा0 सत्यनारायण दास, डा0 इंद्रदेव वर्मा, डा0 उमाशंकर प्रसाद यादव, पंकज सिंह, रत्नेश कुमार सोनी, शमशीरुल इस्लाम, अश्वनी सिंह आदि मौजूद रहें।

पौराणिकता और आस्था को समेटे चतुर्भुज धाम मंदिर

पटटी। पटटी तहसील क्षेत्र के बेसार गांव में स्थित भगवान श्री विष्णु जी का अद्भुत मंदिर यहां के पौराणिकता और आस्था को समेटे हुए हैं। यहां पर भगवान विष्णु पर आस्था रखने वाले भक्त और उनके अनुयायी दर्शन के लिए आते हैं तो हर सोमवार और शुक्रवार को यहां पर मेला भी लगता है। पटटी तहसील क्षेत्र के बंधवा बाजार के समीप बेसार गांव में स्थित यह भगवान श्री विष्णु की मूर्ति तीसरी शताब्दी से छठवीं शताब्दी तक मानी जाती है। यह मूर्ति यहां पर कैसे आई इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। बुजुर्ग बताते हैं कि पहले यह स्थान जंगल था और भगवान श्री विष्णु की मूर्ति यहां अपने आप जमीन से निकली हैं। लोग बताते हैं कि इस मूर्ति को लोग एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने की कोशिश किये लेकिन प्रयास असफल रहा, कोई न कोई अनहोनी घटना घट जाती थी, जिसे सभी ग्रामीणों ने मिलकर वहां पर मंदिर स्थापित कर दिया।

इस आकार की मूर्ति अपने आप में है अद्भुत :बेसार गांव में स्थित सच्चिदानंद चतुर्भुज धाम में स्थित यह मूर्ति का आकार यहां आस-पास के क्षेत्र में कहीं भी दिखाई नहीं देती है जानकार बताते हैं कि दक्षिण भारत में इस आकार की मूर्ति कहीं-कहीं पर दिखाई देती है।

सोमवार-शुक्रवार उमड़ता है आस्था का

गुरु ही समाज का सच्चा मार्ग दर्शक : साध्वी पूर्णिमा

मुसाफिरखाना,अमेठी। दादरा के देवी हिंगलाज धाम पर चल रहे संगीतमय प्रवचन कथा के तीसरे दिन बुधवार को कथा व्यास साध्वी पूर्णिमा त्रिपाठी ने गुरु की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि गुरु वह है, जो अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैला दे। गुरु अपने शिष्य को केवल ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि अपनी कृपा छांव से उसके समस्त पापों का हरण भी कर लेता है। साध्वी जी ने आगे कहा कि जीवन में गुरु का महत्व बेहद अहम है। गुरु ही वह मागदर्शक होता है, जो अपने शिष्य को सही व गलत में अंतर करना सिखाता है। भगवान की लीला अपरंपार है। वे अपनी लीलाओं के माध्यम से मनुष्यों व देवताओं को धर्म का आचरण करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने भागवत के महत्व को बताते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत में जीवन का सार तत्व मौजूद है। आवश्यकता है निर्मल मन और स्थिर चित्त के साथ कथा श्रवण की। जिस मनुष्य का चित्त स्थिर नहीं होता, वे अपनी इच्छाओं के पूर्ति में अपना सर्वस्व गवां बैठता है। न तो उसे जीवन में प्रभु का स्मरण हो पाता है और न ही सद्कर्मों में उसकी कोई भागीदारी। इस मौके पर कुलवंत सिंह, रंजीत सिंह, कृपाशंकर सिंह, अंजनी श्रीवास्तव, विजय सिंह मिंटू, महेंद्र मिश्रा, रवींद्र तिवारी, जितेंद्र, सर्वेश सिंह,देवांश विक्रम सिंह, रतिभान, प्रशांत, लकी, अमन, सहित आदि रहे।

परिवार नियोजन संसाधनों के उपयोग में मंडल का पहला सीएचसी बना सिरसिया

- **एडी हेल्थ बस्ती मंडल ने प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर किया सम्मानित**

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे परिवार नियोजन और परिवार कल्याण कार्यक्रमों को बेहतर ढंग से संचालित कर परिवार नियोजन के संसाधनों के उपयोग के मामले में तहसील क्षेत्र का सीएचसी सिरसिया को मंडल में पहला स्थान मिला है। सीएचसी सिरसिया को यह उपलब्धि मिलने पर एडी हेल्थ बस्ती डॉ. नीरज कुमार पाण्डेय द्वारा प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया है। बस्ती में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में जनपद सिद्धार्थनगर के भनवापुर ब्लॉक के सीएचसी सिरसिया को प्रथम, सीएचसी इटवा को द्वितीय तथा सीएचसी बसंतपुर बांसी को तृतीय स्थान मिला। उक्त सम्मान वर्ष 2022-23 में परिवार नियोजन के अंतर्गत अंतरा इंजेक्शन, कापर-टी व अंतर्गर्भाशयी आदि गर्भ निरोधक उपकरणों का उपयोग और जन जागरूकता के लिए दिया गया है।अधीक्षक सीएचसी सिरसिया डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने बताया कि सीएचसी सिरसिया को एडी हेल्थ बस्ती के द्वारा प्रथम पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया जो गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि यह सम्मान पूरे जिले का सम्मान है।

विदाई कार्यक्रम में संस्कृत कार्यक्रमों से आदिवासी छात्राओं ने बांधा समां

- **कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कक्षा आठ की छात्राओं के विदाई समारोह का किया गया आयोजन**
- **कार्यक्रम में अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी बृजराज सिंह व एडीओ सर्वेश कुमार हुए शामिल**

निघासन रोड पर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका में विदाई समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं

पलियाकलां-खीरी,(स्पष्ट आवाज)। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कक्षा आठ की छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी बृजराज सिंह व एडीओ सर्वेश कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व गणेश स्तुति के साथ की गई। इस दौरान आदिवासी जनजाति की छात्राओं ने थारू नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम व लघु नाटिका प्रस्तुत कर मौजूद अतिथियों का मन मोह लिया।

बुधवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पलिया निघासन रोड पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कक्षा आठ की छात्राओं के विदाई समारोह आयोजन हुआ। कार्यक्रम में दिव्य, संध्या, सिमरन, अनिका, लावण्या, कुमकुम, राजनंदिनी, नीलू, शर्मिला व अनुष्का, शिवानी, प्रतिभा, नंदिनी व कुसुम ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी बृजराज सिंह ने बालिकाओं को बताया कि आगे बढ़ाने के लिए अपने व्यवहार करियर और मेहनत पर अधिक ध्यान देना होगा। उन्होंने मौजूद सभी बालिकाओं से मन लगाकर पढ़ने की बात कही। विद्यालय की वार्डन ललित कुमारी ने बालिकाओं को आगे बढ़ाने में पूरा सहयोग दिए जाने की बात कहते हुए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों के द्वारा बालिकाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन हरि प्रकाश यादव ने किया। इस दौरान शिक्षिका रोली वर्मा, अभिलाषा सिंह, मारिया कौशर, विभा भारती शर्मा, लेखाकार संदीप गौतम, राजकुमार, सुनील, पीयूष मनोरमा व आयशा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

घायल हालत में सड़क पर मिली महिला, रेफर

पलियाकलां-खीरी, (स्पष्ट आवाज)। दुधवा गौरीफंटा रोड पर एक नेपाली महिला घायल हालत में पड़ी राहगीरों को दिखाई दी। मामले की सूचना एम्बुलेंस को दी गई। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। महिला को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी या वह बस से अचानक गिर गई इसकी जानकारी नहीं हो सकी है।

पलिया गौरीफंटा रोड पर एक नेपाली महिला लोगों को घायल अवस्था में पड़ी हुई दिखी। राहगीरों ने घायल महिला की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस से घायल महिला को पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया गया जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि नेपाली महिला का एक्सीडेंट बस से हुआ है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि महिला बस में सवार होकर पलिया आ रही थी इसी बीच महिला बस से किसी तरह नीचे गिर गई और घायल हो गई।

विधायक मोना की पहल से डा. अलका नारी शक्ति केन्द्रों का सशक्तीकरण

लालगंज, प्रतापगढ़। महिलाओं में स्वावलम्बन तथा आत्मनिर्भरता के जोश को लेकर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना द्वारा एक बडी सार्थक पहल सामने आयी है। सशक्तीकरण के क्षेत्र मे सरयू समाज कल्याण संस्थान की ओर से मोना के इस अभिनव प्रयास से महिलाओं के जागरूक समूह को शक्ति केन्द्र के रूप में विकसित बनाकर स्वरोजगार के जरिए स्वयं में सशक्त होने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है। लालगंज एवं रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक के पांच पांच समूह को डा अलका नारी शक्ति केन्द्र के रूप में गठित कर अब इन शक्ति केन्द्रों में महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण एवं खुद के स्वावलम्बन का जज्बा कामयाबी को बुलन्द करता दिखेगा।

विधायक ने संस्थान की सचिव के रूप में अपनी छोटी बहन प्रो. डॉ विजयश्री सोना को साथ लेकर इन नारी शक्ति केन्द्रों को मॉडल बनाए जाने की कार्ययोजना को आगे बढ़ाने का सराहनीय कदम उठाया है। पिता राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के प्रभावी मार्गदर्शन में आराधना मिश्रा मोना द्वारा डॉ. अलका नारी शक्ति केंद्र के जरिए महिलाओं को उनकी क्षमता तथा गुणों को सशक्त सरोकार सौपा है। विधायक ने प्रत्येक शक्ति केंद्र की महिलाओं से कार्यक्रम में प्रभावी संवाद कर उन्हें आर्थिक तरक्की के गुर बताये। मोना के मोटीवेटर स्पीकर के रूप में भरे जोश से शक्ति केंद्र की महिलाओं में भरपूर आत्मविश्वास भी बना देखा गया। प्रमोद तिवारी की पत्नी तथा विधायक मोना की मां स्व डा अलका तिवारी मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज में प्रोफेसर के रूप में सदैव सेवाभाव जगाने के लिए आम जनमानस की स्मृति पटल पर गहरी छाप रखती हैं। ऐसे में विधायक ने अपनी मां डा. अलका की स्मृति में रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक मुख्यालय पर पूरे सेवकराय, मोहम्मदपुर, नौढ़िया पूरे रघुवर, मादामई व कामापटटी तथा लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर लालगंज के परसपुर, भदारी कला, उधरनपुर, खजुरी, सराय जानमती गांवों में डा. अलका नारी शक्ति केन्द्र को वृहद स्वरूप देने का सशक्तीकरण के क्षेत्र में आदर्श ढ़ांचा तैयार किया है। विधायक मोना द्वारा इन शक्ति केन्द्रो से जुडी सैकड़ो महिलाओं को घर बैठे रोजगार के लिए प्रत्येक समूह को पैर से चलाने वाली पांच सिलाई मशीन, एक हाथ से चलाने वाली सिलाई मशीन, एक एक फॉल व पीको मशीन तथा प्रत्येक समूह को मशीन का कवर उपलब्ध कराया है। कार्यक्रम में लालगंज प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, रामपुर के पूर्व उपप्रमुख भुवनेश्वर शुक्ला, राकेश चतुर्वेदी, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, आशीष उपाध्याय, लालजी यादव, रघुनाथ सरोज, रविशंकर शुक्ल, लालजी पटेल, ओमप्रकाश यादव ने भी विधायक आराधना मिश्रा मोना के इस प्रयास को नारी शक्ति का सराहनीय दिशाबोधक अभिनव कदम ठहराया।

चोरी के समान के साथ दो गिरफ्तार

पलियाकलां-खीरी, (स्पष्ट आवाज)। सम्पूर्णानगर पुलिस ने चोरी के सामान के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से मौके पर चोरी का सामान भी बरामद हुआ है। बताया जाता है कि आरोपी चोरी का माल नेपाल भेजने की फिराक में थे। जानकारी देते हुए संपूर्णानगर थाना प्रभारी निराला तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में बोरिंग का सामान मशीन सहित पाइप लेकर बेचने की फिराक में दो आरोपियों को पकड़ा गया है। मौके से बोरिंग मशीन, पाइप सहित सभी सामान को जप्त कर लिया गया है। सीमा क्षेत्र होने के चलते चोरी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार शक के दायरे में आने वालों से पूछताछ करती है। इसी क्रम में मंगलवार की रात भी पुलिस ने गश्त के दौरान दो लोगों को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम रूपनारायण निवासी निघासन व दीपक शुक्ला निवासी लहरपुर होना बताया। दोनों व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पकड़ने वाली टीम में विशाल सिंह, बृजमोहन यादव, दुष्यंत कुमार, शुगम कुमार, सुबोध कुमार शामिल रहे।

सई घाट के समीप दिखा मगरमच्छ, हड़कम्प

लालगंज, प्रतापगढ़। बुधवार को लालगंज तहसील के उदयपुर थाना क्षेत्र में सई नदी के किनारे मगरमच्छ दिखने से हडकंप मच गया। मुस्तफाबाद के तुलसीराम का पुरवा सई घाट पर ग्रामीणों ने अचानक मगरमच्छ देखा। मगरमच्छ होने की जानकारी पाकर आसपास के ग्रामीण भी वहां इकटठा हो गये। इसके बाद मगरमच्छ सई नदी में गुम हो गया।

ग्रामीणों के मुताबिक घाट पर पक्के पुल का निर्माण हो रहा है। यहां सई नदी मे गहरा कुण्ड है और उसी में मगरमच्छ रहता है। मगरमच्छ को लोग सुबह शाम नदी के किनारे इससे पहले भी देख चुके हैं। मगरमच्छ को लेकर ग्रामीणों में कौतूहल देखा गया। यहां आसपास के गांवों के लोग मवेशियों को चराने के बाद घाट पर पानी भी पिलाया करते हैं। इससे ग्रामीणों में भय का माहौल भी देखा जा रहा है। मगरमच्छ होने की जानकारी लेखपाल केके सरोज ने एसडीएम को दी।

जानकारी मिलते ही एसडीएम प्रवीण द्विवेदी के निर्देश पर वन प्रभाग की टीम लालगंज से मुस्तफाबाद पहुंची। वहां एसओ उदयपुर राधेबाबू भी पहुंचे। वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र का कहना है कि टीम मगरमच्छ को पकडने के प्रयास में जुटी हुई है। इसे पकड़कर अब किसी बड़ी नदी में छुडवाया जाएगा। मगरमच्छ को लेकर सई के आसपास के घाटो पर भी लोगों में कौतूहल का माहौल बना हुआ है।

सफलता के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं का ऊँचा होना चाहिए मनोबल : बीडीओ

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज के सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का बुधवार को समारोहपूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी इंदुप्रकाश श्रीवास्तव व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र मिश्र तथा पूर्व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरएस त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया। शिविरार्थी छात्राओ मीनाक्षी, अंजली, प्रिया मिश्रा, अनुष्का मिश्रा व छात्र लाल बहादुर वर्मा व सचिन जोशी ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गान के साथ सामाजिक एवं राष्ट्रीय चेतना पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ इंदुप्रकाश ने कहा कि युवा विचारधारा के सजग रहने पर हमारी राष्ट्रशक्ति सदैव मजबूत दिखेगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. शैलेन्द्र मिश्र ने कहा कि छात्र छात्राओं में हर सफलता को हासिल करने की साहसिक क्षमता है। उन्होने शिविरार्थियों से शिविर में अपने अनुभव को भविष्य निर्माण के लिए अग्रसर बनाने का आहवान किया। विशिष्ट अतिथि सीएमओ डा. आरएस त्रिपाठी तथा रिटायर्ड डिप्टी सीएमओ डा. पुरूषोत्तम शुक्ल ने शिविरार्थियों को मतदाता जागरूकता अभियान में प्रभावी भूमिका के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने युवाओं से सफलता हासिल करने के लिए सफल मेधावियों के श्रम व लगन से सीख लेने की सलाह दी। कार्यक्रमाधिकारी डा. फणीन्द्र नारायण मिश्र ने शिविर की उपलब्धियों को बताया। डा. ऋचासुकुमार ने छात्राओं को सशक्तीकरण के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए हौसलाफजाईकी। संचालन कार्यक्रमाधिकारी डा. सीमा त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर इं. जितेन्द्र तिवारी, इं. सिद्धार्थ त्रिपाठी, डॉ. आलोक द्विवेदी, डॉ. संतोष मिश्र, डॉ. गंगाधर मिश्र, डॉ. निशान्त, शिवकुमार यादव आदि रहे।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई– ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

एडमिन यूनिट जोन /	लखनऊ–उ0रे0 0रे0उ / वाणिज्य–मण्डल–
नीलामी सूची सं० ० लॉट सं /	14260-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	12.03.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	28.03.2024 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	28.03.2024 at 12:30 hrs.
नीलामी सूची सं० ० लॉट सं /	12184-SLR-R1-PBH-BPL-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	12.03.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	28.03.2024 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	28.03.2024 at 12:40 hrs.
नीलामी सूची सं० ० लॉट सं /	12231-SLR-F2-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	12.03.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	28.03.2024 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	28.03.2024 at 12:50 hrs.
नीलामी सूची सं० ० लॉट सं /	22184-SLR-F2-AYC-LTT-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	12.03.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	28.03.2024 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	28.03.2024 at 13:00 hrs.
नीलामी सूची सं० ० लॉट सं /	20413-SLR-R1-BSB-INDB-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	12.03.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	28.03.2024 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	28.03.2024 at 13:10 hrs.
नीलामी सूची सं० ० लॉट सं /	14235-SLR-R1-BSB-BE-24-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	12.03.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	28.03.2024 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	28.03.2024 at 13:20 hrs.
नीलामी सूची सं० ० लॉट सं /	22104-SLR-F2-AYC-LTT-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	12.03.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	28.03.2024 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	28.03.2024 at 13:30 hrs.
नीलामी सूची सं० ० लॉट सं /	14307-SLR-F2-PYGS-BE-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	12.03.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	28.03.2024 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	28.03.2024 at 13:40 hrs.

Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders: E- Auction Module of www.ireps.gov.in

No: C/SLR Leasing contract-2019/KS Date:- 12.03.2024 794/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. लखीमपुर

E-mail : seedclakhimpur@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा सूचना (ई-निविदा)

अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, लखीमपुर के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु अनुभवी निविदाकारों से दो अलग-अलग भागों में निविदाएं ई-टेंडरिंग के माध्यम से अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, विवरण निम्नवत् है- **निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय** 14.03.2024 समय 13:00 बजे, **निविदा के भाग-1 खोलने की तिथि एवं समय** 14.03.2024, समय 14:00 बजे। 01- निविदा सं0 154/वि0वि0मं0ल0/2023-24 विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय (मितौली), लखीमपुर के अन्तर्गत उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड ओयल, लखीमपुर के प्रयोगार्थ एक अद्द डीजल चलित वाहन मय चालक के उपलब्ध क

चरस व असलहे सहित पांच शातिर तस्कर गिरफ्तार

मुरादाबाद। थाना मझोला पुलिस ने चरस व असलाह की तस्करी करने वाले पांच अभियुक्तो को गिरफ्तार कर लिया इस घटना का खुलासा एसएसपी हेमराज मीणा, पुलिस अधीक्षकनगर अखिलेष भदौरिया व क्षेत्राधिकारी सिविल लाईन द्वारा पुलिस लाईन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान किया गया। बताते चले कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के आदेशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर अकुंश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स के कुशल पर्यवेक्षण में गठित थाना मझोला पुलिस टीम मय एसओजी टीम मुरादाबाद के द्वारा आज दिनांक 13-03-2024 को मुखबिर की सूचना पर पैपटपुरा रोड पर पूर्व चौयरमैन संजीव चौहान के कारखाने के पास से गांगन वाली मैनाठेर वाले जंगल की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर जंगल में प्लाट से अभियुक्तगण 1- अर्जुन सिंह पुत्र सुभाष सिंह निवासी ग्राम टाह मदन थाना भगतपुर जिला मुरादाबाद उम्र करीब 26 वर्ष 2-मोईन खान उर्फ रोसी पुत्र मुनव्वर खान निवासी ततारपुर जामा मस्जिद कस्बा अगवानपुर थाना सिविल लाईन जनपद मुरादाबाद 3-वरूण ठाकुर पुत्र गुलशन ठाकुर निवासी बैंक कालोनी खुशहालपुर थाना मझौला जनपद मुरादाबाद उम्र करीब 28 वर्ष 4-मौ0 आसिफ पुत्र मौ0 कासिम उर्फ बल्ले निवासी नगर पंचायत रेती का मौहल्ला कस्बा अगवानपुर थाना सिविल लाईन जनपद मुरादाबाद उम्र करीब 24 वर्ष 5- उवैद मिर्जा पुत्र वसीम अहमद निवासी मौ0 जामा मस्जिद के पास कस्बा अगवानपुर थाना सिविल लाईन जनपद मुरादाबाद उम्र करीब 22 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 03 पिस्टल 32 बोर मय 06 मैगजीन 32 बोर मय जिन्दा 06 कारतूस 32 बोर, 03 खोखा कारतूस 32 बोर, 02 अवैध तमंचा 315 बोर , 04 कारतूस जिन्दा 315 बोर , 04 कारतूस खोखा 315 बोर , 01 तमंचा 12 बोर मय 02 कारतूस जिन्दा 12 बोर , 04 मोबाईल फोन , 01 डिवाईस वायरलैस डाटा कार्ड व अवैध चरस जिसका कुल वजन 01 (एक) कि0ग्रा0 व 15580/- रूपये बरामद किये गये । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना मझोला पर मु0अ0स0-161/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया । पुलिस द्वारा पूछताछ में अभियुक्त अर्जुन व मोईन खान उर्फरोसी द्वारा बताया गया कि हम अवैध अस्लाह व कारतूस तथा चरस उत्तराखंड में एक व्यक्ति से लेकर आते है तथा अपने साथी वरूण ,आसिफ उवैद की सहायता से जनपद में अलग-अलग जगह मांग के अनुसार इनकी सप्लाई कर देते है। अभियुक्तगण से विस्तृत पूछताछ की जा रही है तथा उक्त गिरोह में सम्मिलित अन्य अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के प्रयास टीम द्वारा किए जा रहे है।

लड़की अपहरण की रिपोर्ट दर्ज न करने पर पीड़ित ने एसपी से की शिकायत

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। थाना घुंघचिहाई क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव के ही धर्मपाल उर्फ डी0पी0 पुत्रराम औतार भारती व अर्पित भारती विश्वनाथ भारती 09 मार्च को समय 12 बजे रात बहला फुसलाकर अपने साथ तमंचे के बल पर मेरी पुत्री का अपहरण कर ले गये मैंने अपनी पुत्री 14 फरवरी को दिलीपकर पुत्र जागेश्वर प्रसाद निवासी उगनापुर बण्डा शाहजहांपूर के साथ विवाह किया था मेरी पुत्री घर पर रखे दो लारख के जेवरात व 15 हजार की नकदी भी ले गयी जबकि मेरी पुत्र को ले जाते समय गांव के कुछ लोगों ने देखा भी था मैं जब थाना घुंघचिहाई उक्त घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने गया तो थाना घुंघचिहाई पुलिस द्वारा मेरी रिपोर्ट दर्जकर टरका दिया पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाते हुये अपनी पुत्री की बरामदगी के साथ ही दबंगो पर कानूनी कार्यवाही की मांग की गयी पीड़ित को पुलिस अधीक्षक ने तत्काल कार्यवाही कर युवती की बरामदगी का आश्वासन दिया।

ग्रामों के विकास पर दें विशेष ध्यान: जिलाधिकारी

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। उ0प्र0 ग्राम विकास व ग्राम पचांयत अधिकारी सगठन के जिलाध्यक्ष अवनीश कुमार महामंत्री अतुल कुमार ने जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह से औपचारिक मुलाकात कर उनको वुक्का पेश किया गया।

ग्राम पंचायत अधिकारी संगठन के जिलाध्यक्ष व महामंत्री ने अपने साथियों के साथ कलेक्टेऊट पहुंचकर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर अपना परिचय देते हुये संगठन व विकास कार्यो सम्बन्धी वार्ता की गयी जिलाधिकारी द्वारा संगठन के पदाधिकारियों से मुलाकात के दौरान कहा कि आप लोग ग्रामों के विकास पर विशेष ध्यान देकर उ0प्र0 सरकार की विकासशील नीतियों का प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वयन कर तथा विकास कार्यो के सम्पन्न करने में यदि कोई समस्या या बाधा उत्पन्न हो तो तत्काल अवगत कराये संगठन के पदाधिकारियों की जिलाधिकारी से औपचारिक मुलाकात से संगठन को बल मिलेगा तथा विकास कार्यो को गति मिलेगी।

गाजीपुर बार्डर पर होने वाली महापंचायत में भारी संख्या में पदाधिकारी हुये रवाना

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के मंडल अध्यक्ष लालू मिश्रा तहसील अध्यक्ष बादाम सिंह के नेतृत्व में लगभग 50-60 पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं का जत्था दिल्ली बार्डर गाजी में आज 14 मार्च को होने वाली महापंचायत में भाग लेने को टेऊन द्वारा रवाना हुये।भाकियू टिकैत गुट के मंडल अध्यक्ष लालू मिश्रा ने बताया कि भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के आवाहन पवर दिल्ली गाजीपुर वार्डर पर किसानों की ज्वलन्त समस्याओं को लेकर विशाल महा पंचायत का 14 मार्च वृहस्पतिबार को आयोजन किया जा रहा है भाकियू की महापंचायत में देश प्रदेश के कोने कोने से भाकियू पदाधिकारी व किसान भाग लेने को रवाना हो रहे है श्री मिश्र ने बताया किसानों की ज्वलन्त समस्याओं के निस्तारण को लेकर महापंचायत में भाग लेने जाने वालों में लालू मिश्रा बादाम सिंह रामकुमार प्रजापति रामस्वरूप वर्मा बाबूराम कश्यप कमला देवी महिला प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष गंगा सिंह 50-60 भाकियू के लोग गाजीपुर वार्डर पर रवाना हुये।

संक्षिप्त आवाज़

लोकसभा चुनाव हेतु मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

बिजनौर(स्पष्ट आवाज) जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देशों के अनुपालन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पूर्ण रूप से सुव्यवस्थित, सुचारू और निर्वाध रूप से संपन्न करने के लिए आज विकास भवन सभागार में सामान्य प्रशिक्षण एवं ईवीएम मास्टर ट्रेनर्स की एक प्रारंभिक बैठक/सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 57 सामान्य मास्टर ट्रेनर्स एवं 46 ईवीएम मास्टर ट्रेनर्स को परियोजना निदेशक, डीआरडीए, ज्ञानेश्वर तिवारी द्वारा उनके मूल दायित्वों एवं निर्वहन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी श्रीमती अर्चना गुप्ता सहित सभी सामान्य ट्रेनर्स एवं ईवीएम मास्टर ट्रेनर्स मौजूद थे।

नगर पंचायत में 64 राउंड तक चली टैक्सी स्टैंड की नीलामी

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में टैक्सी स्टैण्ड की नीलामी आखिरकार बुधवार को सम्पन्न हो गई। गत दिनों तीन बार नीलामी का समय निर्धारित होने के बाद अपरिहार्य कारणों से स्थगित करनी पड़ी थी। नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के स्थानीय सहायक लिपिक के समक्ष नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के बसखारी किछौछा टैक्सी स्टैण्ड उर्स एवं अगहनिया मेला पड़ाव की नीलामी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक के लिए कराई गयी, जिसमें चार ठेकेदार प्रथम बोली सुजीत कुमार सिंह पुत्र रणजीत सिंह निवासी ग्राम महमदपुर थाना कटका परगना सुरहुरपुर तहसील जलालपुर, दूसरी चन्द्रजीत पुत्र स्व. राम बखेडू निवासी ग्राम केशवपुर पचपोखरा, पोस्ट आसोपुर परगना व तहसील टाण्डा, तीसरे प्रमोद कुमार गुप्ता पुत्र ओमप्रकाश गुप्ता निवासी ग्राम शाहपुर कुरमौल, पोस्ट मुबारकपुर तहसील टाण्डा व चौथे वीरेन्द्र कुमार पुत्र देवमणि निवासी ग्राम व पोस्ट बरियावन परगना व तहसील अकबरपुर ने प्रतिभाग किया। बोली 64 राउण्ड चली, 64वें राउण्ड में सबसे अधिकतम बोली चन्द्रजीत पुत्र स्व. राम बखेडू निवासी ग्राम केशवपुर पचपोखरा, पोस्ट आसोपुर परगना व तहसील टाण्डा द्वारा 01 करोड़ 18 लाख 75 हज़ार रुपये मात्र की बोलकर ली गयी है। बोली का शुभारंभ 95 लाख से शुरू किया गया। बताते चलेंकि पिछली बार 90 लाख रुपये से बोली शुरू कर अंतिम बोली 01 करोड़ 18 लाख 55 हज़ार रुपये में हुई थी जो इस वर्ष 20 हजार रुपये अधिक में है।

रोक के बावजूद सीएचसी डॉक्टर लिख रहे बाहर की दवाइयां

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटेहरी के डॉक्टरों द्वारा अस्पताल में दवाओं की अनुउपलब्धता मरीजों को बताकर उन्हें बाहर से लेने की सलाह की परम्परा खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। जब कि सरकार का हमेशा यही दावा है कि कहीं भी कोई अभाव नहीं है, मरीज अपने स्वास्थ्य का बेहतर इलाज करायें किन्तु यह हवा-हवाई बनकर रह गया है। ज्ञात हो कि मरीजों के स्वास्थ्य के लिए सरकार द्वारा अस्पतालों की व्यवस्था में अरबों रूपये व्यय किया जा रहा है और मरीजों को यह आश्वासन भी प्रचार व खबरों के माध्यम से दिये जाते रहते है कि कहीं कोई समस्या नहीं है इन सब के बावजूद भी सरकारी अस्पतालों में दवाओं की अनुउपलब्धता मरीजों व तीमारदारों को बताना परम्परा बन गयी है। इसके पीछे सरकारी डॉक्टरों और मेडिकल स्टोर संचालकों में साठ-गांठ होना बताया जा रहा है ऐसा ही मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटेहरी का आया है जिसमें मरीज कृष्णा का कहना है कि वे मंगलवार को उक्त सरकारी अस्पताल में गये और अपने स्वास्थ्य की समस्या से डॉक्टर को रूबरू कराया गया जहां सम्बंधित डॉक्टर ने मामूली दवाओं को सरकारी पर्चे से लेने को कहा गया और इसके अलावा एक पर्ची पर सैकड़ों रूपये की दवा लिख दी गयी। मरीज का कहना है कि जब बाजार लेने की अस्मर्थता जताया तो सम्बंधित डॉक्टर ने कहा कि ठीक होना है तो बाहर से ही दवा लेना पड़ेगा नहीं तो परेशानी झेलते रहो। इसके अलावा उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र क्षेत्र के दर्जनों मरीजों का भी कहना है कि यह कोई नयी बात नहीं है यहां जो भी डॉक्टर तैनात होते है उनकी आदत में शुमार है सभी के अपने-अपने चुनिंदा मेडिकल स्टोर है, जहां उनके द्वारा लिखे पर्चे भेजकर दवाओं को लेने की सलाह दिया जाता रहता है।

लोहे की एंगल चोरी होने की डीएम से शिकायत

मुरादाबाद। गोवर्धन थाना मैनाठेर निवासी पीड़ित सुरेश कुमार ने सिविल लाइन स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर एक प्रार्थना पत्र जिला अधिकारी कार्यालय में दर्ज कराया है दर्ज प्रार्थना पत्र में आरोप है कि उसके पिता लाखन सिंह के नाम से ट्यूबवेल कलेक्शन लिया गया है निजी ट्यूबवेल पर लगे ट्रांसफार्मर के नीचे लोहे की तीन एंगल अज्ञात व्यक्ति द्वारा खोलकर चोरी कर ली गई है जिससे ट्रांसफार्मर के आसपास खतरा बना हुआ है खेत पर जाने वाले किसी भी व्यक्ति के साथ कभी भी कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है विद्युत विभाग ओर पुलिस को इस बारे में अवगत कराया गया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जिसके बाद सुरेश ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

समाजसेवी ने लावारिस शव की सोशल मीडिया के माध्यम से करवाई पहचान

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। दिनांक 11.3.2024 की सुबह लगभग 5ः00 बजे रेलवे स्टेशन अकबरपुर प्लेटफार्म नंबर 3 यार्ड नंबर 5 पर एक व्यक्ति का ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गया था। जिसकी सूचना स्टेशन मास्टर अकबरपुर द्वारा बतौर मेमो थाना जीआरपी अकबरपुर को दिया गया था। समाजसेवी बरकत अली ने शव की शिनाख्त हेतु सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से पहचान के लिए आग्रह किया था सोशल मीडिया पर फोटो देखकर मृतक के चचेरे भाई उपनिरीक्षक इनामुल्लाह खां से संपर्क किया और बताया कि मृतक का नाम दयाशंकर यादव पुत्र स्वर्गीय विमल यादव निवासी दुल्हुपुर मसौड़ा थाना काटा जनपद अंबेडकरनगर का रहने वाला है लावारिसों की पहचान करने में कांस्टेबल धनेश कुमार गुप्ता ने पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शक उसके चचेरे भाई दीप नारायण यादव को सुपुर्द कर दिया।

मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर यातायात विभाग के छूट रहे पसीने

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। मुख्यालय पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 14 मार्च का कार्यक्रम प्राप्त होने के साथ ही पूरा प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया है। चुनाव से पूर्व 14 मार्च अंबेडकरनगर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देंगे 21 अरब 21 करोड़ 41 लाख रुपए की सौगात देंगे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के लिए कलेक्ट्रेट से लेकर कचहरी रोड को चकाचक किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन से लेकर तमाम विभाग मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने में न केवल दिन रात एक किए हैं, यदि आप अम्बेडकरनगर जिले के हैं या फिर किसी अन्य जिले से अम्बेडकरनगर आने की सोच रहे हैं तो यह खबर आपके काम की है। अम्बेडकरनगर में कल यानी 14 मार्च को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर मार्ग पर रुट डायबर्ड किया गया है। सभी वाहन बाईपास से होकर गुजरेंगे, मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर यह नियम हल्के वाहन और भारी वाहनों के लिए लागू किया गया है, यह पूरी पहल इसलिए की गई है क्योंकि जनपद मुख्यालय में किसी भी प्रकार की व्यवस्था या फिर सड़क पर चलने वाले लोगों को समस्या ना हो, यातायात के प्रभारी जयबहादुर यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दृष्टिकोण यह व्यवस्था अकबरपुर क्षेत्र के लिए लागू की गई है. इस दौरान यातायात व्यवस्था पूरी तरीके से चाकचौबंद रहेगी। अकबरपुर नई तहसील के बगल ग्राउंड पर कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले वाहन के अलावा कोई भी नहीं जाएगा इसके अलावा बाईपास ओवर ब्रिज से अंदर अकबरपुर मार्ग पर भी कार्यक्रम में जाने वाले गाड़ियों के अतिरिक्त किसी भी प्रकार के वाहनों के आने-जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मुख्यमत्री के आगमन पर उनकी सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे स्टेशन, बस अड्डे पर तो सघन चेकिग चल ही रही है। होटलों, लाज आदि को भी खंगाला जा रहा है। संदिग्ध यात्रियों की सूची तैयार करने के साथ ही उनकी पूर्ण जांच कर जाने दिया जा रहा है तथा बाकायदा पुलिस व खुफिया विभाग की टीमें तमाम स्थानों पर बारीकी से नजर रखे है।यही नहीं सड़कों के किनारे लगे जिन वृक्षों की टहनियां अरसे से यातायात में बाधा बनी थीं, उन्हें तेजी से काटा जा रहा है साथ ही लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की जा रही है। कार्यक्रम स्थल पूर्व के स्थान (हवाई पट्टी) पर न होने के कारण वाहनों की पार्किंग को लेकर यातायात विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है।

माधोटांडा मार्ग पर दिखा टाइगर, मचा हड़कंप

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। मार्ग पर बाघ की चहल कदमी देखी गई। इसको लेकर राहगीर दबे पांव पीछे लौट गए। लगातार बाघ की चहलकदमी से लोगों में दहशत बनी हुई है।माधोटांडा थाना क्षेत्र में बाघ का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। कई लोग अब तक काल के गाल में समा चुके हैं। माधोटांडा खटीमा मार्ग पर एक बाघ चल कदमी करते देखा गया। बाघ की चहलकदमी देख लोगों में हडकंप मच गया।बाघ की दहशत के चलते रास्ते से गुजर रहे राहगिरों के वाहन के पहिए थम गए। बताया जाता है कि बाघ काफी देर तक सड़क पर टहलता रहा। जिसके चलते दोनों तरफ राहगीर दबे पांव पीछे लौट गए। बाघ की चहलकदमी से काफी देर तक आवागमन वाधित रहा। बाघ के जंगल जाने के बाद आवागमन शुरु हो चुका है। टहलते बाघ का वीडीओ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमे बाघ बीच सडक पर चहलकदमी करते दिख रहा है। लगातार बाघ की चहल कदमी से राहगीरों में दहशत बनी हुई है। उसके बावजूद भी अधिकारियों द्वारा कोई ठोस प्रयास नहीं किया जा रहे हैं।इस मार्ग पर बाघ कभी भी आपको दर्शन दे सकते हैं।

भाकियू टिकैत गुट के तहसील अध्यक्ष बने बादाम सिंह

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के तहसील अध्यक्ष सतपाल वर्मा को पद से हटाकर बादाम सिंह को संगठन का नया तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया।उक्त जानकारी देते हुये भाकियू के जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा बरेली मंडल अध्यक्ष लालू मिश्रा ने बताया कि निर्वतमान तहसील अध्यक्ष सतपाल वर्मा की संगठन के प्रति उदासीनता एक संगठन के पदाधिकारियों व किसान की समस्याओं की अनदेखी करने व संगठन विरोधी कार्यो में लिप्त होने के कारण श्री वर्मा को तहसील अध्यक्ष पद से हटाते हुये उनके स्थान पर बादाम सिंह निवासी सबलापुर को भाकियू का तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया। भाकियू के बादाम सिंह के तहसील अध्यक्ष मनोनीत होने पर संगठन के पदाधिकारियों एवं सहयोगियों ने उन पर विश्वास जताते हुये उनका सम्मान कर भव्य स्वागत किय गया।

रैली निकालकर मनाया गया धूम्रपान निषेध दिवस

मुरादाबाद। धूम्रपान निषेध दिवस के उपलक्ष्य में एक रैली का आयोजन किया गया जिसमें 23 यू.पी. बटालियन एन.सी.सी. मुरादाबाद के एन.सी.सी. कैडेट्स एवं ए.एन.एम.टी.सी. की छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसका शुभारम्भ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 भारत भूषण एवं मेजर राजीव ढल ने हरी झंडी दिखाकर किया रैली मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से प्रारम्भ होकर पीली कोठी चौराहे से आयुक्त कार्यालय होते हुये जिला चिकित्सालय में समाप्त हुई इसके बाद जिला चिकित्सालय में एक शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। रैली के दोरान जनता को पम्पलेट एवं स्लोगन के माध्यम से तम्बाकू एवं धुम्रपान का सेवन न करने के लिए प्रेरित किया गया इसके बाद चलाये गये हस्ताक्षर अभियान को युवाओं पर केन्द्रीत किया गया तथा हस्ताक्षर कर यह प्रण लिया गया कि वह भविष्य में कभी भी धुम्रपान एवं तम्बाकू का इस्तेमाल नही करेगें। इसके बाद प्रमुख चिकित्सा अधीक्षिका डा0 संगीता गुप्ता द्वारा चिकित्सालय ओ.पी.डी. में उपस्थित सभी कर्मचारीयों, चिकित्साकों एवं मरीजो को तम्बाकू एवं धुम्रपान छोड़ने कि शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम के सफल संचालन में डा0 राजेन्द्र कुमार, चिकित्सा अधीक्षक जिला पुरूष चिकित्सालय मुरादाबाद, डॉ प्रशान्त राजपूत जनपद सलाहकार तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम मुरादाबाद, मेजर राजीव ढल, महाराजा अग्रसेन इण्टर कॉलेज मुरादाबाद, फिरोज बी, प्रधानाचार्य ए.एन.एम.टी.सी. मुरादाबाद, रीमा यादव, काउन्सलर, तम्बाकू उन्नमूलन केन्द्र मुरादाबाद, शियोवीर सिंह सोशल वर्कर, तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम मुरादाबाद, रजनीश चिकित्सालय प्रबन्धक, कुलदीप सक्सैना, दिसी यादव एन.सी.डी. काउन्सलर, आकाश चौधरी डी.ई.ओ. का अहम योगदान रहा।

पशुधन मंत्री तथा सांसद ने किया पशु चिकित्सालय का शिलान्यास

बदायूँ(स्पष्ट आवाज़) पशु चिकित्सालय के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह का पारा उस समय चढ़ गया जब उन्हें सड़कों पर भारी मात्रा में निराश्रित गोवंश दिखाई दिए और शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारी अपूर्ण मिलीं।मंत्री बुधवार को विकासखंड म्याऊ क्षेत्र में पशु चिकित्सालय के शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेने के लिए यहां पहुंचे थे। शिलान्यास में अधूरी व अपूर्ण तैयारियों तथा सड़कों पर निराश्रित गोवंश देखकर मंत्री ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने डीएम मनोज कुमार को निर्देशित करते हुए कहा कि वह मामले में सीडीओ सहित संबंधित खंडविकास अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त कर शासन को प्रेषित करें। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप के साथ विकासखंड म्याऊं के अंतर्गत ग्राम नवीगंज में 69.11 लख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले पशु चिकित्सालय का शिलान्यास कर भूमि पूजन किया। उन्होंने बताया कि शासन से इस चिकित्सालय के लिए 34.55 लाख रुपए की प्रथम किस्त जारी कर दी गई है। समारोह में बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पूरे विश्व में भारत का नाम शिखर पर पहुंचाया है,उन्होंने कहा भारत का इस समय स्वर्णिम युग है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कर्मयोगी और मुख्यमंत्री जन्म योगी हैं। उन्होंने कहा कि गोवंश की सेवा करना हम सबका धर्म है, भारत देश कृषि प्रधान देश है कृषि एवं पशुपालन एक दूसरे के पूरक हैं। आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के गरीबों की उन्नति के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र तथा प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सब का प्रयास पर कार्य कर रही है।इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा ढोल नगाड़ा बजा कर और पुष्पवर्षा,पुष्प गुच्छ भेंट कर मंत्री एवं सांसद को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ

पत्रांक : 1973/401सी0(1)-ल0वृ0/2023-24 दिनॉक : 08.03.2024

ई-निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु रजिस्टर्ड एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

क्र. सं.	जनपद	कार्य का नाम	आंकलित धनराशि (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी	निविदा शुल्क	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि0 का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभि0 का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	रायबरेली	फुरवारी (कुरौली बुधकर) सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य किमी0 1, 2 (225)	65.50	5.28	मार्ग कार्य 'ए, बी & सी'	Rs. 2714.00	06 माह (नवनिर्माण) नवनिर्माण के उपरान्त 05 वर्ष (अनुरक्षण)	निर्माण खण्ड-1, लो0.नि.वि, रायबरेली	लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ	मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ
2	रायबरेली	सुरजूपुर से पखरौली मार्ग वाया डालबाल मन्दिर का नवनिर्माण कार्य किमी0 1, 2 (900)	99.50	6.98	मार्ग कार्य 'ए, & बी'	Rs. 2714.00	06 माह (नवनिर्माण) नवनिर्माण के उपरान्त 05 वर्ष (अनुरक्षण)	निर्माण खण्ड-1, लो0.नि.वि, रायबरेली	लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ	मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ
3	रायबरेली	दाऊदपुर गड़ई से सरदारगंज सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य किमी0 1, 2 (325)	60.70	5.04	मार्ग कार्य 'ए, बी & सी'	Rs. 2714.00	06 माह (नवनिर्माण) नवनिर्माण के उपरान्त 05 वर्ष (अनुरक्षण)	निर्माण खण्ड-1, लो0.नि.वि, रायबरेली	लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ	मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ
4	रायबरेली	दाऊदपुर गड़ई से भगवन्तपुर चंदनिया सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य किमी0 1, 2 (950)	99.40	6.97	मार्ग कार्य 'ए, & बी'	Rs. 2714.00	06 माह (नवनिर्माण) नवनिर्माण के उपरान्त 05 वर्ष (अनुरक्षण)	निर्माण खण्ड-1, लो0.नि.वि, रायबरेली	लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ	मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ
5	रायबरेली	पूरे गुलाबराय से चांदपुर सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य किमी0 1, 2 (400)	65.00	5.25	मार्ग कार्य 'ए, बी & सी'	Rs. 2714.00	06 माह (नवनिर्माण) नवनिर्माण के उपरान्त 05 वर्ष (अनुरक्षण)	निर्माण खण्ड-1, लो0.नि.वि, रायबरेली	लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ	मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ
6	रायबरेली	पूरे उपद्वन सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य किमी0 1	57.00	4.85	मार्ग कार्य 'ए, बी & सी'	Rs. 2714.00	06 माह (नवनिर्माण) नवनिर्माण के उपरान्त 05 वर्ष (अनुरक्षण)	निर्माण खण्ड-1, लो0.नि.वि, रायबरेली	लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ	मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ
7	रायबरेली	पूरे टूडी सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य किमी0 1, 2, 3 (500)	134.30	8.72	मार्ग कार्य 'ए, & बी'	Rs. 2714.00	12 माह (नवनिर्माण) नवनिर्माण के उपरान्त 05 वर्ष (अनुरक्षण)	निर्माण खण्ड-1, लो0.नि.वि, रायबरेली	लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ	मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ

बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 करों को छोड़ते हुये लगाई गयी है। निविदा आनलाइन दिनांक 15.03.2024 की पूर्वान्ह् 9:00 बजे से दिनांक 22.03.2024 की अपरान्ह् 12:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 22.03.2024 की अपरान्ह् 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 22.03.2024 को अपरान्ह् 12:30 बजे खोली जायेगीं। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर द्वारा किया जाना है, जिसका विवरण एन0आई0टी0 के बिड डाक्यूमेन्ट में उपलब्ध है। निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(प्रमोद कुमार सिंह राणा)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, रायबरेली

(जे0पी0 सिंह)
अधीक्षण

रजिस्ट्रेशन को नोडल अधिकारी व बाबू पर मांग रहे थे एक लाख

■दोनों पर रिश्वत मांगने का लगा आरोप,डीएम से डायरेक्टर ने किया शिकायत

■ बीस हजार रिश्वत लेने के बाद भी निरस्त किया आवेदन,खुद चला रहे अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर

कौशाम्बी। सीएमओ कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जिसका खुलासा बुधवार को हुआ है। जिसमें महज सेंटर के रजिस्ट्रेशन के नाम पर एक एक लाख की रिश्वत की मांग आवेदन कर्ता से की गई। इससे पूर्व में भी कई तरह के आरोपों से स्वास्थ्य विभाग हमेशा घिरा रहा है। जिसके बाद विभाग में हड़कंप मच गया है।

जिला मुख्यालय मंझनपुर जिला अस्पताल के सामने स्थित सिग्मा स्कैनिंग एण्ड मैटरनिटी सेन्टर की डायरेक्टर नगमा बेगम पत्नी इकबाल सिद्दीकी निवासी आजाद नगर मंझनपुर ने बुधवार को सीएमओ कार्यालय में सम्बद्ध नोडल अधिकारी रजिस्ट्रेशन सहित 2006 से तैनात एक संविदा कर्मी बाबू पर एक एक लाख रूपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायत मे सेंटर डायरेक्टर ने बताया कि उनका आवेदन दो बार मांगी गई रिश्वत कम मिलने पर निरस्त कर दिया गया।वहीं उनके पति व बेटे के खिलाफ झूठा आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी व सीएमओ को गुमराह करने की साज़िश नोडल अधिकारी ने किया है। जिसका खुलासा करते हुए उन्होंने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को दिये गये शिकायत में बताया कि डाक्टर कृष्ण देव सिंह जो नोडल अधिकारी रजिस्ट्रेशन है। उन्होंने रजिस्ट्रेशन के नाम पर एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। उनकी डिमांड पूरी नहीं की गई ,तो उन्होंने पहला रजिस्ट्रेशन जिसका आवेदन 19 नवम्बर 2023 को किया गया था, निरस्त कर दिया। भुक्तभोगी ने दोबारा 2 मार्च 2024को रजिस्ट्रेशन आवेदन किया । सीएमओ कार्यालय में तैनात संविदा कर्मी बाबू संदीप सिंह पुत्र स्व. रणछोर सिहं ने मेरे बेटे से रजिस्ट्रेशन के नाम पर एक लाख रूपये की रिश्वत की मांग करते हुए कहा कि जबतक रिश्वत की रकम नहीं दोगे तब आवेदन निरस्त होता रहेगा। मेरे बेटे आतिफ इकबाल ने 4-3-2024 को संदीप सिंह को उनके घर जाकर बीस हजार रूपया दिया गया । इसके बाद भी संदीप सिंह ने उनके बेटे को 7 मार्च व 10मार्च को फोन करके नोडल अधिकारी डा. कृष्ण देव सिंह से मिलवाने की बात कहकर एक लाख रिश्वत की डिमांड की जाती रही। मंगलवार को स्थलीय निरीक्षण हेतु नोडल अधिकारी, पंजीकरण मय टीम मौके स्थल पर आये थे। निरीक्षण के दौरान मौके पर उनके पति इकबाल अहमद सिद्दीकी व उनके पुत्र शीबू मौके पर नहीं थे। दोनों लोग कड़ा धाम गये हुए थे। मौके पर मो. आमिर मौजूद थे। टीम के लोगों ने झूठा मनगढ़ंत आरोप लगाते हुए चार कमियां दिखाकर उनका रजिस्ट्रेशन फिर से निरस्त कर दिया गया। टीम के नोडल अधिकारी द्वारा लगाए गए आरोप निराधार व सरासर ग़लत है। यदि मौके पर दोनों लोग थे, तो टीम के कैमरे में उनकी तस्वीर कैद होनी चाहिए, यह जांच का बिंदु है। उन्होंने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपी नोडल अधिकारी व बाबू के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग किया है।जिसको लेकर बुधवार को विभाग में दिनभर हड़कंप का माहौल रहा। यदि जिलाधिकारी ने मामले की बारीकी से जांच कराई तो दोनों जिम्मेदारो की गर्दन फंस सकती है।दोनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के संकेत प्रबल हो रहे हैं।

जिलाधिकारी के नाक के नीचे अवैध रूप से बाबू के संरक्षण में संचालित हो रहा जान्हवी अल्ट्रासाउंड सेंटर---

नगमा बेगम का आरोप है कि एक लाख की रिश्वत मांगने वाले सीएमओ कार्यालय के संविदा कर्मी बाबू संदीप सिंह ने जिला अस्पताल के सामने निज मकान में अवैध रूप से जान्हवी अल्ट्रासाउंड सेंटर दबंगई के बल पर संचालित किया जा रहा है। जिसपर कार्रवाई की हिम्मत स्वास्थ्य विभाग के नोडल सहित सीएमओ भी नहीं जुटा पा रहे हैं। जिससे अवैध रूप से संचालित सेंटर से रोजाना हजारो रूपये की काली कमाई बाबू के संरक्षण मे जिम्मेदार कर रहे हैं।जिनकी सुध लेने वाला शायद कोई नहीं है।

-----मामले को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.सुपेन्द्र कुमार से बात की गई उन्होंने कहा कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है ,यदि पैसा देने का कोई साक्ष्य हो तो मेरे व जिलाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध करादे, आरोप सिद्ध होने पर कार्रवाई की जायेगी।

पीएम-सूरज राष्ट्रीय पोर्टल किया गया लान्च

कौशाम्बी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित आर्थिक सशक्तिकरण योजनाओं के लाभार्थियों के साथ हैब्रिड मोड पर संवाद किया। पीएम-सूरज राष्ट्रीय पोर्टल का लान्च किया। इसका लाईव प्रसारण उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में किया गया तथा उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुना। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत कल्पना सोनकर , जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अश्वनी कुमार, प्राचार्य डायट भारती त्रिपाठी एवं एलडीएम जितेन्द्र चौधरी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम का दिया गया प्रशिक्षण

कौशाम्बी।लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए उदयन सभागार में मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम का प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेश कुमार राय ने ईवीएम से सम्बन्धित आवश्यक दिशा-निर्देश मास्टर ट्रेनरों को देते हुए कहा कि प्रशिक्षण भली-भाँति प्राप्त किया जाय तथा ईवीएम मैनुअल का भी गहनता से अध्ययन कर लिया जाय, किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। ट्रेनर श्री उमेश विश्वकर्मा द्वारा मास्टर ट्रेनरां को ईवीएम की सीलिंग, स्पेशल टैग लगाना, वीवीपैट को संचालित करना तथा वीवीपैट, बैलेट यूनिट व कन्ट्रोल यूनिट को आपस में संयोजित करने का प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार मॉकपोल एवं वास्तविक मतदान के दौरान मशीनों के प्रतिस्थापन एवं ईवीएम से जुड़े विभिन्न प्रकार के त्रुटियों का निराकरण किस प्रकार किया जाय आदि का विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी अधिकारी कार्मिक डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह, अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 प्रभारी ईवीएम हरवंश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

संक्षिप्त आवाज

एसपी के निर्देश पर आठ पर मिनी गुण्डा एक्ट

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय ने भोली-भाली जनता में आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले आठ लोगों के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। बुधवार को प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय ने प्रेमनारायण पुत्र तेजबली कहार इटवां, अरुण कुमार उर्फ चिफुर पुत्र हरीशचन्द्र खप्टिहा, पद्दू पुत्र बंगाली बम्बुरी, रमेश जमादार पुत्र कबुले उर्फ मातादीन लबेर, सूरजभान उर्फ मुन्ना पुत्र दशरथ हसीपुरवा मजरा खंडेहा, अख्तर शाह पुत्र लल्लन शाह जफरपुर, अत्रिमुनि उर्फ अन्तु पुत्र रामसूरत भिटारी व धीरेन्द्र पुत्र बद्री प्रसाद लबेद खंडेहा के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

21 क्वार्टर शराब समेत एक गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा बालकिशुन ने सिपाही संदीप लोधी के साथ पुष्पराज सिंह उर्फ लल्लू पुत्र राजाराम सिंह निवासी पहरा थाना भरतकूप के कब्जे से 21 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

धूम्रपान सेवन न करने की पुलिस ने ली शपथ

बांदा। बुधवार को नो स्मोकिंग डे पर पुलिस कर्मियों को तम्बाकू का सेवन न करने तथा अन्य लोगों को भी तम्बाकू का सेवन न करने के लिए जागरुक करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पुलिस पुलिस कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा लक्ष्मी निवास मिश्र द्वारा पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाते हुए सभी से अपने कार्यालय परिसर, गांव व शहर को धूम्रपान व तम्बाकू से मुक्त कराने हेतु सक्रिय प्रयास करने की अपील की गई। नो स्मोकिंग डे पर पुलिस लाइन पुलिस लाइन में क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार सिंह द्वारा एवं थानों पर थाना प्रभारियों द्वारा पुलिस कर्मियों को तम्बाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई।

बाइक सवार युवक को ट्रक ने रौंदा

बांदा। फुफेरे भाई की शादी में शामिल होने के बाद बाइक से वापस लौटते समय तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बाइक में पीछे बैठा मौसा घायल हो गया। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तिंदवारी थाना क्षेत्र के माचा गांव निवासी अमित (25) पुत्र सरजू प्रसाद अपने मौसा राजेश (45) निवासी नाई जोरई के साथ फुफेरे भाई मोहित की शादी में शामिल होने सिराथू गए थे। मंगलवार की रात दोनो लोग बाइक में बैठकर वापस घर आ रहे थे। तभी बिसंडा के कोर्रही चौराहा के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे अमित बाइक से छिटक कर ट्रक के नीचे आ कर कुचल गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। राजेश घायल हो गया। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक चार भाईयो में छोटा था। वह वापी गुजरात में रहता था। वह आविवाहित था। हादसे के बाद ट्रक समेत चालक मौके से फरार हो गया।

नगर पंचायत के सफाई कर्मी की मौत

महोबा (स्पष्ट आवाज)। कबरई नगर पंचायत में काम कर रहे संविदा कर्मी की कचरा पलटते वक्त गहरी खदान में ट्रैक्टर ट्राली के साथ गिर जाने के कारण मौत हो गई। जनपद में अंबेडकर नगर कबरई निवासी बाबूलाल पुत्र बराती लाल कबरई नगर पंचायत में संविदा पर ट्रैक्टर चलाने का काम कर रहा था। बुधवार के दिन वह मृतक जब कचरा फेंकने सिद्ध बाबा पहाड़ के पास बनी गहरी खदान में पलटने गया तो इस वक्त कचरा पलटते समय ट्रैक्टर ट्राली के असंतुलित हो जाने के कारण वहां पर बनी सैकड़ों फिट गहरी खदान में गिर गया। जिसे आनन फानन में चिकित्सालय लाया गया जहां मौजूद डॉक्टर द्वारा परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद विच्छेदन हेतु भेज दिया गया। कबरई नगर पंचायत द्वारा कूड़ा निस्तारण केन्द्र भी बनाया गया था जो सिर्फ नाम के लिए बताया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अध्यक्ष पूरनलाल कुशवाहा के द्वारा बताया गया कि सुबह टाइम जब सफाई कर्मचारी कूड़ा फेंकने गया तो कूड़ा पलटते समय ट्रैक्टर ट्राली असंतुलित हो जाने के कारण गहरी खाई में गिर गई जिससे चालक की मौत हो गई।

नवागत पुलिस उपाधीक्षक सतेन्द्र प्रसाद तिवारी ने संभाला पदभार

कौशाम्बी।जनपद कौशाम्बी में अस्थायी रूप से नये सर्किल सर्किल कौशाम्बी के आदेशोपरान्त एवं नवागत पुलिस उपाधीक्षक सतेन्द्र प्रसाद तिवारी के जनपद में आगमन के फलस्वरूप पुलिस उपाधीक्षकों के कार्य आवंटन में आशिक संशोधन करते हुए उनके मध्य कार्यक्षेत्र का विभाजन निम्नवत किया गया है।

खाटू श्याम मंदिर की निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

■जगह-जगह हुई फूलों की वर्षा, भंडारा एवं हुआ प्रसाद वितरण

बांदा। महेश्वरी देवी मंदिर गुलर नाका अलीगंज श्री हनुमान मंदिर अवंती बाई कालु कुआं चौकी से होते हुए तिंदवारी रोड़ स्थित मां पीतांबरा माई मंदिर में भक्तों ने की पूजा अर्चना भंडारे का आयोजन हुआ। तिंदवारी रोड़ स्थित खाटू श्याम मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस पर बुधवार को श्रद्धालुओं ने हाथों में खाटू श्याम का रंग बिरंगे झंडा लेकर भव्य शोभा यात्रा निकाली। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु डीजे पर बज रहे हारे के सहारा खाटू श्याम हमारा, खाटू नरेश की जयकारे व श्याम बाबा के भजनों पर झूमते हुए व रंग-गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे। इससे पूरा शहर/गांव श्याम की भक्ति के रंग में डूब गया। शोभायात्रा महेश्वरी मंदिर प्रांगण गूलर नाका अलीगंज चौकी, हनुमान मंदिर कालूकुआं से चुन्ना का पुरवा होते हुए भ्रमण कर मंदिर परिसर पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा पाठ प्रारंभ किया गया। शोभा यात्रा बैंड बाजे के साथ झांकी भी निकाली गई। आयोजन समिति के पप्पू शिवहरे ने बताया कि खाटू श्याम मंदिर का प्रथम स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। दूर दूर से भक्तों ने मंदिर में स्थापित भगवान शिव, साई बाबा मां पीतांबरा माई और खाटूश्यामजी दर्शन किए। भक्तों को खाटूश्यामजी मंडलीय द्वारा भंडारा और प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें बाबा खाटू श्याम सेवा मंडल के संरक्षक राम बहोरी पप्पू, राकेश गुप्ता, मोंटू गुप्ता वीरेंद्र गुप्ता, रवि शिवहरे, सुनील सक्सेना, बड़कू भइया, राजू त्रिपाठी, संगीता, विमल, शैली, सुमन यादव, प्रियंका, रुबी गुप्ता, बिनीता त्रिपाठी आदि भक्ति गण उपस्थित रहे।

डीएम के निरीक्षण में गायब मिले अधिकारी कर्मचारी

कौशाम्बी। जिलाधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा आज प्रातः 10 बजे विकास भवन स्थित कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।जिलाधिकारी द्वारा जिला विकास अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान लेखाकार श्री अशोक कुमार सिंह, प्रधान सहायक श्री बीरेन्द्र कुमार एवं पत्रवाहक कृष्ण दत्त मिश्र अनुपस्थित पाये गये। उन्होने कार्यालय के बाहरी भाग में गन्दगी एवं कूडादान अत्यन्त ही पुराना व गन्दा पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। कार्यालय जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी के निरीक्षण के दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह अनुपस्थित पाये गये तथा कार्यालय में कार्यरत सहायक संख्याधिकारी पुत्ती लाल पटेल, सहायक संख्याधिकारी निशान्त कुमार, सहायक संख्याधिकारी ज्ञानेन्द्र चौधरी एवं द्वितीय कनिष्ठ सहायक जितेन्द्र कुमार भी अनुपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी के निरीक्षण दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार उपस्थित पाये गये, परन्तु कार्यालय में कार्यरत लेखाकार जीतेन्द्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ सहायक घनश्याम सिंह यादव, वरिष्ठ सहायक अंशुमान सिंह, वरिष्ठ सहायक कौशलेश सिंह, स0क0सु0 अरूण कुमार त्रिपाठी, स0क0सु0 नीरज मिश्र, वरिष्ठ सहायक समरीन फात्मा, वरिष्ठ सहायक शरद यादव अनुपस्थित पाये गये। उनके द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी के निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी उपस्थित नहीं पाये गये, निरीक्षण के 5 मिनट के बाद कार्यालय में उपस्थित हुये एवं अपर जिला पंचायतराज अधिकारी तथा ग्राम पंचायत अधिकारी रितेश सिंह के विलम्ब से कार्यालय में उपस्थित होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कार्यालय में विलम्ब से आने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को कार्यालय में समय से उपस्थित होने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी उपस्थित पाये गये।

प्रधानाध्यापकों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

कौशाम्बी। सम्राट उदयन सभागार कलेक्ट्रेट में ÷निपुण विद्यालय सम्मान समारोह, हमारा आंगन हमारे बच्चे, राष्ट्रीय अविष्कार अमियान व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की बालिकाओं को प्रोत्साहन शिक्षण सामग्री वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर के साथ दीप प्रज्जवलित कर किया गया है। इस अवसर पर के0जी0बी0वी0 मंझनपुर की बालिकाओं एवं शिक्षिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा द्वारा प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा निपुण विद्यालय सम्मान के अन्तर्गत 67 परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रमाण पत्र, अंगवस्त्र पहनाकर एवं डायरी व पेन देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के अन्तर्गत 16 कक्षा-1 के बच्चों को प्रमाण पत्र, स्कूल बैग, 8 नोडल शिक्षकों एवं नोडल संकुल शिक्षकों को प्रमाण पत्र, देकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष, कल्पना सोनकर द्वारा राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए प्रथम पुरस्कार विजेता गौरव उ0प्रा0वि0 सैयद सरावाँ, द्वितीय हिमानी चौरसिया, उ0प्रा0वि0 पुनवार एवं तृतीय पुरस्कार हेतु साक्षी दिवाकर उ0प्रा0वि0 रसूलपुर ब्यूर को नकद पुरस्कार की धनराशि क्रमशः दस हजार, सात हजार पाँच सौ व पाँच हजार प्रदान की गयी है। इसी कड़ी में 7 छात्रों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में ढाई-ढाई हजार रूपये प्रदान किया गया है। कुल आये हुये 80 बच्चों को बैग व स्टेशनरी के साथ 150 रू0 यात्रा भत्ता के रूप में प्रदान किया गया है। इसी अवसर पर डायट प्रचार्या व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा के0जी0बी0वी0 की बालिकाओं को प्रोत्साहन सामग्री के रूप में ऑक्सफोर्ड डिक्सनरी, लूसंट जनरल नॉलेज, कम्प्यूटर बुक, मानचित्र व रिजनिंग बुक देकर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में संचालन कर रहे एस0आर0जी0 ओम प्रकाश सिंह एवं डॉ0 दिलीप कुमार तिवारी, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी सहित जिला समन्वयक प्रशिक्षण धर्मनाथ एवं बालिका शिक्षा योगेश तिवारी एवं निर्माण वीरेन्द्र कुमार सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति रहे।

शांति पूर्ण तरीके से त्यौहारों को मनाने एवं पुलिस का सहयोग करने की अपील

कौशाम्बी। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना संदीपनघाट पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पैरामिलिट्री फोर्स (स्स्क्र) के साथ एरिया डोमिनेशन किया गया व ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गयी तथा निर्भीक एवं स्वतंत्र मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया तथा थाना क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया । इसी तरह उपजिलाधिकारी सिराथू व क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा थाना मो0पुर पईसा पर रमजान, होली पर्व व लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत धर्मगुरु संभ्रांत व्यक्तियों, डिजिटल वालंटियर व पीस कमेटी के सदस्यों के साथ मीटिंग कर सौहार्द एवं शांति पूर्ण तरीके से त्यौहारों को मनाने एवं पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई।इसी तरह क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा थाना कोखराज पुलिस बल व पैरामिलिट्री फोर्स के साथ थाना क्षेत्रांतर्गत एरिया डोमिनेशन किया गया व ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गयी तथा निर्भीक एवं स्वतंत्र मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया।

बिना नंबर प्लेट वाहन व रांग साइड चलने वाले वाहनों पर करें सख्त कार्रवाई :डीएम

उरई(जालौन)। आज जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संभागीय परिवहन अधिकारी व ट्रैफिक पुलिस को निर्देशित किया कि जिन वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट नही लगी है। ऐसे वाहनों पर सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु ब्लैक स्पॉट, स्पीड ब्रेकर व सकेतांक रिफ्लेक्टर लगाने के साथ ही रॉन्ग साइड चल रहे वाहनों पर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने वाले, नशे की हालत में वाहन चलने वाले व यातायात नियमों का पालन न करने वाले व्यक्तियों पर सख्त प्रभावी कार्यवाही अमल में लाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने वाहन चलाते समय यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएआई को राष्ट्रीय राजमार्गों व संबंधित मार्गो पर स्वैत/पीली पट्टी व ब्रेकरों को पेंट करने व आवश्यक स्थलों पर रेडियम पट्टिका लगाने के निर्देश दिए। हाईवे पर पढ़ने वाले ढाबों/ होटलपर एप्रोच मार्ग/ पार्किंग नहीं बने हुए हैं, वाहन सड़क पर खड़े किए जाते हैं ऐसे स्थान पर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने ऐसे ढाबों/ होटलों व वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि नियत स्थान के अलावा सड़क पर वाहन खड़े न हो नियमित अधिकारी भ्रमणशील रहे, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि अगर चालक की लापरवाही से दुर्घटनाये हुई तो लाइसेंस निरस्त कर आदि कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्कूली वाहनों, एम्बुलेंस व सरकारी विभागों में कार्यरत वाहनों व अन्य वाहनों की फिटनेस की जांच की समीक्षा एवं उनके चालकों के स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच तथा ड्राइविंग लाइसेंस का परीक्षण नियमित रूप से करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर ट्रालियों का उपयोग केवल कृषि कार्य के लिए ही किया जाए इनका उपयोग सवारियों को लाने ले जाने में न किया जाए अगर ऐसा करते पाए जाने पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मौनी मंदिर के पास स्थित सेतु पर चलने वाले वाहनों से लगने वाले जाम को समाप्त करने के लिए मौनी मंदिर के आस पास स्थित अवैध अतिक्रमण को तत्काल प्रभाव से हटाए जाने के निर्देश दिए, साथ ही स्टेशन रोड पर दुकानों के संचालकों द्वारा फुटपाथों पर अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया है जिसको तत्काल हटाये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मार्गो पर चलने वाले ओवरलोडिंग वाहनों पर प्रभावी रूप से कार्यवाही करना सुनिश्चित करे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं में 19त्न तथा मृत्यु में 33त्न कमी आई है।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधिशाषी अभियंता निर्माण खंड प्रथम सुनील कुमार, अधिशाषी अभियंता द्वितीय केसरी प्रकाश, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग अमित सक्सेना, एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार वर्मा, विनय पाण्डेय सहित आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

एपीएस निदेशक को करें गिरफ्तार : अभाविप

चित्रकूट। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक रोहित पाण्डेय की अगुवाई में अभाविप ने अशोक पब्लिक स्कूल के निदेशक पर घर में घुसकर छेडखानी के दर्ज मामले में प्रदर्शन कर गिरफ्तारी की मांग की है। अभाविप ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि अभाविप हमेशा समाजहित-राष्ट्रहित व छात्रहित में प्राथमिकता से कार्य करता है।बुधवार को अभाविप के जिला संयोजक रोहित पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे ज्ञापन में कहा कि अशोक पब्लिक स्कूल के निदेशक पर घर में घुसकर छेडखानी व जान से मारने की धमकी का मामला एक महिला शिक्षिका ने कोतवाली कर्वी में दर्ज कराया है। इस मामले में सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न हो रहा है। ऐसे ज्वलंत मुद्दे पर आरोपी की गिरफ्तारी जरूरी है। अभाविप के जिला सहसंयोजक तेजप्रकाश चतुर्वेदी ने कहा कि अशोक पब्लिक स्कूल में पढने वाली छात्राओं के बयान दर्ज कराये जायें। शोषण के अन्य मामले सामने आने पर दोषी के खिलाफ कडी कार्यवाही की जाये। कहा कि इस शैक्षिक संस्थान में पहले भी विवादित गतिविधियां सामने आई हैं। इस संस्थान की जांच कराकर संस्थान को बन्द कराया जाये। संस्थान के शिक्षकों के वेतन भुगतान में गडबडी के मामले उजागर किये गये हैं। श्रम विभाग से भी शिक्षकों के वेतन भुगतान की जांच कराई जाये। ज्ञापन देने में जिला संयोजक के साथ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सत्यम पाण्डेय, आयुष गुप्ता, हिमांशु पाण्डेय, कर्वी तहसील संयोजक नितेश त्रिपाठी शामिल रहे।

....पै तमाशा न हुआ

चित्रकूट। थी खबर गर्म कि गालिब के उडेंगे पुर्जे, तमाशा देखने हम भी गये, पै तमाशा न हुआ- कुछ इसी तरह से एक और फोटो सोशल मीडिया में इन दिनों वायरल हो रही है। एक स्कूल के जिम्मेदार ने साइबर सेल में दावा किया है कि अश्लील फोटो उसकी नहीं है, जबकि ये फोटो उसी की है। फोटो में नाबालिग बालिका उससे लिपटी हुई है। दोनों हंस रहे हैं। इस मामले की साइबर सेल गम्भीरता से जांच कर उचित कानूनी कार्यवाही करे, ताकि सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न होने से बच सके।

महिला थाना पुलिस ने दम्पति में कराई सुलह

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के जारी प्रयास में महिला थाना पुलिस टीम ने आपसी पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर दम्पति में सुलह कराई। बुधवार को कोतवाली कर्वी के बघौडा गांव की श्रीमती सरला पत्नी रामकल्याण ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में पति पर गाली-गलौज करने का पत्र सौंपा।

एसपी ने महिला थानाध्यक्ष श्रीमती सविता सरोज को निस्तारण के निर्देश दिये। टीम ने विस्तार से शिकायत सुन-समझकर दूसरे पक्ष को महिला थाने बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों के पालन की बात कही। आपसी सुलह होने पर थानाध्यक्ष ने दम्पति को तालमेल से रहने की सलाह दी। टीम में महिला थानाध्यक्ष श्रीमती सविता सरोज, दरोगा संतोष कुमार तिवारी, महिला सिपाही स्नेहा राजपूत शामिल रहे।

विभिन्न धाराओं के दो वांछितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

महोबा (स्पष्ट आवाज)। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में व निरीक्षक गोपालचन्द्र कन्नौजिया थाना प्रभारी कोतवाली नगर के नेतृत्व में गठित हुई पुलिस टीम ने थाना कोतवाली नगर में पंजीकृत धारा 376 भादवि व 4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त अरविन्द अनुरागी पुत्र मिजाजी अनुरागी उम्र 19 वर्ष निवासी मुहल्ला कठकुँलवा थाना कोतवाली नगर को राठ चुंगी के पास से गिरफ्तार किया गया तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्य

रचिन और अमेलिया ने जीता न्यूजीलैंड क्रिकेट का सर्वोच्च पुरस्कार

वेलिंग्टन। पिछले वर्ष एकदिवसीय विश्वकप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले न्यूजीलैंड पुरुष टीम क्रिकेट टीम के बाएं हाथ के बल्लेबाज रचिन रवींद्र और महिला टीम ऑल राउंडर अमेलिया केर ने बुधवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट का सर्वाच्च पुरस्कार जीता।

रचिन रवींद्र ने विश्वकप में 64 की औसत से 578 रन बनाये। वह चैपिंयनशिप के चौथे प्रमुख रन-स्कोरर थे। इस दौरान उन्होंने तीन शतक और दो अर्धशतक बनाए थे। इसमें अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में नाबाद 123 रन भी शामिल थे। रचिन ने बाद में टेस्ट क्रिकेट में भी कई बेहतरीन पारियां खेली।

महिला ऑलराउंडर केर न 67 की औसत से 541 रन के साथ टीम की प्रमुख वनडे रन-स्कोरर थी, उन्होंने अपने तीसरे और चौथे शतक भी बनाए। उन्होंने 42 के औसत और 118 के स्ट्राइक रेट से 252 रन के साथ टीम की संयुक्त रूप से अग्रणी टी20 विकेट लेने वाली और दूसरी सबसे ज्यादा टी20 रन स्कोरर भी थीं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में अपना 32वां टेस्ट शतक लगाने वाले केन विलियमसन को टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। डेरिल मिचेल ने पुरुष वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता जबकि मिचेल सेंटनर ने टी-20 प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता। रचिन रवींद्र, रिचर्ड हैडली पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए, जबकि अमेलिया केर ने लगातार दूसरे साल डेबी हॉकले पदक जीता। इसके अलावा, केर ने एकदिवसीय और टी-20 प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार भी जीता। क्रिस ब्राउन को जीजे गार्डनर होम्स न्यूजीलैंड अंपायर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया।

एनएचएआई की 15 तक पेटीएम के फास्टटैग का विकल्प खरीदने की सलाह

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण(एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्गों के टोल प्लाजा पर पेटीएम का फास्टैग इस्तेमाल करने वाले वाहन चालकों को निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए 15 तक किसी अन्य बैंक से जारी फास्टैग खरीदने की सलाह दी है। एनएचएआई ने कहा है कि टोल प्लाजा पर भुगतान की असुविधा से बचने के लिए पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं को 15 मार्च से पहले अन्य बैंक के फास्टैग का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करते समय दंड या किसी दोहरे शुल्क से बचने में मदद मिलेगी। पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर प्रतिबंधों के संबंध में रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों में कहा गया है कि पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ता 15 मार्च के बाद शेष राशि को रिचार्ज या टॉप-अप नहीं कर पाएंगे। एनएचएआई ने कहा कि पेटीएम फास्टैग से संबंधित किसी भी सहायता के लिए उपयोगकर्ता संबंधित बैंकों तक पहुंच सकते हैं या आईएचमसीएल वेबसाइट पर दिए गए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न देख सकते हैं। एनएचएआई ने पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं से देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आग्रह किया है।

बेरोजगारी, महंगाई का सामना कर रहा है देश : राहुल

धुले। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि देश में बेरोजगारी, महंगाई और 'भागीदारी' ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिनका देशवासी सामना कर रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर इन महत्वपूर्ण मुद्दों से देश की जनता का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान महाराष्ट्र के धुले जिले के दोंडाइचा गांव में लोगों से बातचीत करते हुए गांधी ने कहा कि देश में जाति आधारित जनगणना कराना एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम साबित होगा। राहुल गांधी के साथ ही उनकी पार्टी का कहना है कि यदि वे सत्ता में आते हैं तो देश में जाति आधारित जनगणना कराएंगे। उन्होंने कहा कि जाति

आधारित जनगणना के बाद आर्थिक और वित्तीय सर्वेक्षण अगला कदम होगा जिससे दलितों, सामान्य वर्ग के गरीब लोगों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों को यह पता चल सकेगा कि वे कहां खड़े हैं। राहुल गांधी ने यह दावा किया कि मीडिया, निर्वाचन आयोग, प्रशासन, निजी अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे क्षेत्रों में सामान्य वर्ग के गरीबों, दलितों, आदिवासियों या अल्पसंख्यकों का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अमीरों के 16 लाख करोड़ रुपये माफ कर दिये हैं तो वह किसानों का बकाया माफ क्यों नहीं कर सकती? पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि देश में 22 लोग ऐसे हैं जिनके पास 70 करोड़ लोगों के बराबर संपत्ति है। उन्होंने कहा कि पचास फीसदी आबादी के पास देश की तीन फीसदी संपत्ति है, जबकि देश में 22 लोग ऐसे हैं जिनके पास 50 फीसदी से ज्यादा संपत्ति है। चूंकि आप सवाल नहीं पूछते हैं, इसलिए केंद्र सरकार आसानी से आपका ध्यान भटका देती है।

केन्द्रीय पुलिस कल्याण भंडार से वस्तुओं की खरीद पर जीएसटी में 50 प्रतिशत छूट

नई दिल्ली। गृह मंत्रालय ने केन्द्रीय पुलिस कल्याण भंडार से वस्तुओं की खरीद पर लगने वाले वस्तु एवं सेवा कर जी एस टी पर 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता देने का फैसला किया है। यह निर्णय एक अप्रैल 2024 से प्रभावी होगा। इस निर्णय से केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, केन्द्रीय पुलिस संगठनों और राज्य पुलिस बलों के सेवारत एवं सेवानिवृत कर्मियों तथा उनके परिवारों को लाभ मिलेगा। गृह मंत्रालय देश की आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने में पुलिस बलों के कर्मियों की कड़ी मेहनत को स्वीकार कर और उसका सम्मान कर पुलिसकर्मियों और उनके परिजन के कल्याण को बहुत महत्व देता है। केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कर्मी अक्सर सुदूर इलाकों एवं दुर्गम क्षेत्रों में तैनात रहते हैं, जहां वे अपनी जान और निजी असुविधाओं की परवाह किए बिना ड्यूटी करते हैं। केन्द्रीय पुलिस कल्याण भंडार की स्थापना वर्ष 2006 में हुई थी। अभी 119 मास्टर भंडार और 1700 से अधिक सहायक भंडारों के साथ इसकी मौजूदगी पूरे भारत में है।

एनसीसी में तीन लाख कैडेटों को शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विस्तार के लिए तीन लाख कैडेट रिक्तियों को भरने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।इससे देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी की बढ़ती मांग को पूरा करने की उम्मीद है।इस प्रस्ताव की मंजूरी के बाद एनसीसी में अब कैडेटों की स्वीकृत संख्या 20 लाख हो जायेगी, जो इसे दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन बना देगी। वर्ष 1948 में केवल 20,000 कैडेटों के साथ एनसीसी का गठन हुआ था।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार एनसीसी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में पेश किए जाने के साथ, एनसीसी का यह विस्तार देश के भावी मार्गदर्शक के रूप में अहम भूमिका निभाने की युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में बड़ा कदम होगा।इस विस्तार से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रिक्तियों का आनुपातिक वितरण होगा और एनसीसी के इच्छुक शैक्षणिक संस्थानों की प्रतीक्षा सूची में कमी आएगी। इस विस्तार योजना में चार नए समूह मुख्यालयों और दो नई एनसीसी इकाइयों की स्थापना शामिल है।इस विस्तार योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसमें पूर्व सैनिकों को एनसीसी प्रशिक्षकों के रूप में रोजगार देने का प्रस्ताव शामिल है, जिससे उनके कौशल और लंबे अनुभव का लाभ उठाया जा सके।

इस पहल से एनसीसी कैडेटों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित हो सकेगा और उनके लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। यह विस्तार अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना से ओतप्रोत मार्गदर्शक तैयार करने के प्रति समर्पण का प्रतीक है। एनसीसी का लक्ष्य एक ऐसा वातावरण तैयार करना है, जहां युवा राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान दें। यह पहल 'अमृतपीढ़ी' के प्रेरित, अनुशासित और देशभक्त युवाओं के आधार का विस्तार करेगी जो 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने में योगदान देंगे।

दो आबकारी अधिकारियों से मांगा गया स्पष्टीकरण

लखनऊ। प्रदेश के आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने जनपद झांसी के प्रेम नगर थानान्तर्गत नकली शराब व नकली शराब बनाने के उपकरण पकड़े जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए आबकरी निरीक्षक शिशुपाल सिंह को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए तथा जिला आबकारी अधिकारी प्रमोद गोयल व उप आबकारी आयुक्त सुभाष चंद्र सोनकर से पुरी घटना पर स्पष्टीकरण मंगा है।

श्री नितिन अग्रवाल ने कहा आबकारी विभाग में मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। विभाग में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही, भ्रष्टाचार किसी भी दशा में क्षम्य नहीं होगा।

आने वाले दिनों में होली का त्योहार है सभी जिलों के आबकारी अधिकारी व आबकारी निरीक्षक सतर्कता के साथ अपने जनपद में सघन प्रवर्तन अभियान चलाएं, किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कारवाई की जायेगी।

देशहित में नहीं है सीएए : केजरीवाल

नई दिल्ली।आम आदमी पार्टी (आप)के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू करने का विरोध करते हुए बुधवार को कहा कि यह क़ानून देश हित में नहीं है। श्री केजरीवाल ने आज यहां संवाददाताओं से कहा कि मंगलवार को केंद्र की भाजपा सरकार ने देश में सीएए लागू करने की अधिसूचना जारी की। देश पर 10 वर्ष राज करने के बाद लोकसभा चुनाव से ठीक पहले इन लोगों को सीएए की बात करनी पड़ रही है। अगर 10 वर्ष में कुछ अच्छा काम कर लेते तो आज सीएए की जगह अपने कामों पर देश की जनता से वोट मांग रहे होते।

आज देश में सबसे बड़ी समस्या महंगाई और बेरोजगारी की है। देश में इतनी ज्यादा महंगाई हो गई है कि हर किसी को अपना घर चलाना मुश्किल हो गया है। पूरे देश में कमरतोड़ महंगाई हो गई है। उधर हमारे देश के युवा रोजगार के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। उनके ऊपर डंडे और लाठियां बरसाई जा रही हैं। ऐसे में केंद्र सरकार महंगाई और बेरोजगारी का समाधान ढूंढने के बजाय सीएए की

बात कर रही है तो यह बड़े ही दुख की बात है। केंद्र की भाजपा सरकार का कहना है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश के अल्पसंख्यक अगर भारत की नागरिकता लेना चाहें तो उनको भारत की नागरिकता दे दी जाएगी। इसका मतलब है कि इन तीनों देशों से बड़ी संख्या में अल्पसंख्यकों को भारत में लाया जाएगा। उनको भारत में बसाया जाएगा, उनको रोजगार और घर दिए जाएंगे। यह कितनी अजीब बात है कि केंद्र की भाजपा सरकार को हमारे बच्चों को रोजगार नहीं दिए जा रहे हैं और वह पाकिस्तान से अल्पसंख्यकों को लाकर उनके बच्चों को रोजगार देना चाहती हैं। हमारे लोगों के पास तो घर नहीं हैं, भारत के ढेरों लोग बेघर हैं, लेकिन भाजपा के लोग पाकिस्तान से ढेरों लोगों को भारत में बसाकर उनको घर देना चाहते हैं। श्री केजरीवाल ने कहा कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश में करीब ढाई से तीन करोड़ अल्पसंख्यक हैं। यह तीनों बहुत ही गरीब देश हैं। जैसे ही भारत के दरवाजे खुलेंगे, इन तीन देशों भारी भीड़ हमारे देश में आ जाएगी। अगर इन ढाई-तीन करोड़ में से डेढ़ करोड़ लोग भी भारत आ गए तो इनको रोजगार कौन देगा और भाजपा वाले इनकों कहां बसाएंगे।

क्या भाजपा वाले इनको अपने घर में रखेंगे। कुछ लोगों का कहना है कि भाजपा का यह पूरा का पूरा खेल वोट बैंक बनाने की गंदी राजनीति है। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा की हरियाणा सरकार हरियाणा के युवाओं को रोजगार देने में असमर्थ है। हरियाणा सरकार रोजगार के लिए अपने युवाओं इजराइल भेज रही है। हम सब जानते हैं कि इजराइल में युद्ध चल रहा है, एक तरह से हमारे बच्चों को युद्ध में ढकेला जा रहा है। अपने बच्चों के लिए तो रोजगार है नहीं और भाजपा वाले पाकिस्तानियों को भारत लाकर उनके बच्चों को रोजगार देना चाहते हैं।

एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया हलफनामा

नई दिल्ली। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने आदेश के मुताबिक, चुनावी बॉन्ड्स से जुड़ी जानकारियां निर्वाचन आयोग को सौंप दी हैं। बैंक की चेयरमैन ने कहा कि उनकी तरफ से आयोग को इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वालों के नाम के साथ-साथ कितने के बॉन्ड खरीदे गए। बैंक की तरफ से बताया गया कि उसने चुनाव आयोग को इन चुनावी बॉन्ड के भुगतान की तारीखों की जानकारी दी है। साथ ही उन राजनीतिक दलों का नाम भी बताया गया है, जिनको इसके जरिए चंदा दिया गया।

इसके साथ ही किस दानकर्ता ने कितना चंदा दिया, उसकी वैल्यू के बारे में भी जानकारी मुहैया कराई गई है। स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि एक अप्रैल 2019 से लेकर इस साल 15 फरवरी तक राजनीतिक दलों को दान के लिए 22,217 चुनावी बॉन्ड खरीदे गए। इनमें से 22,030 को राजनीतिक दलों की तरफ से भुगतान के लिए दिया गया। एसबीआई चेयरमैन ने कहा- हमने ईसीआई को पेन ड्राइव में दो फाइलें दी हैं।

यूपी में आस्था-आजीविका का संगम : योगी

बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बरेली कॉलेज मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए फिर एक बार मोदी सरकार का नारा दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश नई पहचान बना चुका है। यूपी ने देश की रफ्तार को बढ़ाने में अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि देश में कहीं भी जाएं, आज लोग आपका सम्मान करते हैं।

आशाभरी निगाहों से देखते हैं। यूपी आज युवाओं की आजीविका का केंद्र और भारत की आस्था का केंद्र भी बना है। आस्था और आजीविका का अद्भुत संगम है। नए भारत के नया उत्तर प्रदेश है, जिसमें सुरक्षा के साथ समृद्धि भी है। बेटी और व्यापारी की सुरक्षा की व्यवस्था भी है। सीएम योगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि सुरक्षा का यह वातावरण क्या समाजवादी पार्टी और

कांग्रेस के लोग दे पाते, क्या आजीविका का प्रबंधन कर पाते? क्या आपकी आस्था का सम्मान कर पाते। ये लोग आस्था का सम्मान के नाम पर क्या करते थे। राम का नाम लेने पर ही लाठी और गोली चल जाती थी। आज आस्था का भरपूर सम्मान हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 500 वर्षों की अयोध्या की समस्या का समाधान हो चुका है। अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत को कोई आंखें नहीं दिखा सकता। अगर कोई आंख दिखाएगा तो भारत इतनी सामर्थ्य रखता है कि उसकी आंखें निकालकर उसके हाथ पर रखकर वापस कर सकता है। ये नया भारत है, छेड़ता नहीं है, लेकिन अगर कोई छेड़ता है तो उसे छोड़ता भी नहीं है। नये भारत में आज इंफ्रास्ट्रक्चर के बड़े-बड़े कार्य हो रहे हैं। हाइवे, रेलवे, एयरपोर्ट, वाटर-वे आईआईटी, एम्स, हर जिले में मेडिकल कॉलेज, आईटी पार्क और इसके साथ ही नए तरीके से कार्य कर रहे हैं। सीमाएं सुरक्षित हुई हैं।

नक्सलवाद और आतंकवाद लगभग समाप्त हो चुका है। देश के अंदर कल्याणकारी योजना का लाभ हर वर्ग को बिना भेदभाव मिल रहा है।

यूपी ने सभी क्षेत्रों में विकास का आधार तैयार किया : सीएस

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की मौजूदगी में उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास से संबंधित प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में तकनीकी और विश्लेषणात्मक सहायता के लिए उत्तर प्रदेश और IDinsight के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने सभी क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति के लिए आधार तैयार किया है। हमें राज्य के विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर की सर्वोत्तम उपायों को अपनाने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को प्राप्त करके भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस समझौते ज्ञापन से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। उन्होंने समझौता ज्ञापन में प्रदेश के आर्थिक विकास एजेंडे में तेजी लाने और वेडिस फ उंडेशन के योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया। प्रमुख सचिव नियोजनआलोक कुमार ने कहा कि 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था तक पहुंचने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रणनीतिक कार्यान्वयन के साथ.साथ विकास के लिए व्यापक विश्लेषणात्मक रोडमैप द्वारा निर्देशित साक्ष्य.आधारित दृष्टिकोण पर आधारित दीर्घकालिक क्षेत्र.विशिष्ट रणनीतियों के निर्माण की आवश्यकता है। उन्हें विश्वास है कि यह साझेदारी इस एजेंडे को आगे बढ़ाने में मदद करेगी। वेडिस फ उंडेशन के ट्रस्टी विक्रांत भार्गव ने कहा कि प्क्पदेपहीज का समर्थन करके 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने के यूपी सरकार के मिशन में शामिल होकर हमें खुशी हो रही है।

सीएस की अध्यक्षता में राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मिर्जापुर में शासकीय भवनों पानी की टंकियों में 80 लाइटनिंग अरेस्टर लगवाये जाने हेतु 48 लाख रुपये के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में राहत आयुक्त नवीन कुमार जीएस सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

प्क्पदेपहीज के भारत में क्षेत्रीय निदेशक डा. करण नागपाल ने कहा कि हम व्यापक-आधारित आर्थिक विकास प्राप्त करने के लिए यूपी सरकार के रोडमैप का समर्थन करने के लिए उत्साहित हैं। यह नीति निर्माताओं को बेहतर बनाने के लिए डेटा और साक्ष्य के साथ समर्थन देने के हमारे मिशन पर आधारित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, आर्थिक सलाहकार डा. केवी राजू, अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार और प्रमुख सचिव नियोजन व 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी श्री आलोक कुमारए वेडिस फाउंडेशन का प्रतिनिधित्व इसके ट्रस्टी श्री विक्रांत भार्गव भारत में क्षेत्रीय निदेशक डा. करण नागपाल ने किया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम महिला सशक्तिकरण

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस - 2024 की 100 दिनों की उलटी गिनती बुधवार को यहां एक कार्यक्रम के आयोजन के साथ शुरू हो गयी। यह कार्यक्रम इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की विषय वस्तु 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग' को केन्द्र में रखकर मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रत्येक वर्ष 21 जून को मनाया जाता है।

इस वर्ष 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने इस अवसर पर कहा कि योग महोत्सव 2024 का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य पर जोर देते हुए वैश्विक स्वास्थ्य और शांति को बढ़ावा देने के साथ-साथ योग को एक व्यापक आंदोलन बनाना है। योग महिलाओं को सशक्त बनाने, उनके शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए एक व्यापक साधन है। सशक्त महिलाएं नेताओं, शिक्षकों और बदलाव की भूमिका निभाकर समाज में समावेशिता, विविधता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देती हैं। मुंबई योग संस्थान की निदेशक हंसाजी जयदेव ने कहा कि 'मन की संतुलित अवस्था ही योग है'। श्रीमती जयदेव ने इस बात पर भी बल दिया कि योग अनिवार्य रूप से जागरूकता का विज्ञान है, जो व्यक्तियों को अपने शरीर, मस्तिष्क और पर्यावरण के बारे में गहरी जागरूकता पैदा करने में सक्षम बनाता है।

निर्माण के लिए आयुर्वेद महाविद्यालय को मिले दो करोड़

लखनऊ। प्रदेश सरकार द्वारा श्री लाल बहादुर शास्त्री स्मारक राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, हण्डिया प्रयागराज के परिसर में छात्र- छात्रावास (150 बेडेड) तथा छात्रा-छात्रावास (60 बेडेड) के निर्माण कार्य हेतु प्रथम किश्त के रूप में 02 करोड़ 01 लाख 22 हजार 234 रूपये धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। इस संबंध में आयुष विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में यह निर्देश दिये गये हैं कि यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रायोजना का तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य कराया जायेगा। कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी निदेशक, आयुर्वेद सेवायें, संबंधित प्रधानाचार्य तथा कार्यदायी संस्था की होगी। वित्तीय स्वीकृत जिस कार्य/मद हेतु की जा रही है, उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्य/मद हेतु किया जायेगा।